# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 5 अप्रैल 2025


बढ़ेगी सेना की ताकत

## डीआरडीओ और सेना ने मध्यम दूरी की मिसाइल का किया सफल परीक्षण



नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया है। मिसाइल के इस थल सेना के संस्करण के चार उड़ान परीक्षण किए गए हैं। चारों परीक्षण बेहद सटीक रहे और अपने लक्ष्य शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

चेन्नई – दिल्ली, दोपहर 3.30 बजे से

पंजाब – राजस्थान, शाम 7.30 बजे से

### अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई



नई दिल्ली। केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सुरक्षा की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया।

40 मिनट बातचीत : शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी

# बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की दो टूक बोले-माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले।

इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई। पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। गौर हो कि प्रधानमंत्री मोदी बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड दौरे पर हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी शेष पेज 4 पर

मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है।

प्रधानमंत्री ने अपील की कि सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है

प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की

इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे



### यूनुस ने दावा किया था: भारत ने हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोधों पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया

इसी साल यूनुस ने दावा किया था कि भारत ने हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोधों पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। पिछले साल भारत ने इस बात की पुष्टि की थी कि उसे बांग्लादेश से हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध मिला है। शेख हसीना पर सुरक्षा बलों और पुलिस का इस्तेमाल करके सैकड़ों कार्यकर्ताओं का अपहरण, उत्पीड़न और हत्या करने का आरोप है। हालांकि, वह इन आरोपों को खारिज करती हैं। उनका कहना है कि उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न के लिए निशाना बनाया जा रहा है। पढ़ें पेज 10 भी

### कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई

एमईए ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर कहा कि दोनों नेताओं ने अल्पसंख्यकों (जिनमें हिंदू भी शामिल हैं) पर हो रहे हमलों पर बात की। पीएम मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। भारत को वहां हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के बढ़ते प्रभाव पर चिंता है। पिछले हफ्ते स्थिति और जटिल हो गई। शेष पेज 4 पर

### यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था

बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। बीते हफ्ते ही चीन के दौरे पर मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आई है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस ने चीन दौरे पर चीन की सरकार से बांग्लादेश में निवेश बढ़ाने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य चारों तरफ जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंच नहीं है। ऐसे में ये चीन के लिए अवसर हो सकता है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश ही ऐसी ताकत है, जिसके पास समुद्री पहुंच है। हालांकि, मोहम्मद यूनुस का यह बयान भारत को नाराज कर गया और इसे लेकर आधिकारिक चैनल से भारत ने नाराजगी भी जाहिर की है।

मऊगंज में कुछ दिन पहले पुलिस पर हुआ था हमला

## घर में फंदे से लटका मिला पिता और दो बच्चों का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज

जिले के गडरा गांव के एक घर में तीन शव मिले हैं। गडरा गांव में एक घर के अंदर पिता और दो बच्चों की लाशें मिली हैं। घर के आस-पास रहने वालों को बदबू आ रही थी, उन्होंने पुलिस बुलवाकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर कई दिनों पुरानी तीन लाशें मिलीं। इस घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ये लाशें अवसेरी साकेत (60) सहित शेष पेज 4 पर

- मऊगंज के गडरा गांव का मामला जांच जारी

### यहीं गांववालों ने किया था पुलिस पर हमला

यह वही गांव है जहां बीते कुछ दिन पूर्व एक शख्स की हत्या के बाद ग्रामीणों का आक्रोश इस कदर फूटा था कि उन्होंने पुलिस बल के ऊपर हमला कर दिया। हमले में एक एएसआई की मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा।

सरकार से छिपाई थी जानकारी

## जांच में मिले शिक्षिका के तीन बच्चे, नौकरी से हुई बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



जिले के समीप स्थित ग्राम धमौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका रंजीता साहू को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। यह कार्रवाई उनके तीन बच्चे होने के कारण की गई है। उनकी बर्खास्तगी के आदेश सागर संभाग के लोक शिक्षण संयुक्त संचालक ने जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 22 दिसंबर 2022 को शिक्षिका रंजीता साहू के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, सागर को भेजा था। 25 जुलाई 2023 को रंजीता साहू को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। 14 अगस्त 2023 को शेष पेज 4 पर




# विशाल शिला से बने मंदिर में विराजीं माता ज्वालामुखी, 51 शक्तिपीठों में गिनती



## बांधवगढ़ नेशनल पार्क के घंने जंगलों में है ढाई हजार साल पुराना मंदिर | मंदिर की नक्काशी खुद देती है अति प्राचीन होने का प्रमाण

### नवरात्रि की अष्टमी पर रात को दर्शन करने आता है शेर

अलग खबर

शिवनारायण सोनी ▶▶ भोपाल

सबके दुख हरती है शेरा वाली मां। भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती है। ज्वालादेवी के दर्शन करने वाला हर भक्त जिंदगी भर बस यही कहता है। हम बात कर रहे हैं, प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ नेशनल पार्क क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक और प्रसिद्ध मां ज्वालादेवी मंदिर की, जहां मां ज्वालामुखी एक ही शिला से बने मंदिर में बीचों-बीच विराजमान हैं। उमरिया मुख्यालय से 38 किलोमीटर दूर मानपुर के पास सिगुड़ी मोड़ और सरमनिया मोड़ के बीच घने जंगल में विराजीं मां ज्वाला देवी के दर्शन करने और मुरादे लेकर दूर-दूर से लोग आते हैं, अर्जी लगाते हैं। माता ज्वालामुखी अपने भक्तों की मुरादें पूरी करती हैं। इतना ही नहीं, यहां नवरात्रि की प्रत्येक अष्टमी पर जंगल का राजा और मां का वाहन कहा जाने वाला शेर माता के दर्शन को आता है। उनकी परिक्रमा कर जंगल में वापस चला जाता है। वहीं क्षेत्र के श्रद्धालुओं का कहना है कि आज तक इस शेर ने न तो किसी पर हमला किया और न ही किसी को कोई नुकसान पहुंचाया।



### मान्यताः सम्राट विक्रमादित्य ने बनाया था मंदिर

उमरिया जिले के मानपुर तहसील क्षेत्र में ज्वालामुखी देवी का यह मंदिर ढाई हजार साल से भी अधिक प्राचीन है और इसे 51 शक्तिपीठों में से एक की मान्यता दी गई है। मान्यता है कि इस मंदिर में देवी सती की जीभ गिरी थी। इसी वजह से उस जगह का ज्वालामुखी नाम पड़ा है। इसके साथ ही यह भी मान्यता है कि यह मंदिर उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने बनवाया था। मंदिर में स्थापित मां ज्वालामुखी की अति प्राचीन प्रतिमा में भव्यता का स्वरूप है। मंदिर की दीवारों में की गई चित्रकारी व कलाकृतियां शहडोल के विराट मंदिर से मिलती जुलती हैं, जिससे इसके अति प्राचीन होने का भी प्रमाण मिलता है। इस मंदिर के दक्षिण तरफ बांधवगढ़ किला में शेष शैया में लेटे भगवान लक्ष्मण के चरणों से निकलने वाली पवित्र नदी चरणगंगा बहती है, जिसमें पूरे बारह मास निर्मल जल बहता रहता है, जो मंदिर को और भी मनमोहक बनाता है।

### मंदिर में कराए लगातार नए निर्माण

पहले इस स्थान पर सिर्फ ज्वालामुखी माता का मंदिर स्थापित था। इसके बाद धीरे-धीरे यहां काफी तादाद में श्रद्धालु आने लगे। साथ ही इस क्षेत्र को और भी विकसित करने के प्रयास तेज हो गए। मंदिर प्रांगण में लगभग 25 फीट ऊंची श्री हनुमान जी की विशाल प्रतिमा, तकरीबन 20 फीट ऊंचा शिव ज्योतिर्लिंग युक्त शिव गौरी मंदिर, गणेश मंदिर के साथ कई मंदिर स्थित हैं। जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। खास तौर पर नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### मनोकामना के लिए श्रद्धालु बांधते हैं चुनरी में नारियल

यह माता रानी का मंदिर क्षेत्र में लोकप्रिय है। जो भक्त श्रद्धा भाव से माता रानी के चरणों में अपनी मनोकामना, अपनी परेशान लेकर आता है और माता को सुनाता है, उसकी मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होती है। श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाने के लिए चुनरी में यहां नारियल बांधकर जाते हैं और जब मनोकामना पूर्ण हो जाती है तो यहां आकर उस नारियल-चुनरी को खोलते हैं और पूजा-पाठ, भंडारा आदि करवाते हैं।

### कलाकृतियों से परिपूर्ण है माता का मंदिर

यह मंदिर अपनी कलाकृतियों से परिपूर्ण है। मंदिर के चार दिशाओं में चार स्तंभ हैं, वहीं इन स्तंभों के बीच में चार स्तंभ और हैं जो आठ स्तंभों के रूप में दिखाई देते हैं। बीच के सभी स्तंभों में खिड़कियां हैं। कहा जाता है कि इन खिड़कियों में दिशाओं के स्वामी की मूर्तियां विराजित थीं, पर अब ये खिड़कियां खाली हैं। मां ज्वालामुखी मंदिर तीन भागों में बांटा हुआ है। पहला भाग जमीन से 8 फीट ऊपर है। उसके मध्य भाग में मां की मूर्ति है, ऊपरी भाग में शीश और खाली जगह है। ऊपर का जो शिखर है, उस शिखर में वट वृक्ष का पेड़ है, जिसके कारण शिखर क्षतिग्रस्त हो चुका है, यह वृक्ष मंदिर की शोभा और बढ़ाता है।

### मंदिर की चौखट पर विराजीं हैं 9 शक्तियां

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में जो ज्वाला देवी का मंदिर है वहां माता ज्योति रूप में विराजी हैं। यहां मां सती की जीभ गिरी थी, इसलिए इस स्थान का नाम ज्वाला देवी पड़ा। यहां चौखट पर नौ शक्ति के रूप में विराजीं हुई हैं। हिमाचल में नौ ज्योति आपस में समाहित होकर एक ज्योति के रूप में हैं।



यहां अलग-अलग सभी शक्तियां दिखाई देती हैं। नवरात्रि की प्रत्येक अष्ठमीं को जंगल का राजा शेर माता के दर्शन को आता है। माता ज्वालामुखी के समक्ष शीश झुकाकर, उनकी परिक्रमा करके जंगल में वापस चला जाता है। पहले यहां तीज त्यौहारों पर ही लोग आते थे। अब यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर परिसर में आसपास के क्षेत्र के लोग अपने बच्चों का मुंडन, कन्छेदन कराने के लिए आते हैं। साथ ही अपने बच्चों के शादी-ब्याह का पहला आमंत्रण पत्र माता रानी को देने की परंरपरा भी है। माता रानी सभी की मनोकाना पूर्ण करतीं है।

**राजाराम तिवारी, पुजारी**
मां ज्वालादेवी मंदिर, मानपुर, बांधवगढ़

---

## खबर संक्षेप

### खुशबू पैगवार को पीएचडी की उपाधि

**भोपाल।** राजधानी के भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय के शोध केन्द्र से खुशबू पैगवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। खुशबू पैगवार ने भारत वर्ष में आयुष उत्पादों की विपणन व्यूह रचना का मूल्यांकन पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के विशेष संदर्भ में विषय पर वाणिज्य संकाय में शोध प्रबंध प्रस्तुत किए हैं। खुशबू पैगवार ने यह शोधकार्य प्राचार्य डॉ. संजय जैन प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

### इस्कॉन मंदिर में विशाल युवा कार्यक्रम आज

**भोपाल।** पटेल नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में विशाल युवा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के वरिष्ठ संन्यासी गुरु भक्ति विकास स्वामी महाराज युवाओं को संबोधन करेंगे। उल्लेखनीय है कि महाराज का 2 अप्रैल को भोपाल आगमन हुआ था। इस्कॉन भोपाल से जुड़े सैकड़ों भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन के साथ उनका उनका स्वागत किया था।

### आनंद की ओर प्रशिक्षण का आयोजन 7 से

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान ने 7 से 9 अप्रैल 2025 तक आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आनंद की ओर सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद, शासकीय विभागों के अधिकारी और अशासकीय सदस्य भी शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान आशीष कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल 50 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिन्होंने संस्थान की वेबसाइट पर पंजीयन कराया है।

---

## अष्टमी व रामनवमी पर जगह-जगह आयोजित किए जाएंगे भंडारे

# आज महागौरी की पूजा व महाआरती राजधानी में दो दिन तक होंगे भंडारे

चैत्र नवरात्रि पर राजधानी के देवी मंदिरों में देर रात तक रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन शुक्रवार को देवी के कालरात्रि स्वरूप की आराधना करके साधकों और श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को भयमुक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। राजधानी के देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ जुट रही।

पौराणिक मान्यता के अनुसार मां के इस सातवें स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-आराधना करने से जातकों को भय से मुक्ति का वरदान मिलता है। तलैया स्थित काली देवी मंदिर, पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर, टीटी नगर के माता मंदिर और गुदावल स्थित कंकाली माता मंदिर आदि में सुबह मंदिर के पट खुलते ही भक्तगण माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं, टीटी नगर के जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में शनिवार को शाम 7 बजे से दुर्गाष्टमी पर पूजन, हवन एवं आरती का आयोजन किया गया है।

### कन्या भोजन के बाद दुर्गा महाष्टमी व्रत का समापन होगा




नवरात्रि महोत्सव के अंतिम दौर में शनिवार को मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप यानी महागौरी की पूजा की जाएगी। पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष दुर्गा महाष्टमी शनिवार को दुर्गा मंदिरों में महागौरी की पूजा, एवं घरों में श्री माता रानी जी की पूजा-पाठ, हवन आरती, प्रसाद वितरण के साथ कन्या भोजन के बाद दुर्गा महाष्टमी व्रत का समापन होगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा बेहद खास मानी जाती है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को यानी आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का पूजन किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अष्टमी तिथि पर सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मां महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी की पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में अष्टमी तिथि का खास महत्व है। तो वहीं कुछ मंदिरों में रामनवमी के दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसके अलावा सप्तमी पर यानी शुक्रवार को भी घर-घर कन्या भोज आयोजन किए गए।



### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ ने किया कन्याओं का पूजन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश ने नवरात्रि के अवसर पर जय हिंद एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं श्रीराम एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से कोटरा स्थित मां आदिशक्ति खेड़ापति देवी मंदिर में कन्याओं का पूजन किया। इस मौके पर कन्याओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, चित्रांश दीप श्रीवास्तव व मंदिर के ट्रस्टी रिक्की यादव आदि लोग मौजूद थे।

---

## भोजपुरी समाजः चैती छठ पर्व का समापन

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे के छठ व्रत का किया पारण



**भोपाल।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ समाप्त हुआ। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के अंतिम दिन सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने अन्न जल ग्रहण कर पारण किया।

शीतलदास की बगिया, खटलापुरा सहित अन्य जलाशयों में व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। 36 घंटे का व्रत करने वाली व्रती महिलाएं विभिन्न जलाशयों में अर्घ्य देने के लिए पहुंची। जहां पर सुबह से ही छठ की पारंपरिक गीत गूंज रहे थे। कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...उग हो सूरज देव भइल अरग के बेर... जैस गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शहर के विभिन्न घाटों पर छठ व्रतियों के साथ-साथ उनके परिवार के लोग भी काफी संख्या में पहुंचे। आसमान पर जैसे ही सुबह व्रती नदी के पवित्र जल में अर्घ्य देने के लिए उतरीं। अर्घ्य देने के बाद लोगों ने पूजा अर्चना की ।



## बलाई समाज ने निकाला गणगौर चल समारोह, किए विसर्जन

**भोपाल।** शहरभर में गणगौर विसर्जन के लिए चल समारोह निकाले जा रहे हैं। इसी कड़ी में मप्र बलाई समाज महासंघ द्वारा शुक्रवार को गणगौर चल समारोह निकाला गया। इसमें महिलाएं सिर पर गणगौर रखकर मंगल गीत गा रहीं थीं। नृत्य करते चल रही थीं।

चल समारोह 12 नंबर बस स्टाप स्थित गणगौर मंदिर से शुरू होकर एक किमी दूर शाहपुरा स्थित शैतानपाल सिंह चौराहा तक करीब 3 घंटे में पहुंचा। इसके पहले मंदिर में मां गणगौर की पूजा अर्चना की गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चल समारोह में वॉलियंटर सड़क से कचरा उठाते हुए चल रहे थे। इस दौरान कई जगह पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

---

## जो आत्मा को झकझोर दे, वह वास्तविक ज्ञानः डॉ. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

▶ एमसीयू में व्याख्यान एवं प्रतिभा 2025 का शुभारंभ, वेबसाइट को भी किया रीलांच

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में शुक्रवार को माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी का विशेष व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। इस अवसर पर विवि की सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के वार्षिक आयोजन प्रतिभा 2025 का शुभांरभ भी किया गया। वहीं विवि की वेबसाइट को रीलांच किया।

### आत्मबोध और सामाजिक चेतना की प्रयोगशाला है एमसीयूः तिवारी

गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने स्वागत भाषण में कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्रियां देने का केंद्र नहीं है, यह आत्मबोध और सामाजिक चेतना की प्रयोगशाला है। कुलगुरु ने छात्रों को आत्ममंथन करते हुए कहा कि वे यह सोचें हम यहां क्यों आए हैं?

## बीयू की यूजी की परीक्षाएं शुरू, कुलगुरू ने किया तीन कॉलेजों का औचक निरीक्षण

▶ 1 लाख 81 हजार विद्यार्थी हो रहे हैं शामिल

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की बीए, बीबीए, बीसीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षाओं में इस बार करीब 1 लाख 81 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन 97 परीक्षा केंद्रो पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। बीयू के कुलगुरु प्रो. एस के जैन द्वारा द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों, परीक्षा एवं गोपनीय शाखा के अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय से संबद्ध तीन कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। गांधी पीआर कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज, नवीन आर्टस एंड कामर्स कॉलेज में निरीक्षण के दौरान कुलगुरु प्रो. जैन ने कक्षाओं में जाकर संचालित हो रही परीक्षा का निरीक्षण करने के साथ ही वहां ड्यूटी कर रहे शिक्षकों से भी बात कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



### 197 परीक्षा केंद्रों पर हो रही है परीक्षा

इन परीक्षाओं के लिए बीयू प्रशासन ने 197 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे रखा गया है। वहीं बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं शनिवार से शुरू होंगी। बीयू ने परीक्षाओं में नकल की रोकथाम के लिए चार उड़दस्ते तैयार किए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी तैयारी वृहद रूप से की जा रही थी।

---

### 'स्कूल चलें हम' अभियान

## सीडब्ल्यूएसएन बच्चों की शिक्षा के लिए मैदानी अमले को चिन्हित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नया शैक्षणिक-सत्र एक अप्रैल 2025 से शुरू हो गया है। विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल चलें हम अभियान में इन बच्चों को चिन्हित करने के निर्देश मैदानी अमले को दिए गए हैं। सर्वेक्षण के बाद इन बच्चों की शिक्षा एवं उनसे जुड़े संसाधनों को पूरा करने के लिए कार्य-योजना तैयार की जाएगी।

प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (सीडब्ल्यूएसएन) की समावेशित शिक्षा का क्रियान्वयन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। चिन्हांकित बच्चों की प्रविष्टि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रबंध पोर्टल पर की जा रही है। प्रविष्टि के बाद इन बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष अभियान के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में एक लाख 43 हजार 439, वर्ष 2023-24 में एक लाख 31 हजार 85 सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का चिन्हांकन किया गया।

### स्वदेशी जागरण मंच ने लिखा भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री को पत्र, कहा-कर रहे गुमराह

## स्वदेशी मेला को लेकर आमने-सामने आए अखिल भारतीय स्वदेशी संघ और स्वदेशी जागरण मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के दशहरा मैदान में 7 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के सात दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेला विवादों में घिरता नजर आ रहा है। मेला आयोजन और नाम को लेकर अखिल भारतीय स्वदेशी संघ और स्वदेशी जागरण मंच आमने सामने आ गए हैं। मामले में स्वदेशी जागरण मंच ने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। स्वदेशी जागरण मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते की ओर से भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वर्णिम भारत फाउंडेशन कंपनी के अंतर्गत स्वदेशी मेलों का देशभर में आयोजन किया जाता है। इसका कॉपीराइट भी है।

इसकी सफलता देख कुछ लोग इस नाम से मिलते




जुलते नाम से संस्था बनाकर समाज एवं अपने कार्यकर्ताओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही राजेश पोरवाल नामक व्यक्ति द्वारा अखिल भारतीय स्वदेशी मंच के नाम से केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारों के मंत्रियों एवं अधिकारियों के पास जाकर संघ के अधिकारियों का नाम लेकर अपने लिए अच्छी राशि एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। संयोजक सुधीर दाते ने इस कार्य को निजी स्वार्थ बताते हुए अपने पत्र में यह भी कहा है कि राजेश पोरवाल का स्वदेशी जागरण मंच या अपने संविचारी संगठनों से कोई लेना-देना नहीं है। गौर हो स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुषांगिक संगठन है।

### स्वदेशी शब्द किसी एक नहीं है सभी का है, सभी आरोप निराधार

मामले को लेकर जब अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं तो सभी को एक ही विचारधारा का मानता हूं। हमारा परिवार लंबे समय से स्वदेशी के लिए कार्य कर रहा है। हमारा मेला स्वदेशी मेला के नाम से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेला के नाम से आयोजित किया जा रहा है। स्वदेशी शब्द किसी एक का नहीं है सभी का है, भारत सबका है, ऐसे में स्वदेशी शब्द को लेकर तो आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इसको राजनीतिक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। स्वदेशी को कोई आगे बढ़ा रहा है, तो उन्हें सपोर्ट करना चाहिए। अगर इस प्रकार से इसे राजनीतिक रूप से लिया जा रहा है तो इस बात का मुझे बड़ा दुःख है। स्वदेशी जागरण मंच को स्वदेशी आगे बढ़ाने का कार्य करने वालों को सपोर्ट करना चाहिए। इस प्रकार के सभी आरोप निराधार हैं और यह नहीं होना चाहिए। हम राजनीतिक लोग नहीं है, हम समाज सेवा भाव का कार्य कर रहे हैं।

भोपाल
शनिवार, 5 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 04
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 नीरज मई में वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में लेंगे हिस्सा




विचार पेज
06 देशप्रेम प्रेरक फिल्मों के सूरज का अस्त



अवतरण : 24 जुलाई 1937
प्रयाण : 04 अप्रैल 2025

अभिनेता मनोज कुमार का निधन, 87 साल की उम्र में मुंबई में ली अंतिम सांस, आज विले पार्ले में अंतिम संस्कार

# दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' के किरदार पर अपना नाम मनोज कुमार रखा, बाद में वे भारत कुमार के रूप में जाने गए

## पीएम मोदी ने जताया शोक, कहा-उनको, उनके देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा

**उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। वे एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दशकों पहले की बात है। बंटवारे के बाद दिल्ली आ बसे पंजाबी रिफ्यूजियों की एक बस्ती किंग्सवे कैंप के एक मोहल्ले में मात्र एक घर में टेलीविजन था। हफ्ते में एक बार कोई फिल्म आती या फिल्मी गानों का कार्यक्रम 'चित्रहार', तो बच्चों-बड़ों की भीड़ वहीं जुटती। लेकिन, जब कभी अभिनेता मनोज कुमार का कोई गाना या फिल्म दिखाई जाती तो बड़ी उम्र के दर्शकों में खासा उत्साह नजर आता। कोई न कोई बुजुर्ग तो बोल ही देता-'यह तो अपना हरिकृष्ण ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कैसा था मनोज कुमार का सफर?

मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 में पाकिस्तान में हुआ था। उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। मनोज कुमार एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे। देश के बंटवारे के वक्त उनका परिवार दिल्ली आ गया था। बचपन से वो सिनेमा के दीवाने थे. फिल्में देखना उन्हें अच्छा लगता था। उन्होंने दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' में उनके किरदार मनोज कुमार के नाम पर अपना नाम रख लिया था। 1965 उनके करियर के लिए बड़ा गेमचेंजर था।

### जब फिल्मी दुनिया को कहा अलविदा

मनोज कुमार ने 1995 में आई फिल्म 'मैदान-ए-जंग' में दिखने के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी। उन्होंने 1999 में अपने बेटे कुणाल गोस्वामी को फिल्म 'जय हिंद' में डायरेक्ट किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्मों से रिटायरमेंट के बाद मनोज कुमार ने राजनीति में एंट्री मारी थी। 2004 में वे भाजपा में शामिल हुए थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कुए की सफाई में मिले हैंड ग्रेनेड और कारतूस के खोखे



**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में कुए की सफाई के दौरान हैंड ग्रेनेड और कारतूस के बड़ी तादाद में खोखे मिले हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कुए से निकले सभी खाली खोखे और हैंड ग्रेनेड को जप्त कर लिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी कबाड़ी ने इन खोखों को कुए में फेंका होगा। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### पत्नी के गले पर कैंची घोंपी फिर तीसरी मंजिल से कूदा



**इंदौर।** जिले में एक शख्स ने अपनी पत्नी के गले सहित शरीर में कई जगहों पर कैंची घोप दी। इस घटना में पत्नी की मौत हो गई। वहीं, आरोपी पति छत पर पहुंचा और तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। छत से गिरने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की भी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक कलह की वजह से घटना हुई।

### पन्ना में मधुमक्खियों का हमला 7 लोग घायल



**पन्ना।** जिले के मनकी कटरिया गांव में किसान प्रेम सिंह यादव (60) अपने परिवार के साथ खेत जा रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में प्रेम और उनकी पत्नी गुड्डी यादव (53) समेत परिवार के 7 लोग घायल हो गए। परिवार के सदस्यों को बचने का मौका भी नहीं मिला। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

राज्य सभा में वक्फ संशोधन बिल पर कुछ ऐसी रही 'गहमागहमी'

**सुधांशु बोले-सदन में एक सदस्य मौजूद हैं, जिन्होंने कहा था कि 26/11 के हमले आरएसएस ने कराए थे**

# दिग्विजय सिंह ने किया ऐतराज तो सुधांशु बोले-आपने उड़ता तीर क्यों पकड़ लिया?

इस दौरान दिग्विजय सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में भी जमकर तकरार हुई

विपक्षी सांसदों ने सुधांशु त्रिवेदी के बयान को आपत्तिजनक बताया और सभापति से उनकी बातों को कार्यवाही से हटाने की मांग करने लगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीती रात वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में काफी गहमागहमी देखने को मिली। यहां भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी बिल पर चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कुछ ऐसा कह दिया, जिससे कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह भड़क गए। विपक्षी सांसदों ने सुधांशु त्रिवेदी के बयान को आपत्तिजनक बताया और सभापति से उनकी बातों को कार्यवाही से हटाने की मांग करने लगे। इस दौरान दिग्विजय सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में भी जमकर तकरार हुई। दरअसल, दिग्विजय जब सुधांशु की बात पर आपत्ति जता रहे थे, तब अमित शाह ने स्थिति को संभालने के लिए सदन को जवाब दे रहे थे। इसी दौरान दिग्विजय ने गुजरात दंगों का मामला उठाया, जिस शाह ने उनकी जमकर क्लास लगाई।

**सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- मैंने तो आपका नाम ही नहीं लिया था**

**दिग्विजय ने गुजरात दंगों का मामला उठाया, जिस शाह ने उनकी जमकर क्लास लगाई**



सुधांशु ने कहा

## जहां-जहां खुदा है, वहां-वहां भगवान है, बाकी आप सभी खुद बुद्धिमान हैं


दरअसल, वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बोलते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारी सरकार ने मुस्लिम समाज के अंदर सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का काम किया है। जब ताजमहल पर वक्फ ने दावा किया, तब सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि शाहजहां के समय का फरमान लाइए, जिसमें ताजमहल के वक्फ का जिक्र हो। उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि जहां-जहां खुदा है, वहां-वहां भगवान है। बाकी आप सभी खुद बुद्धिमान है। उन्होंने अपने भाषण में इशरत जहां, अतीक अहमद, मुख्तार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इनको मेरा हौवा ऐसा है कि हर जगह मैं ही दिखाई देता हूं

शाह की इस बात पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैंने ऐसा नहीं कहा है। मैं इस बात का खंडन करता हूं। इसके बाद कांग्रेस नेता ने गुजरात दंगों का जिक्र किया। दिग्विजय ने कहा गृह मंत्री बता दें कि गुजरात के दंगों के समय तो वे राज्य वहां के गृह मंत्री थे, बताइए कि उनमें किसकी क्या भूमिका थी। इस पर अमित शाह ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शाह बोले-दिग्विजय सिंह कह दें कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा था

सुधांशु त्रिवेदी और दिग्विजय सिंह की बात के बीच अमित शाह ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि सुधांशु ने इंडिया गठबंधन को लेकर



कहा है। जिन लोगों का नाम लिया गया, क्या वह विपक्षी दलों से नहीं जुड़े थे। अहमद किस पार्टी से जुड़ा था? तीसरा मुख्तार अंसारी किससे जुड़े थे? ये सभी विपक्षी गठबंधन से जुड़े थे। इस बीच दिग्विजय सिंह ने सुधांशु त्रिवेदी के 26/11 वाले बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुझे लेकर जो कहा गया है, उसकी निंदा करता हूं। इस पर अमित शाह ने सभापति से कहा कि माइक चालू करा दीजिए और दिग्विजय सिंह कह दें कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा था। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

सुबह 4 बजे राज्यसभा ने लगाई मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर मुहर



# शाह बोले: सरकार हिंसा खत्म करने का रास्ता निकाल रही है

खरगे ने की मणिपुर हिंसा की जांच और श्वेत पत्र पेश करने की मांग | मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विभिन्न दलों के सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। हालांकि, विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था और हिंसा रोकने में विफल रहने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वह राज्य में स्थिति सामान्य करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विपक्ष इस पर बस राजनीति कर रहा है। शाह ने लोकसभा के बाद राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई है। शाह ने बताया कि मणिपुर के दोनों समुदायों के बीच जल्द ही दिल्ली में बैठक होने जा रही है। इस मुद्दे का समाधान जल्द ही होगा।

### संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो

*शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अब तक 13 बैठकें हो चुकी हैं। विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करे। अब तक हिंसा होने के बाद मणिपुर में 260 लोग मारे गए हैं, मगर इसमें से 70 प्रतिशत लोग पहले 15 दिन में ही मारे गए थे। एक प्रकार से पहले 15 दिन में कंट्रोल आने में स्वाभाविक रूप से जब नस्लीय हिंसा होती है तो पहले 15 दिन में इसको कंट्रोल करना बहुत कठिन होता है और ये पहली बार मणिपुर में नस्ली हिंसा नहीं हुई है। मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। हमने तो केवल एक बार लगाया है। नॉर्थ ईस्ट में पिछले 10 सालों में सुरक्षा घटनाओं में 70% कमी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

कुए की सफाई के दौरान डूबे थे

# एक साथ जली 8 चिताएं बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

■ मीथेन गैस के संपर्क में आने से सभी का दम घुटा

गुरुवार शाम को कोंडावत गांव में गणगौर माता के विसर्जन से पहले कुए की सफाई के दौरान मीथेन गैस के संपर्क में आने से दम घुटने के कारण आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया है। शुक्रवार को सभी आठ शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया



गया, जिससे माहौल और अधिक गमगीन हो गया। इस दौरान एक मार्मिक दृश्य तब देखने को मिला जब एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। हादसे के ▶▶ शेष पेज 4 पर

महाराष्ट्र के नांदेड़ में बड़ा हादसा

# कुए में ट्रैक्टर-ट्रॉली गिरने से 7 की मौत, 3 महिला मजदूरों को बचाया

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

■ पीएम मोदी ने जताया शोक मदद का ऐलान

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कुए में गिर जाने से खेत में काम करने वाली सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। मृतकों में दो की उम्र 18 वर्ष है। जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) प्रवीण ताके ने बताया



कि यह दुर्घटना सुबह लगभग 7:30 बजे लिंबगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले असेगांव गांव में हुई, जब वाहन सड़क से उतरकर पानी से लबालब भरे कुए में गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्थानीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

जबलपुर में इलाज के नाम पर धर्मांतरण का खेल

हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने डॉक्टर को दबोचा

# नाबालिग रखने लगी थी रोजा डॉक्टर कर रहा था ब्रेन वॉश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शहर में फिर से धर्मांतरण का मामला सामने आया है। एक होम्योपैथिक का डॉक्टर इलाज के नाम पर एक नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन करने का दवाब बना रहा था। पुलिस ने खालिद खान नाम के आरोपी डॉक्टर को दबोच लिया है। खान उस नाबालिग लड़की को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए तरह-तरह का प्रलोभन दे रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि तिलवारा घाट थाना क्षेत्र क्रेशर बस्ती में डॉक्टर खान होम्योपैथिक क्लीनिक चलाता था। क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची उसके पास इलाज के लिए जाती थी। इलाज की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### फोन करके धर्म परिवर्तन का दबाव

पुलिस के अनुसार अगस्त 2024 में नाबालिग लड़की डॉक्टर के पास इलाज कराने गई थी। आरोपी ने दवा देने के बहाने किशोरी का मोबाइल नंबर लिया और फिर लड़की को फोन करके इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मानसिक रूप से दबाव बनाने लगा। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ नाबालिग को बहलाने और धर्म परिवर्तन संबंधी मामलों में केस दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


एआई का खतरनाक दुरुपयोग आया सामने

# चैट जीपीटी ने बनाया मस्क और ऑल्टमैन का फर्जी आधार व पैन कार्ड, वायरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ फर्जी आधार और पैन कार्ड से प्रारंभिक स्तर पर धोखाधड़ी संभव

अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) कंपनी ओपनएआई के चैट जीपीटी से असली जैसा दिखने वाला फर्जी आधार और पैन कार्ड बनने लगा है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्होंने चैटजीपीटी के नए इमेज जनरेटर की मदद से फर्जी आधार और पैनकार्ड आसानी से बन रहा। खास बात ये है कि




कुछ ऐसे लोगों का आधार और पैनकार्ड वायरल है जो भारत के नागरिक ही नहीं है तो कुछ लोग इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इन तस्वीरों ने एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आर्यभट्ट का भी आधार-पैन बना

हैदराबाद के यशवंत साई ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है जिसमें चैटजीपीटी को कमांड दी गई है कि आर्यभट्ट का आधार कार्ड बनाएं जिसमें निम्न पता लिखें। कमांड देने के चंद सेकंड बाद ही आर्यभट्ट का आधार कार्ड बन गया। इसके बाद पैन कार्ड बनाने को कहा गया और असली पैनकार्ड जैसा दिखने वाला पैनकार्ड भी बन गया।

शनिवार से फिर तपेंगे दिन, रात भी होंगी गर्म

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम सबसे ज्यादा तपेंगे, अगले 5 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी

# बादल-पानी के बाद फिर बढ़ी गर्मी दिन के साथ रात का पारा भी चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल के दो दिन बादल-बारिश के बाद शुक्रवार से प्रदेश में गर्मी बढ़ने लगी है। प्रदेश में अगले 5 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में पारा 2 से 5 डिग्री तक बढ़ेगा, जबकि जबलपुर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, सागर संभाग में भी गर्मी बढ़ेगी।

इस महीने के पहले सप्ताह में गर्मी तो पड़ेगी, लेकिन लू से राहत रहने के आसार हैं। इससे पहले गुरुवार तक भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में ओले, बारिश और ▶▶ शेष पेज 4 पर



दोपहर 2 बजे बड़ा तालाब

**अप्रैल में 7 से 10 दिन चलेगी लू** प्रदेश में अप्रैल महीने में मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। पहले और दूसरे सप्ताह में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, दूसरे सप्ताह से लू भी चलेगी। सबसे गर्म आखिरी सप्ताह रहेगा। दिन का तापमान 45 डिग्री पार हो सकता है। ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, इंदौर, उज्जैन और भोपाल में लू भी चल सकती है।

### अप्रैल-मई में सबसे ज्यादा गर्मी

गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। इस बार मार्च के दूसरे पखवाड़े में पारा 41 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मार्च महीने के आखिरी में ही तापमान बढ़ने लगता है, लेकिन इस बार भी ऐसा मौसम नहीं रहा। आखिरी 3 दिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पारे में गिरावट हुई। अप्रैल के पहले पखवाड़े में मौसम का असर मिला-जुला रहेगा।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यालयों में लहराएगा पार्टी का ध्वज, बांटी जाएगी मिठाई

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इसको लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी कार्यालयों तथा कार्यकर्ताओं के निवास पर पार्टी ध्वज फहराया जाएगा।

कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी और जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने शुक्रवार को बताया कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर यात्रा विषयों पर संबोधन होगा।



बूथ एवं मंडल स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे

### पार्टी पदाधिकारी करेंगे बस्तियों का दौरा

सबनानी ने बताया कि 7 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत पूरे दिन गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन कर विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे।

### प्रदेश स्तर पर गठित हुई टोली

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया है। टोली के संयोजक प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी तथा सह संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, सीमा सिंह एवं प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को बनाया है।*

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से किया स्टेडियम बनाने का अनुरोध

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय श्रम, रोजगार, युवा और खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पन्ना जिले में खेलो इंडिया के तहत स्टेडियम निर्माण तथा खजुराहो नगर में भारतीय खेल प्राधिकरण के उप-केन्द्र की स्थापना का आग्रह किया।



### धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी

# पीताम्बरा माई सहित देवी मां की कृपा वाले स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित

## सीएम डॉ. यादव का दतिया में शराबबंदी लागू करने पर हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, प्रदेश के 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मां पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दतिया में शराबबंदी के लिए नागरिक अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आह्वान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को दतिया में मां पीताम्बरा माई के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दतिया में मां पीताम्बरा माई के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की



### पूर्व गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा, शराबबंदी निर्णय की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है

*पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दतिया सहित प्रदेश के अनेक धार्मिक शहरों में शराबबंदी का जो निर्णय लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिए मुख्यमंत्री की ओर से देश, विदेश में जाकर उद्योगपतियों से चर्चा कर प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के सार्थक प्रयास किए हैं। इसके कारण उद्योगपतियों ने प्रदेश में उद्योग-धंधे स्थापित कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है।*

### राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के तहत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है।



### किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के लिए 'केन-बेतवा' लिंक परियोजना और 'चंबल-काली सिंध-पार्वती' नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है। अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और उनके भविष्य निर्माण पर ध्यान देना ही परिवारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। हर गरीब को रहने के लिए पक्का मकान, हर जरूरतमंद के लिए भोजन की व्यवस्था जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### ईसागढ़ पहुंचकर डॉ. यादव ने लिया जायजा

## पीएम मोदी का आनंदपुर धाम प्रवास 11 को, मुख्यमंत्री ने देखी तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट, मंदिरों के दर्शन स्थल, पूजा स्थान तथा सत्संग स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम स्थित परमहंस अद्वैत मत, आनंद शांति कुंज, आनंद शांति भवन, आनंद सरोवर एवं आनंद शांति धाम पहुंचकर दर्शन किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आनंदपुर धाम स्थित मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने आनंद सरोवर के पवित्र जल में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आनंदपुर धाम की महिमा को गरिमामय बताते हुए कहा कि यहां पहुंचने पर सुखद अनुभूति होती है।

### बैसाखी पर लगेगा वार्षिक मेला

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैसाखी पर लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले अनुयायियों एवं दर्शनार्थियों के लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आनंदपुर सत्संग आश्रम परमहंस अद्वैत मत का भक्ति परमार्थ का प्रमुख केन्द्र तथा एक महान तीर्थ स्थल एवं अथाह ज्ञान व आत्मिक विद्या का अतुलनीय भंडार है। यहां पर आनंद सरोवर की तरल छटा निराली है तथा परिधि में पूजा स्थलों का अनोखा संगम है। इस पवित्र स्थल पर आकर मन को शांति तथा आत्म ज्ञान को बल मिलता है। इस मौके पर मंत्री राकेश शुक्ला, स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक सहित जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट के महात्मा, अनुयायी एवं पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।*

## ढाबों और होटलों से पकड़ी गईं सेक्स वर्कर नहीं बनेंगी केस में आरोपी गिरफ्तारी पर भी लगी रोक

### पुलिस मुख्यालय ने जिलों के एसपी, कमिश्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ढाबों और होटलों में संचालित होने वाले वेश्यालयों पर छापों के दौरान पकड़ी जाने वाली सेक्स वर्कर्स को अब पुलिस आरोपी नहीं बना सकेगी। पुलिस मुख्यालय ने इसको लेकर सभी जिलों के एसपी और भोपाल, इंदौर के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है।

खत में कहा गया है कि ऐसे मामलों में महिला को न तो गिरफ्तार किया जाए और न ही उसे परेशान किया जाए। इस आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव द्वारा जारी इस आदेश में कहा गया है कि कई जिलों में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर में होटल और ढाबा मालिकों द्वारा पैसा लेकर वेश्यालय संचालित किया जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस की दबिश के दौरान पकड़ी जाने वाली महिला को भी आरोपी बनाया जाता है। ऐसी महिलाओं को पीड़िता के तौर पर देखा जाना चाहिए।

## लोकायुक्त ने 4 डीएसपी बदले, 3 को किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त डीजी योगेश देशमुख ने एक ही स्थान पर लंबे समय से तैनात डीएसपी स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल किया गया। इसी क्रम में लोकायुक्त मुख्यालय और उसकी विभिन्न इकाइयों में तैनात 4 डीएसपी स्तर के अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। वहीं 3 को कार्यमुक्त किया गया है। जारी सूची के मुताबिक कार्यावाहक डीएसपी संजय शुक्ला डीएसपी लोकायुक्त इंदौर अनिरूद्ध बाधिया और डीएसपी राम दयाल मिश्रा लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को पीएचक्यू रिलीव कर दिया गया है।

डीएसपी संजय जैन लोकायुक्त कार्यालय भोपाल से लोकायुक्त कार्यालय सागर, दिलीप कुमार झरबड़े लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर से लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, कार्यवाहक डीएसपी ब्रजमोहन द्विवेदी को लोकायुक्त कार्यालय सागर से लोकायुक्त कार्यालय भोपाल संभाग और कार्यवाहक डीएसपी मंजू सिंह को लोकायुक्त कार्यालय सागर से लोकायुक्त कार्यालय भोपाल पदस्थापना की गई।

### एनटीसीए की सहमति के बाद तैयारियां शुरू

राजस्थान, ओड़िसा और छग ने एमपी से मांगे टाइगर

## देश भर में मध्यप्रदेश के टाइगर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट यू हीं नहीं कहा जा रहा, यह इसलिए क्योंकि प्रदेश के टाइगर की डिमांड पूरे देश में है। प्रदेश के अधिकांश राज्यों को एमपी के टाइगर ही चाहिए। फिलहाल तीन राज्य राजस्थान, ओड़िसा और छत्तीसगढ़ की डिमांड प्रदेश का वन विभाग पूरी करेगा। इसके लिए एनटीसीए नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरटी ने भी अपनी सहमति दे दी है।

एमपी का वन विभाग छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओड़िसा को बाघ और बाघिन देने जा रहा है। तीनों राज्यों को बाघ, बाघिन का एक - एक जोड़ा दिया जाएगा। प्रदेश से बाघ और बाघिन के भेजने की प्रकिया पशु चिकित्सकों की टीम और वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की देखरेख में की जाएगी।



### टेरेटरी फाइट होगी कम

*प्रदेश में जिन स्थानों पर बाघों की संख्या बढ़ रही है, वहां टेरेटरी फाइट का खतरा रहता है। कई जगह आपसी संघर्ष भी बाघों की मौत का कारण बना है। जानकारों का कहना है कि बाहरी राज्यों में प्रदेश के टाइगर भेजे जाने से बढ़ रही संख्या में भी संतुलन होगा। जिससे आपसी संघर्ष का जोखिम कम होगा।*

## पिछड़ा वर्ग पर यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट को लेकर पटवारी ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंस, महू द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में उल्लेख है कि प्रदेश की कुल आबादी में 48% हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़े वर्ग की सरकारी नौकरियों में उपस्थिति मात्र 16.8% है। यह स्थिति सामाजिक न्याय और समान अवसरों की दिशा में एक गंभीर असंतुलन को दर्शाती है। मीडिया के जरिए पब्लिक डोमेन में आए इस अध्ययन में 69 सरकारी विभागों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है, जिसके अनुसार क्लास वन के पदों पर पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों की उपस्थिति मात्र 9.5 प्रतिशत है, जबकि सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व 64.08 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, 15 विभाग ऐसे हैं, जहां पिछड़ा वर्ग की भागीदारी 20 प्रतिशत से भी कम है। यह असंतुलन न केवल संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि सामाजिक न्याय की मौलिक अवधारणा के साथ भी अन्याय करता है।



### ऊर्जा मंत्री तोमर ने की बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा

समय सीमा में कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# सभी बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाएगी। यह कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करें। ऊर्जा मंत्री तोमर ने यह निर्देश शुक्रवार को मंत्रालय में बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जाएगी।



### पीएम जन-मन, धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा करें

मंत्री तोमर ने कहा कि पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसमें 17 हजार 739 घरों में विद्युत कनेक्शन दिए जा चुके हैं। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें।

### पूरे वर्ष का टारगेट तय करें

तोमर ने कहा कि पूरे वर्ष का टारगेट तय करें और उसी अनुरूप कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि मैं त्रैमासिक समीक्षा करूंगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जाएगी। उन्होंने आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सब अधिकारी-कर्मचारी होने के साथ ही एक नागरिक भी हैं। हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसका निर्वहन निष्ठा के साथ होना चाहिए। गत वर्ष एक लाख पौधे लगाए गए थे, इनकी सुरक्षा की चिंता करें। साथ ही आगामी बरसात में पौध-रोपण की कार्ययोजना भी बना लें।

### जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया

*मंत्री तोमर ने कहा कि जनरेशन कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी का नया ओएस (संगठनात्मक संरचना) स्वीकृत हो चुका है। भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने बिजली कंपनियों की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि सभी कंपनियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें एक समान होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा होना चाहिए। एप के माध्यम से कर्मचारी ईपीएफ की जानकारी ले सकते हैं।*

## गाडरवारा नपा में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव पारित

**भोपाल।** मप्र में संभवतः पहली बार किसी नगरपालिका परिषद की बैठक में सर्व-सम्मति से एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित हुआ। अभी किसी भी नगरीय निकाय में इस तरह का निर्णय सर्व सम्मति से नहीं हुआ है। शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा नगरपालिका की बैठक में सर्व-सम्मति से एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की। बैठक में गाडरवारा शहर के विकास और निर्माण कार्यों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक, नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष एवं पार्षद उपस्थित थे।

■ नगर पालिका की बैठक की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की

## नामांतरण के 13 हजार प्रकरण अकेले टीकमगढ़ में लंबित: बुंदेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने नामांतरण के मुद्दे पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने टीकमगढ़ में अटके 13 हजार नामांतरण प्रकरणों पर सवाल उठाए और कहा कि जब अकेले टीकमगढ़ में यह स्थिति है तो पूरे प्रदेश का हाल समझा जा सकता है।

बुंदेला ने कहा कि वर्तमान में मध्य प्रदेश में परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी हुई हैं कि संपत्ति खरीदने पर लगभग 10.50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क सरकार को देने के बावजूद भी उस व्यक्ति को नगर निगम विभाग के द्वारा जिसमें नाली, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सरकारी सुविधाओं को लाभ उसे आसानी से नहीं मिल पाता, उस सुविधा से उसे वंचित रहना पड़ता है। जिसका एक सबसे बड़ा कारण है मध्य प्रदेश में 2022 के बाद संपत्तियों की नामांतरण उचित ढंग से नहीं हो पा रहे है।



### आमजन परेशान

*बुंदेला ने कहा कि अपनी पहुंच रखने वाला व्यक्ति संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, तहसीलदार से मेल मुलाकात कर सेवा शुल्क दे देता है तो भी लगभग 2 महीने चक्कर काटने के बाद संभवतः नामांतरण हो जाता है, लेकिन आम और गरीब आदमी के लिए नामांतरण कराना इतना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जब गरीब व्यक्ति नियम अनुसार नामांतरण करवाने के लिए जाता है, तो उसके पास संपति के समस्त दस्तावेज होते हैं और वह सारे दस्तावेज पहले से ही रिकार्ड में दर्ज भी होते हैं, तब भी पहले कागज जमा करवाए जाते हैं।*

**बिना सीवेज कनेक्शन और बगैर कचरा उठाए हो रही वसूली**

### निगम ने बजट में बढ़ाया प्रॉपर्टी, पानी और ठोस अपशिष्ट टैक्स

# एक हजार वर्गफीट के फ्लैट मालिक पर बढ़ेगा हर महीने पांच सौ रुपए का बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने वित्तीय साल से प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत, पानी के बिल और ठोस अपशिष्ट कर में 15 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है, जिससे शहर के करीब पांच लाख कर उपभोक्ताओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा। अनुमान के मुताबिक एक हजार वर्गफीट के फ्लैट के हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स, पानी और ठोस अपशिष्ट कर पर करीब पांच सौ रुपए अधिक देना पड़ेंगे। उदाहरण के तौर पर समझें कि एक हजार वर्गफीट के फ्लैट में अभी सालाना 3200 रुपए टैक्स लग रहा है तो अब यह 3500 रुपए से ज्यादा चुकाना होगा।

इसी तरह सीवेज कर के छह सौ रुपए की जगह 690 रुपए देना पड़ेंगे। इसी तरह ठोस कचरा अपशिष्ट का कर भी महीने का 32 रुपए वसूल किया जाता था, जिसे बढ़ाकर 45 रुपए महीना कर दिया है। ऐसे मे इस कर पर भी सालभर में 156 रुपए अधिक देना पड़ेंगे। बड़ा सवाल यह है कि लाखों प्रॉपर्टी ऐसी भी हैं, जिनका टैक्स नहीं दिया जा रहा, या फिर उनका टैक्स स्लैब कम है। दरअसल, लाखों प्रॉपर्टी ऐसी भी हैं, जिनके नगर निगम ने अब तक खाते तक नहीं खोले हैं, जिसकी वजह से नगर निगम को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बीस फीसदी क्षेत्रों में पंद्रह दिन भी नहीं आता पानी



*शहर में नगर निगम पानी सप्लाई करता है, लेकिन कम प्रेशर होने की वजह से शहर की सौ से अधिक कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां प्रेशर से पानी नहीं आता। ऐसे में इन लोगों को एक दो दिन छोड़कर ही पानी मिल पाता है। ऐसे में लोगों को अलग से पानी के टैंकर बुलवाना पड़ते हैं। ऐसे में इन लोगों को पानी का बिल देने के साथ बाहर के पानी के लिए मोटी राशि खर्च करना पड़ती है।*

### बसें हैं नहीं, स्मार्ट पास किसे देंगे?

महापौर मालती राय ने सिटी बसों के लिए महापौर स्मार्ट पास शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की स्थिति ठीक नहीं है। वर्तमान में 100 बसें भी सड़कों पर नहीं दौड़ रही हैं, जबकि नौ महीने पहले तक इनकी संख्या 368 तक पहुंच गई थी। ऐसे में महापौर स्मार्ट पास किसको दिए जाएंगे, यह विचारणीय पहलू है।

### सभी से वसूलें टैक्स

आरिफ नगर निवासी इरफान जाफरी का कहना है कि पहले से महंगाई की वजह से आम लोगों को गुजारा करना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में प्रॉपर्टी, पानी और कचरा कर में बढ़ोतरी करने से आम व्यक्ति पर इसका सीधा असर पड़ेगा। नगर निगम को चाहिए कि जो लोग टैक्स जमा नहीं करते हैं, उनसे सख्ती से कर वसूल किया जाए। आम आदमी पहले से ही महंगाई से जूझ रहा है।

### टैक्स बढ़ाने से जनता पर बढ़ेगा बोझ

भोपाल नगर निगम की ओर से जो बजट पेश किया है। इसमें प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत जल, सीवेज, ठोस अपशिष्ट में 15% की वृद्धि की गई है। इससे जनता आर्थिक बोढ बढ़ेगा। यह गलत है। नगर निगम को जनता के हित में बजट पेश करना था। टैक्स लगाए जाने से रहवासियों में निराशा है।

**दीप सिंह जाट**, रहवासी कटारा हिल्स



निरीक्षण करती पीसीबी की टीम।

### पीसीबी टीम का निरीक्षण, लगाना होगा ट्रीटमेंट प्लांट

## इधर, तालाब में जा रहा मैरिज गार्डन, सर्विस स्टेशन का गंदा पानी, एक दर्जन को नोटिस

**भोपाल।** राजधानी के बड़े तालाब किनारे मैरिज गार्डन और सर्विस स्टेशनों से गंदा पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है। ये खुले में अनट्रीट वॉटर छोड़ रहे हैं। खानूगांव में बने मैरिज गार्डन के भी यही हाल हैं। इनके पास बिल्डिंग परमिशन, जमीन के दस्तावेज के साथ पार्किंग व्यवस्था तक नहीं है। शुक्रवार को बड़े तालाब के किनारे स्थित मैरिज गार्डन और सर्विस स्टेशन का पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने निरीक्षण किया, जिसमें मे.एवरग्रीन मैरिज गार्डन, मे.ग्रैंड जलसा, मे.शगुन मैरिज गार्डन, मे.स्काईलैंड गार्डन, मे.सांघी ब्रदर्स हैवी व्हीकल सर्विस स्टेशन, मे. सांघी ब्रदर्स सर्विस स्टेशन लालघाटी (लाइट व्हीकल), मे. वरेण्यम मोटर्स सर्विस स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान दूषित जल उपचार संयंत्र नहीं लगाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंध न करने के संबंध में नोटिस जारी किए गए हैं।

### शहर में चल रहे 175 मैरिज गार्डन

*राजधानी में बैरागढ़, लालघाटी, खानूगांव, करोंद, अयोध्या बायपास, होशंगाबाद रोड, रायसेन रोड सहित अन्य जगहों पर करीब 175 मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं। इसमें से 45 मैरिज गार्डन ऐसे हैं, जिनके पास किसी प्रकार की अनुमति नहीं है। अक्टूबर 2019 में प्रशासन और नगर निगम की जांच में इसका खुलासा हो चुका है। इसके बाद कितने मैरिज गार्डन ने अनुमति ली, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगवाया। पार्किंग की व्यवस्था की है या नहीं, इसको लेकर कोई जांच नहीं हुई।*

### दो दिन पहले सात को दिए थे नोटिस

*मप्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा का कहना है कि दो दिन पहले टीम ने बैरागढ़ क्षेत्र के सात मैरिज गार्डनों की जांच की थी, जिसके बाद गंदा पानी खुले में बहाने पर इनके संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें जवाब के लिए दो हफ्ते का समय दिया गया है।*

**6 साल चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगी एनसीपी पार्षद**

## फर्जी निकला बैरसिया की पार्षद शबाना का जाति प्रमाण-पत्र

◆ कलेक्टर ने पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी स्कूल स्कॉलर नंबर और गैस क्लेम की कॉपी लगाकर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया के वार्ड 7 से चुनाव जीतकर आईं एनसीपी समर्थित पार्षद शबाना पुत्री इकबाल को पार्षद पद से हटा दिया है। कलेक्टर ने शबाना को आगामी 6 साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लगाई है। नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7 की पार्षद शबाना पुत्री इकबाल निवासी एन-2 बी सेक्टर गोविंदपुरा ने टीटी नगर क्षेत्र से जाति प्रमाण पत्र बनाया था। वर्ष-2022 में हुए नगर पालिका चुनाव में शबाना ने परवीन को हराकर पार्षद पद का चुनाव जीता था।



### दूसरे के नाम का निकला स्कॉलर नंबर

*एसडीएम टीटी नगर ने जब शबाना के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र की जांच की गई तो उसमें पता चला कि बागसेवनिया के जिस स्कूल का स्कॉलर नंबर दिया गया था, उस स्कॉलर नंबर पर दूसरे का नाम मिला। इसके साथ शबाना ने गैस क्लेम का अंतिम आदेश की कॉपी पेश की थी, जिसकी जांच में पता चला कि इस क्रमांक पर शबाना की जगह शुभम अवस्थी का नाम दर्ज है। जिसके आधार पर जाति प्रमाण पत्र को फर्जी माना गया है।*

### एसडीएम ने भी फर्जी घोषित किया था

विरोधी प्रत्याशी परवीन ने जाति प्रमाण पत्र की जांच को लेकर एसडीएम टीटी नगर के यहां आवेदन पेश किया। टीटी नगर के तत्कालीन एसडीएम ने जांच के बाद 16 जुलाई 2024 को जाति प्रमाण पत्र फर्जी घोषित कर दिया था, जिसके बाद कलेक्टर कोर्ट में पार्षद को पद से हटाने का केस दर्ज कराया गया। कलेक्टर ने जांच के बाद शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए शबाना को पद से हटाते हुए छह साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है।

### राज्य निर्वाचन को दी पद रिक्त की जानकारी

*कलेक्टर के आदेश करने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को बैरसिया नगर पालिका में वार्ड 7 का पद रिक्त होने का पत्र भेज दिया है। जिसके तहत इसके लिए आगामी दिनों में चुनाव कराया जाएगा, हालांकि निर्वतमान पार्षद इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील भी कर सकेंगी।*

### योजना क्रियान्वयन और आगामी रूपरेखा तैयार करें: एसीएस वर्णवाल

**भोपाल।** वन विभाग की ओर से जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा और बालाघाट वन वृत्त की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जबलपुर में किया गया। कार्यशाला में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा। एसीएस वन वर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के सभी वन वृत्त में क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में अपर मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव, पीसीसीएस कैम्पा एचयू खान, एमडी एमएफपीएएफईडी विभाष ठाकुर, पीसीसीएफ एडमिन विवेक जैन, सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू शुभरंजन सेन, पीसीसीएफ एचआरडी श्रीमती समिता राजौरा और वन वृत्त के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एम्स में आयोजित हुई एसीआरएसआई की 28वां इंस्ट्रक्शनल वर्कशॉप

## टॉयलेट जाएं तो मोबाइल साथ न ले जाएं, नहीं तो झेलनी पड़ सकती हैं गुदा संबंधी बीमारिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्या आप भी सुबह फ्रेश होने के लिए टॉयलेट में मोबाइल लेकर जाते हैं? अगर हां, तो सतर्क हो जाइए। ये आदत आपको संक्रामक बीमारियों के अलावा पाइल्स और एनल फिस्टूला जैसी से भी पीड़ित कर सकती है।



यह जानकारी एम्स में आयोजित एसोसिएशन ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया (एसीआरएसआई) के 28वां इंस्ट्रक्शनल वर्कशॉप में व्याख्यान देते हुए मुंबई के प्रसिद्ध सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. परवेज शेख दी। डॉ. परवेज ने बताया कि टॉयलेट में पांच मिनट से ज्यादा नहीं बैठना चाहिए।

उन्होंने कहा, मोबाइल पर रील्स देखते रहने की आदत के चलते पहले की तुलना में अब औसतन 20-30 मिनट लोग सीट पर बिता रहे हैं। कमोड सीट पर लंबे समय तक बैठने से मलाशय क्षेत्र में नसों पर दबाव बढ़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### प्रोक्टोलॉजी में लेजर पर भी व्याख्यान

डॉ. भारती पंडया और डॉ. आईके चुघ ने बताया कि एम्स में इंस्ट्रक्शनल कोर्स और फेलोशिप परीक्षा के तीन दिनी कार्यक्रम में देश-विदेश के सर्जन्स डॉ. कुशाल मित्तल, डॉ. राजीव शारदा, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ.सुरेंद्र कुमार, डॉ. प्रदीप शर्मा ने सर्जिकल स्टेपलर्स, स्टोमा एप्लायंसेज और प्रोक्टोलॉजी में लेजर पर व्याख्यान दिया।

### समाज हित में...

इस कोर्स और परीक्षा की मेजबानी चिकित्सा शिक्षा और सर्जिकल विशेषज्ञता को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे कार्यक्रम न केवल डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी देते हैं, बल्कि समाज के व्यापक हित में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी सहायक होते हैं।

**डॉ. अजय सिंह**, डायरेक्टर, एम्स भोपाल

### 3 घंटे के 400 तो 48 घंटे के देने होंगे 3000 रुपए

**सांसद शर्मा मंत्री सारंग करेंगे शुभारंभ**

## भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को आज से मिलेगी पॉड होटल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे अपने यात्रियों को स्टेशन पर रुकने की सुविधा के लिए पॉड होटल या कैप्सूल होटल की सुविधा शनिवार से मिल सकेगी। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम का भव्य शुभारंभ सुबह 9:30 बजे मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विशेष अतिथि डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी करेंगे। इस होटल में तीन श्रेणी में रूम को रखा गया है। जिसमें फैमिली पॉड्स इसमें 20 बेड, मल्टी बेड पॉड अपर और लोअर मेन्स में 40 होटल रूम्स, मल्टी बेड पॉड अपर और लोअर लेडी, इसमें 18 होटल रूम्स हैं। उल्लेखनीय है कि देश का पहला पॉड होटल मुंबई सेंट्रल शुरू किया गया था।




### आधुनिक सुविधाओं से लैस है यह होटल

पॉड होटल में छोटी सी जगह में कई सारे बेड लगे होते हैं। इन्हें कैप्सूल भी कहा जाता है। इनसे उन यात्रियों को सुविधा होगी, जिन्हें एक रात या कुछ घंटों के बाद दूसरी ट्रेन पकड़ने स्टेशन पर रुकना पड़ता है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रूम हैं।

### छह साल पहले बनी थी योजना

पॉड होटल को लेकर छह साल पहले योजना बनाई गई थी। इससे पहले 2021 में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पहला पॉड होटल खोला गया था। अब भोपाल स्टेशन पर यह सुविधा आरामदायक और किफायती ठहराव को सुनिश्चित करेगी।

### यह होगा किराया

| श्रेणी | समय | किराया |
|---|---|---|
| फैमिली पॉड्स | 3 घंटे | 400 रुपए |
| | 6 घंटे | 700 रुपए |
| | 24 घंटे | 1500 रुपए |
| | 48 घंटे | 3000 रुपए |
| मल्टी बेड पॉड अपर व लोअर मैन्स | 3 घंटे | 200 रुपए |
| | 6 घंटे | 350 रुपए |
| | 24 घंटे | 900 रुपए |
| | 48 घंटे | 1800 रुपए |

### पॉड होटल में ये सुविधाएं मिलेंगी यात्रियों को

*हेडफोन के साथ टीवी, रीडिंग लाइट, मोबाइल, पासपोर्ट और पर्स के लिए छोटा लॉकर, चार्जर प्वाइंट, रुकने वाले यात्री को किट मिलेगी, जिसमें पानी की बोतल, टॉवेल, साबुन आदि होंगे। रूम में कॉमन बाथरूम और टॉयलेट होंगे।*



# ओमान में मनाएंगी अपना जन्मदिन



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इस समय अपनी फिल्म 'सिकंदर' से काफी चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस बार अपने 29वें जन्मदिन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अब उनके जन्मदिन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे लेकर उनके फैंस के मन में भी काफी सवाल उठ रहे हैं। 'पुष्पा' फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इस समय सिनेमा की दुनिया का सबसे चर्चित नाम हैं। इस समय वह अपने आगामी जन्मदिन की कुछ खास तैयारियों में जुटी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वह अपना जन्मदिन ओमान में अपने दोस्तों के संग मनाने वाली हैं। अभिनेत्री अपने व्यस्त दिनचर्या से ब्रेक लेकर अपने करीबी दोस्तों के साथ कुछ खास पल बिताना चाहती हैं। इस खबर के आने के बाद अभिनेत्री के फैंस कई कयास लगा रहे हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की डेटिंग की काफी चर्चा रहती हैं। अभी कुछ दिन पहले ही इन दोनों को एक कॉफी हाउस से अलग-अलग बाहर निकलते हुए देखा गया था। अब फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि क्या विजय और रश्मिका वहां साथ दिखेंगे?

## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा ले सकती हैं दिशा पाटनी की बहन



**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी'का 15वां सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में मेकर्स इस शो के लिए सेलेब्स को अप्रोच कर रहे हैं। कुछ दिन पहले रिपोर्ट आई कि मल्लिका शेरावत कंटेस्टेंट के रूप में इस शो का हिस्सा बनने वाली हैं। वहीं, अब कहा जा रहा है कि बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस दिशा पाटनी की बहन के साथ मेकर्स की बातचीत चल रही है। 'खतरों के खिलाड़ी'के मेकर्स ने खुशबू पाटनी को अप्रोच किया है। बता दें, खुशबू ने देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट हैं और कमीशन्ड ऑफिसर के पद पर हैं। ऐसे में अगर ये खबर सही निकलती है और खुबशू इस शो का हिस्सा बनती हैं तो खतरों का लेवल बढ़ जाएगा। खुशबू के अलावा, शो के लिए 'बिग बॉस 18' के सितारे चुम दरंग, दिग्विजय राठी, अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह को अप्रोच किया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला - भोपाल**

प्रकरण क्रमांक /अ-6/2024-25

// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रतिमा देवी पत्नि बच्चन मण्डल निवासी 224, इंडियन ऑईल पेट्रोल पंप के पास यश हास्पिटल चिकलोद रोड़ भोपाल, म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. MP059702023A11573834 दिनांक 11/03/24 ग्राम बंगरसिया प.ह.न. 03 स्थित भूमि खसरा नंबर 53/2/2 के अंशभाग में 920 वर्गफिट वर्ग मी. 85.50 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 21/04/25 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पर मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/04/25 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार, भोपाल

**म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित**
मुख्यालय (अपेक्स बैंक), टी.टी. नगर, भोपाल
दूरभाष नंबर : 0755-3545723/724

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

अपेक्स बैंक, मुख्यालय, भोपाल के द्वारा बैंक के मुख्यालय भवन/प्रशिक्षण संस्थान/सुभाष यादव भवन/अतिथि गृह एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों में संचालित शाखाओं में स्थापित विद्युत कनेक्शन की युक्तियुक्त प्लानिंग हेतु एक कंसलटेंसी/एजेन्सी की नियुक्ति हेतु http:/www.mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदा जारी की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट http:/www.apexbankmp.in पर भी उपलब्ध है। निविदा की अंतिम तिथि 15.04.2025 एवं निविदा शुल्क राशि रु. 2360.00 है। आवश्यकता होने पर अंतिम तिथि में वृद्धि किये जाने की सूचना बैंक की वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।

म.प्र. माध्यम/119550/2025 प्रभारी प्रबंध संचालक

**कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग**
जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर
क्र./जोन-1/जोन.आयु. /2025/1422/354 A दिनांक 01/04/25

**निविदा संशोधन सूचना**

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु निविदा सूचना विज्ञापन क्रमांक/लो.क.वि./ जोन-1/2025/1357/354 भिलाई दिनांक 07.03.2025 को जारी कर दैनिक समाचार पत्र नवभारत, चंडीगढ़, जयपुर एवं दिल्ली में दिनांक 14.03.2025 को प्रकाशन कर दिनांक 28.03.2025 को ऑनलाईन की अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था। किन्तु चैत्र नवरात्री, अन्य शासकीय अवकाश होने के कारण निविदा में संशोधन किया जाता है।

अतः निविदा प्रकाशन में आंशिक संशोधन करते हुये तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्रं. | विवरण | वर्तमान तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन की अंतिम तिथि | 15.04.2025 (संध्या 5:30 बजे तक) |
| 2 | निविदा ऑफलाईन पहुंचने की अंतिम तिथि | 17.04.2025 (संध्या 5:30 बजे तक) |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 21.04.2025 (सुबह 12:00 बजे) |

शेष निविदा के नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।
जोन आयुक्त (जोन-01) नगर पालिक निगम, भिलाई

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
जोन क्र. 02, (यांत्रिक विभाग)
क्र. 52/या.वि./2024-25 भोपाल, दिनांक- 03.04.2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पर सेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

TENDER START DATE 04.04.2025 BID SUBMMISION END DATE 05.05.2025 OPEN DATE 06.05.2025

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD_ 414209_1 | CONST.OF C.C VERIOUS ROAD AT RAMANAND NAGAR NEVRI MANDIR ROAD HANUMAN MANDIR TO MAIN ROAD SQUARE WARD NO.7 Z-02 | 1762407 | 13218 | 2000 | Road and Bridge 2012 | 03 month |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रो में प्रकाशित नहीं होगे।
1. प्रपत्र की निर्धारित राशि पर एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होगें एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी website https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।
3. सफलतम निविदार से अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी (Additional performance guarantee security) के रूप में प्राप्त निविदा राशि (contract amount) एवं एस.ओ.आर .से 10 प्रतिशत कम की निविदा राशि (cost of PAC @ 10% Below) के अंतर की राशि लिया जाना प्रावधानित है।

सहायक यंत्री, जोन क्र. 02
नगर निगम, भोपाल
नि.क्र.-1627/025/026


## जैकेट का शेष

### डीआरडीओ और सेना...

को ध्वस्त करने में कामयाब रहे। यह परीक्षण 3 और 4 अप्रैल को ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी में स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर किए गए। सेना संस्करण (आर्मी वर्शन) की मिसाइल का परीक्षण उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों के खिलाफ किया गया। इस दौरान बड़ी सटीकता से मिसाइलों ने हवा में लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट कर दिया।

### बैंकॉक में मो. यूनुस...

म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग ह्लेइंग से भी मुलाकात की और उन्हें भूकंप से राहत और बचाव कार्यों में हरसंभव मदद देने की पेशकश की।

### कट्टरपंथी इस्लामी ...

चीन की यात्रा के दौरान यूनुस ने बीजिंग से बांग्लादेश में अपनी आर्थिक उपस्थिति का विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने विवादास्पद रूप से सुझाव दिया कि भारत के भूमि से घिरे पूर्वोत्तर राज्य चीनी प्रभाव के लिए एक अवसर हो सकता है।

### घर में फंदे से लटका...

उसकी 12 वर्षीय बेटी मूलर साकेत और 8 वर्षीय बेटे लाली साकेत की बताई जा रही हैं। अवसेरी की पत्नी का पहले निधन हो चुका है औरे वे अपने दोनों बच्चों के साथ रहते थे। घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर संजय कुमार जैन के साथ पुलिस एसपी दिलीप कुमार भी गडरा गांव पहुंच गए हैं। रीवा से फॉरेंसिक की टीम को घटनास्थल की जांच करने के लिए पहुंची। पुलिस आस-पास के लोगों से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घर कब से बंद था और उन्होंने औसेरी और उसके बच्चों को आखिरी बार कब देखा था। इनकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह साफ नहीं हो सका है। सभी शव डीकंपोज हो चुके हैं और दुर्गंध आने लगी है।

### जांच में मिले...

शिक्षिका रंजीता ने जवाब दिया, लेकिन विभाग इससे संतुष्ट नहीं हुआ। इसके बाद विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की गई। जिसकी जांच रिपोर्ट में बताया गया कि शिक्षिका रंजीता साहू की 26 जनवरी 2001 के बाद तीसरी संतान हुई थी। शिक्षिका ने तीसरी संतान के जन्म की जानकारी छिपाई और शासकीय सेवा में रहते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। इसे मध्यप्रदेश पंचायत संविदा शाला (नियोजन एवं संविदा की शर्त) नियम 2005 की अनुसूची-2 (ख)(9) का उल्लंघन माना गया। शिक्षिका रंजीता साहू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे साथ गलत हुआ है। ऐसे और भी लोग हैं, जिनके 3-3 बच्चे हैं। मैं कोर्ट की शरण लूंगी। वहीं, छतरपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति का कहना है कि संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर संभाग द्वारा कार्रवाई की गई है।

## पेज एक का शेष

### दिलीप कुमार की फिल्म...

है, हमारे साथ खेला करता था।' वहां मौजूद बच्चे यह बात हैरानी से सुनते। हरिकृष्ण गोस्वामी यानी मनोज कुमार (87) नहीं रहे। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी अस्पताल में सुबह करीबन 3.30 बजे अंतिम सांस ली। एक्टर लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। फैंस उन्हें प्यार से 'भारत कुमार' भी बुलाते थे। वो क्रांति, उपकार जैसी देशभक्ति फिल्मों के लिए मशहूर थे। शनिवार (5 अप्रैल) दोपहर 12 बजे मुंबई के विले पार्ले में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि वो भारतीय सिनेमा के आइकन थे, जिन्हें खासतौर पर उनके देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा। देशभक्ति उनकी फिल्मों में झलकती थी। उनके कामों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ाया है।

### जहां-जहां खुदा है...

अंसारी का नाम लेते हुए कहा कि ये लोग आज विपक्षी दलों के साथ हैं। इस पर एनसीपी (शरद गुट) की सांसद फौजिया खान ने आपत्ति जताई। सभपति जगदीप धनखड़ मामले में बीचबचाव कर गहमागहमी को शांत कराया। इसके बाद सुधांशु त्रिवेदी ने यह भी कहा कि इस सदन में एक सदस्य मौजूद हैं, जिन्होंने कहा था कि 26/11 के हमले आरएसएस ने कराए थे। इसे लेकर कांग्रेस के सदस्य भी आपत्ति जताने लगे। दिग्विजय सिंह अपनी सीट पर खड़े हो गए और बोले क यह बहुत अपमानजनक है, मैं इसकी निंदा करता हूं। इस पर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आपने उड़ता तीर क्यों ले लिया? मैंने तो आपका नाम लिया ही नहीं।

### इनको मेरा हौवा ...

पटलवार किया। उन्होंने कहा कि जब दंगे हुए उसके 18 महीने बाद मैं गृह मंत्री बना था। इनको मेरा हौवा ऐसा है कि हर जगह मैं ही दिखाई देता हूं।

### संवेदनशील मुद्दे...

*आई है। अमित शाह ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 1993 में नगा-कुकी संघर्ष हुआ, जो कि 1998 तक चला, जिसमें 750 लोग मारे गए। क्या उस समय के प्रधानमंत्री वहां गए? नहीं गए, इनके (विपक्ष) के प्रधानमंत्री थे। 1993 में महतई पंगल संघर्ष हुआ। इसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए। उस समय पीवी नरसिम्हा राव थे, जो कि मणिपुर नहीं गए और सात महीने तक हिंसा चलती रही। ये इतिहास बताता है कि मणिपुर में जातीय संघर्ष होते आया है।*

### एक साथ जली 8 ...

बाद खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, विधायक छाया मोरे और एसडीईआरएफ की टीम ने मिलकर करीब तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। अंततः सभी आठ शवों को कुएं से बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डॉक्टरों की टीम ने रात 12 बजे तक पोस्टमार्टम पूरा किया। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे शवों को अलग-अलग वाहनों से गांव लाया गया, जहां भाजपा की क्षेत्रीय विधायक छाया मोरे ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव में पहुंच कर भावभीनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### कुए में ट्रैक्टर-ट्रॉली...

प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और कुए से बड़ी मात्रा में पानी पंप की मदद से बाहर निकाला। डीआईओ ने बताया कि सात महिलाओं के शव कुएं से बाहर निकाले गए, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया। सभी महिलाएं हिंगोली जिले के वासमत तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजगांव की रहने वाली थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में हुई जानमाल की क्षति पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

**सीएम फडणवीस ने दिए जांच के आदेश, 5-5 लाख की मदद का किया ऐलान:** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मजदूरों की मौत पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुबह नांदेड़ जिले के असेगांव में दुर्घटना में कुछ महिलाओं की मौत हो गई, जब 11 महिला मजदूरों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कुए में गिर गई। उन्होंने मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

फडणवीस ने कहा कि दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

### नाबालिग रखने...

आड़ में डॉक्टर उसका ब्रेन वॉश कर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगा था। सूचना के अनुसार नाबालिग बच्ची की धार्मिक सोच में लगातार बदलाव आ रहा था। जब परिजनों ने इस बारे में बात किया तो उसने बताया कि वह रोजा रखने लगी है। जिसके बाद परिजनों ने तिलवारा थाने में गुरुवार को इसकी शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठन शुक्रवार को थाने पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन किया।

### चैट जीपीटी ने बनाया...

सीईओ सैम ऑल्टमैन का भी आधार कार्ड साझा किया है जिसमें क्यूआर कोड और आधार नंबर भी दर्ज है। खास बात ये है कि पहली नजर में एआई से बने आधार कार्ड और असली आधार कार्ड में कोई अंतर नहीं दिख रहा है।

### बादल-पानी के ...

तेज हवा का असर रहा। शुक्रवार को नर्मदापुरम और रतलाम में सबसे ज्यादा 40 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। जबकि खंडवा, खरगोन और नर्मदापुरम में रात का पारा 23 डिग्री से अधिक पहुंच गया। शुक्रवार को रात का तापमान सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक रहा, जिससे कई शहरों में रात का तापमान 21 से 24 डिग्री तक दर्ज किया गया। वहीं दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं की वजह से अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से अधिक रहा। जबकि अगले दो दिन उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर सहित शेष संभागों में यह सामान्य 38 से 41 डिग्री के बीच रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं, प्रदेश में अप्रैल महीने में 7 से 10 दिन तक लू का असर देखने को मिल सकता है।





**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2024 से लागू

**नाम परिवर्तन**

मैं निशिथ खरे पुत्र स्व. श्री हरीशकुमार खरे, आयु 47 वर्ष, व्यवसाय-शासकीय सेवारत निवासी-457, स्कीम न.114, पार्ट-2, ए.बी. रोड, इन्दौर, मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मे घर का बोलता हुआ नाम अद्विक खरे (ADVIK KHARE) पुत्र श्री निशिथ खरे (NISHITH KHARE) है। दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम अविघ्न खरे (AVIGHN KHARE) पुत्र श्री निशिथ खरे (NISHITH KHARE) है। एवं भविष्य मे वह इसी नाम व सरनेम से जाना पहचाना जावेगा है। शपथ पत्र क्रमांक BF413331

**नाम परिवर्तन**

मैं अतुल कुमार खरे निवासी 62 रीगल कस्तूरी रीगल टाउन अवधपुरी भोपाल के नाबालिग पुत्र अथर्व खरे (Atharv khare) का पूर्व नाम अथर्व खरे (Atharva Khare) था अब सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अथर्व खरे (Atharv Khare) पिता श्री अतुल कुमार खरे से जाना व पहचाना जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

मैं सुश्री निम्मी पुत्री श्री सी.वी. थॉमस, 26 ए कैलाश नगर सीटीओ बैरागढ़ भोपाल ने शपथ पत्र संख्या CV014303 दिनांक 03/04/2025 भोपाल। के साथ अपना नाम निम्मी नायर से बदलकर सिर्फ़ निम्मी कर लिया है। भविष्य के सभी प्रयोजनों के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक




R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5827



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5826 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| वा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | णा | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल- 5837

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5836 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के दाम

# विशेषज्ञों का दावा 40 फीसदी तक 'सस्ता' हो सकता है सोना

**ज्वेलरी खरीदने वालों को बड़ा फायदा होगा लेकिन निवेशकों को नुकसान हो सकता है**

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

बढ़ती कीमतों को कारण आम आदमी की पहुंच से दूर हो रही सोने की कीमतों में अब फिर से गिरावट देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम औंधे मुंह गिरे हैं। सोने का भाव 0.45 फीसदी लुढ़क कर 89,655 रुपए प्रति 10 ग्राम, जबकि चांदी 2.43 फीसदी टूटी और 92,106 रुपए पर कारोबार की। बाजार जानकार और विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में सोने के दाम 40 फीसदी तक गिर सकते हैं, जिससे यह फिर से मिडिल क्लास की पहुंच में आ जाएगा।

गौरतलब है कि बीते एक साल में ही सोने की कीमतों में 35 से 40 फीसदी का उछाल आ चुका है। दावा है कि सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे निवेशकों को फायदा हो रहा है,लेकिन उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ रहा है। मगर अब अगले कुछ महीने में सोने की कीमतों में भारी गिरावट आ सकती है। यह गिरावट 40 फीसदी तक आने का अनुमान है। ऐसा होता है तो ज्वैलरी खरीदने वालों को इसका बड़ा फायदा होगा, लेकिन निवेशकों को इससे नुकसान हो सकता है।



### आयकर विभाग ने दिया सोने के शौकीनों को झटका

### नकद में दो लाख रु. से अधिक भुगतान किया तो लगेगा जुर्माना

*नई दिल्ली। सरकार ने सोने की नकद खरीदारी पर 2 लाख रुपए की सीमा तय की है। इसके अनुसार अगर सोने की खरीदारी के लिए 2 लाख रुपए से अधिक का भुगतान करते हैं, तो इसे वैध नहीं माना जाएगा। इस सीमा से अधिक का कैश भुगतान करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। आयकर विभाग का नियम साफ है कि यदि आप किसी ज्वैलर से 2 लाख रुपए से ज्यादा का सोना नकद में खरीदते हैं, तो आपना पैन कार्ड या आधार कार्ड देना पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो जुर्माना भरना पड़ सकता है। यह नियम काले धन को रोकथाम और लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बनाया गया है।*

***ज्वैलर्स को भी माननी होगी जिम्मेदारी***

*यह नियम सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं, बल्कि ज्वैलर्स पर भी लागू होता है। अगर कोई दुकानदार बिना आईडी प्रूफ के ग्राहक से 2 लाख रुपए से ज्यादा का नकद भुगतान स्वीकार करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है।*

### 55,000 प्रति 10 ग्राम तक आ सकता है दाम ...?

बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय बाजारों में 24 कैरेट सोने की मौजूदा कीमत लगभग 91,000 प्रति 10 ग्राम है, जबकि ग्लोबल मार्केट में यह 3,100 डालर प्रति औंस से ऊपर कारोबार कर रहा है मगर एक रिपोर्ट के अनुसार इसमें करीब 40 फीसदी तक की संभावित गिरावट देखी जा सकती है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो सोने की कीमत 55,000 प्रति 10 ग्राम तक आ सकती है। हाल ही में सोने की कीमतों में उछाल आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई की चिंताओं और भू-राजनीतिक तनावों के कारण आया है। निवेशकों ने सोने को एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में चुना, खासकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान शुरू हुए व्यापार युद्ध के बीच। अब कई ऐसे फैक्टर है जो इन कीमतों को नीचे ला सकते हैं।

### *सोने की सप्लाई और डिमांड का असर*

*विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की बढ़ती सप्लाई और डिमांड में कमी बाजार में उथल पुथल का प्रमुख कारण है। जब सोने की कीमतें ऊंची होती हैं, तो माइनिंग कंपनियां ज्यादा सोना निकालने लगती हैं, जिससे सोने का स्टॉक बढ़ जाता है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक और निवेशक ज्यादा सोना खरीद रहे हैं, लेकिन कीमतों में वृद्धि के कारण डिमांड घट रही है।*

## नई फसल की आवक से हल्दी के दाम घटे, 25 फीसदी सस्ती हुई

# रिकॉर्ड भाव 750 रुपए बिका जीरा अब हुआ 235 से 240 रुपए किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



बाजार में नई फसल की आवक होने के साथ वायदा व्यापार कमजोर होने से हल्दी के भाव काफी घटे हुए है। पिछले साल की तुलना में हल्दी 25 फीसदी सस्सी है। पिछले साल हल्दी 180 रुपए किलोग्राम थी जो मौजूदा समय में 140 से 145 रुपए किलो बोली जा रही है। बात करें दो महीने पहले की तो स्थानीय बाजार में हल्दी 160 रुपए किलो के भाव पर बिक रही है।

मसाला व्यापारी अनिल कुकरेजा के अनुसार मौजूद समय में हल्दी, मिर्ची, धनिया, जीरा के भाव घटे हुए है। कुकरेजा के अनुसार जीरा जो बीते साल रिकॉर्ड भाव 750 रुपए किलो के भाव बिका था वह मौजूदा समय में 235-240 रुपए किलो बोला जा रहा है। धनिया जो 110 रुपए किलो थी वह 80 रुपए किलो है। उनके अनुसार सबसे ज्यादा गिरावट जीरा और लाल मिर्च के दाम में आई है। स्थानीय बाजार में लाल मिर्च 110 से 120 रुपए किलो बिक रही है। गत वर्ष की तुलना के इसके भाव में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है।

### *किसानों की चिंता बढ़ी*

*उनके अनुसार कमजोर मांग के चलते लाल मिर्च के भाव लगातार गिरते जा रहे हैं, जो किसानों की चिंता का कारण बना हुआ है। जनवरी 2024 के मुकाबले इस साल जनवरी में लाल मिर्च की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान मिर्च का भाव 19000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर 10 हजार से 12 हजार रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। साल 2025 में लाल मिर्च की कीमतें पिछले साल के मुकाबले बहुत कम रही हैं। इसकी वजह नई फसल की आवक और पिछले साल के ज्यादा स्टॉक होना है। साथ ही, कम मांग के चलते भी कीमतें गिर रही हैं। कारोबारी कुकरेजा के अनुसार मिर्च का सबसे बड़ा उत्पादक आंध्र प्रदेश है। इसके अलावा गुंटूर, कृष्णा और प्रकाशम आंध्र प्रदेश के प्रमुख मिर्च उत्पादक जिले हैं।*

### क्रॉम्पटन ने लांच की ऑरा, अवांसर और जेडी एयर कूलर की नई रेंज

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी सीरीज लांच की है। पंखों और घरेलू पंपों के क्षेत्र में नंबर 1 ब्रांड के तौर पर अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए क्रॉम्पटन ने यह नई सीरीज उन ग्राहकों के लिए तैयार की है, जो तेज, टिकाऊ और सुविधाजनक कूलिंग सॉल्यूशंस की तलाश में हैं। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिक्स लिमिटेड में लार्ज डोमेस्टिक अप्लायंसेज़ के वाइस प्रेसिडेंट मल्हार वादके ने कहाकि क्रॉम्पटन में हमारा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि व्यावहारिक और सार्थक होने चाहिए, ऐसे जो उपभोक्ताओं की रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान करें और गुणवत्ता व विश्वसनीयता के हमारे वादे पर खरे उतरें। ।

## पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज के को-चेयरमैन मनोज मोदी बोले

# भारत में एडवांस टेक्नोलॉजी की कमी,पीएम मोदी स्मार्ट ट्रेड नीतियों से वैश्विक व्यापार को करें मजबूत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मौजूदा समय में दो ही बातें सार्थक हो रही है एक देशभक्ति और दूसरी बात जबरदस्ती। जब बात व्यावसायिककरण की हो तो यहां पर जबरदस्ती प्रथा लागू होती है न कि देशभक्ति।



क्योंकि व्यावसायी हो या फिर उद्योगपति कुछ पैसे में ही अपने सौदे इधर से उधर कर देते हैं। बात टेक्नोलॉजी की करें तो भारत में अभी एडवांस टेक्नोलॉजी की कमी है।

अतः मोदी सरकार को चाहिए कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल ट्रंप ने जो टैरिफवार का युद्ध छेड़ा है वे इस टैरिफवार के इस युद्ध में अपना हाथ साफ करें और चायना, मलेशिया, बांग्लादेश सहित अन्य देशों को निर्यात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ शुल्क में कुछ वृद्धि करें। यह बात पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज के को-चेयरमैन मनोज मोदी ने कही।

### मजबूत व्यापारिक साझेदारी बनाने की जरूरत

उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क नीति से भारत की निर्यात मांग घटेगी, जिससे कुछ सेक्टर्स प्रभावित हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका ने यह शुल्क कई देशों पर एक साथ लगाया है, इसलिए भारत को प्रतिस्पर्धा में फायदा मिलेगा। अमेरिका में उत्पादों की कीमतें बढ़ने से उपभोक्ताओं की मांग घटेगी। भारत का निर्यात कम होगा, लेकिन घरेलू आपूर्ति बढ़ेगी। जिससे महंगाई पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा। भारत को चीन, यूरोप, आसियान और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। भारत को अपने व्यापार शुल्क कम करने चाहिए, ताकि उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिले। इसके साथ ही, दक्षिण एशिया में मजबूत व्यापारिक साझेदारी बनाने की जरूरत है।

### *टैरिफवार अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक*

*मोदी ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया पैसों की है। पैसे के आगे कोई किसी का दोस्त नहीं, कोई किसी का दुश्मन नहीं। जब दुनिया का सबसे अमीर देश ही टैरिफवार में उतर आया है तो बाकी देश भी जरूर ट्रंप प्रशासक के इस टैरिफवार में जरूर कूंदेगें। अतः भारत को भी अपने आप को और मजबूत करने पैसों की दुनिया में शामिल होना चाहिए। इससे घरेलू स्तर पर उद्योगों की स्थित मजबूत होगी। मोदी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। भारत को इस स्थिति में स्मार्ट ट्रेड नीतियां अपनाकर अपने वैश्विक व्यापार को और मजबूत करना चाहिए।*

# रिलायंस के 8000 एकड़ में फैली टाउनशिप मेट सिटी में कोरियाई डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने लगाई फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम





राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के झझर जिले में स्थित, मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (मेट सिटी) में दक्षिण कोरियाई की एक प्रमुख डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने प्रोडक्शन यूनिट लगाई है। कंपनी यहां चिकित्सीय उपकरणों का निर्माण करेगी। फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत ली सेओंग-हो और बोडिटेक मेड इंक. के चेयरमैन डॉ. यूई यूल चोई ने भाग लिया। 8000 एकड़ में फैली इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड स्मार्ट सस्टेनेबल सिटी यानी मेट सिटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100 फीसदी सहायक कंपनी है। अपने प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से मेट सिटी, मल्टीनेशनल कंपनियों के बीच पहली पसंद बन कर उभरी है।

मेट सिटी 10 देशों की 580 से अधिक कंपनियों की फैक्ट्री या ऑफिस बन चुके हैं जिनमें दक्षिण कोरिया की छह कंपनियाँ शामिल हैं। मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, ₹हमें मेट सिटी की वैश्विक कंपनियों की बढ़ती लिस्ट में बोडिटेक मेड का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। प्लग-एन-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने वाली कंपनियों के बीच मेट सिटी पसंदीदा जगह बन गई है। बोडिटेक मेड की इस अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण निर्माण सुविधा के साथ, एक उभरते केंद्र के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत हुई है। हम झज्जर के टाउनशिप में और अधिक दक्षिण कोरियाई उद्यमों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

### रिलायंस डिजिटल के 'डिजिटल डिस्काउंट डेज' में भारी छूट

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल वापस लेकर आया है डिजिटल डिस्काउंट डेज इंडिया में इलेक्ट्रॉनिक्स की इस सबसे बड़ी सेल में, लीडिंग बैंक काड्र्स और पेपर फाइनान्स पर दी जा रही है 25000 रु. तक की छूट यह ऑफर्स आज से 20 अप्रैल तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर और ऑनलाइन रिलायंसडिजिटल.इन पर मान्य हैं। आसान फायनेंस, ईएमआई विकल्पों और सबसे जल्दी डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, भारत के लिए है ये बिल्कुल राइट टाइम अपग्रेड करने का। डिजिटल डिस्काउंट डेज में 1.5 टन 3 स्टार एसी के साथ रु. 26990* से शुरू। एयर कूलर्स की विशाल रेंज पर बेस्ट डील्स का फायदा उठाएं। साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर, केवल रू. 61990* में- लैपटॉप पर रु. 3000* तक के फायदे का आनंद लीजिए और सबसे किफायती कीमतों पर बिल्कुल नए स्मार्टफोन्स खरीदें। पाइए टीवी पर 60 प्रतिशत तक की छूट - 55" 4के गूगल टीवी केवल रु. 26990* में।

## बिजनेस न्यूज

### प्रिज़्म जॉनसन ने जीता इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवॉर्ड



**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से रजनीश सचेती, ग्रुप प्रेसीडेंट, लीगल एंड इनडायरेक्ट टैक्सेस, मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स, देवेंद्र मिश्रा एजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं विनय उरमलिया मैनेजर पीआर ने आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। यह सम्मान कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किए गए महत्वपूर्ण योगदान एवं समाज-सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों के लिये प्रदान किया गया।

### जियोहॉटस्टार ने 100 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार किया

**भोपाल।** जियोहॉटस्टार ने 100 मिलियन ग्राहकों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि दर्शकों की विविध पसंद को समझने और उनकी रुचि के अनुरूप मनोरंजन उपलब्ध कराने की जियोहॉटस्टार की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह मंच भारत में स्ट्रीमिंग की परिभाषा को ही बदल रहा है । जिसे पहले एक सीमित वर्ग के लिए विशेष सेवा माना जाता था, वही अब करोड़ों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। जियोस्टार में डिजिटल के सीईओ किरण मणि ने कहा, "हम हमेशा से मानते रहे हैं कि बेहतरीन मनोरंजन सबके लिए सुलभ होना चाहिए। 100 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार करना इसी सोच की सफलता है।

### न्युवोको को वडराज के अधिग्रहण के लिए एनसीएलटी की मंजूरी मिली


**मुंबई ।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), मुंबई बेंच ने इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट इंसॉल्वेंसी प्रक्रिया में वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने इस संबंध में एक विशेष आदेश जारी किया है। समाधान योजना में 1,800 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान शामिल है। न्युवोको को अपने कंसोलिडेट डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना ट्रांजेक्शन को फंड देने का इरादा रखती है। न्युवोको लगभग 1,000 से 1,200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश एसेट्स को फिर से चालू करने के लिए करेगा, जो पिछले लगभग 7 वर्षों से बंद पड़ा हैं। प्लांट्स को चालू करने और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स द्वारा वास्तविक ट्रांसफर की तारीख से 15-18 महीनों में चरणबद्ध निवेश किया जाएगा।

### हार्टफुलनेस और विक्रम विवि के बीच समझौता



**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के दौरान हार्टफुलनेस संस्थान और विक्रम विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान का हस्तांतरण करना है, जिसमें विशेष रूप से हार्टफुलनेस ध्यान और विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षाविदों, शिक्षकों और प्रबंधन के लिए समग्र कल्याण की तकनीकें शामिल हैं, साथ ही कृषि और स्थायित्व संबंधी तकनीकी जानकारी भी शामिल है। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालयों के छात्रों, कर्मचारियों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं और प्रशासनिक कर्मचारियों को हार्टफुलनेस संस्थान में पाठ्यक्रम और कार्यक्रम प्रदान करना है। हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक और रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष दाजी ने कहाकि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से दो संस्थान ज्ञान हस्तांतरण और साझा संसाधनों का उपयोग करके एक-दूसरे को सशक्त बनाने में एक साथ आ गए हैं।

### एमआईटी यूनिवर्सिटी के हैकथॉन में 7 हजार से ज्यादा प्रतिभागी शामिल



**नई दिल्ली।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे की ओर से तीन दिनों के हैकथॉन, हैकएमआईटी डब्ल्यूपीयू 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इनोवेशन, आपसी सहयोग और समस्याओं के समाधान के जज़्बे को बढ़ावा देने वाले इस हैकथॉन में 7,000 से ज़्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। अलग-अलग तरह के 14 ट्रैक वाली इस प्रतियोगिता ने कुछ अलग कर दिखाने की सोच के लिए लांचपैड की भूमिका निभाई, साथ ही असल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा जगत और इंडस्ट्री के नाते को मजबूत किया। इस कार्यक्रम में आइडियाथॉन, वर्कथॉन, कैप्चर द फ्लैग, फार्माथॉन, बायो-थॉन, हैक-एआई-थॉन और डेटा क्वेस्ट के साथ-साथ दूसरी कई प्रतियोगिताएँ शामिल थीं।

### मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने लांच किया इनोविन-डे

**नई दिल्ली।** मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) द्वारा पहचाने गए कई तकनीकी नवाचारक भारत की प्रमुख चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, कृषि क्षेत्र में बदलाव, जल संकट और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन का समाधान खोज रहे हैं। ये नवाचारक खेती के अवशेषों से फर्नीचर बना रहे हैं, औद्योगिक उत्सर्जन को उपयोगी रसायनों में बदल रहे हैं, दुर्लभ-अर्थ मैग्नेट मुक्त मोटर प्रणाली विकसित कर रहे हैं, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर रहे हैं और हवा से नमी निकालकर पानी प्राप्त कर रहे हैं। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन की प्रमुख सुरंजना घोष ने कहा, ₹इनोविन डे को लॉन्च करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने नवाचारकों को सही संसाधन-पूंजी, ग्राहक और आवश्यक संवाद-एक ही मंच पर उपलब्ध कराएं।

# गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के दो वर्षीय चुनाव 12 अप्रैल को

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा में स्थित औद्योगिक इकाई की संस्थान गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चुनाव 12 अप्रैल को होंगे। 5 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा।

नाम वापसी 8 अप्रैल तक होगी। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 9 अप्रैल को जारी होगी। 12 अप्रैल को मतदान होगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव अधिकारी महेंद्र भगत के अनुसार एसोसिएशन के चुनाव हर दो साल में होते हैं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और एक्जीक्यूटिव मेंबर के लिए होंगे।

## क्लीन डेटा के अभाव में जीपीटी बार-बार चूका

# जीपीटी जैसे सिस्टम अब भी जनहित की गहराई व जिम्मेदारी नहीं समझते

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

एक अप्रैल को शहरी मामलों के विश्लेषक क्रेडाई अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने ओपन एआई के जीपीटी सिस्टम से एक स्पष्ट, सटीक और वैज्ञानिक विश्लेषण उजागर किया। भोपाल के सैकड़ों कॉलोनियों की सर्किल रेट वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया।

वह भी दो अलग-अलग वर्षों 2024-25 और 2025-26 की गाइडलाइन फाइलों के आधार पर। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पीडीएफ अपलोड की, पंजियन विभाग का आंतरिक दस्तावेज दिया। पीडीएफ दोनों फॉर्मेट में डेटा उपलब्ध कराया, सैकड़ों बार निर्देश देकर एआई को मानव-हित के लिए संवेदनशील मार्ग पर चलने का अनुरोध किया, लेकिन क्लीन डेटा के अभाव में जीपीटी बार-बार चूका। ओपन एआई जीपीटी जो इस समय खुद अपनी छवि बचाने में लगा है विशेषकर घिबली कला अंक जैसे सार्वजनिक विवादों में घिरकर उस पर भरोसा करना अपने आप में एक साहसी प्रयोग था, लेकिन जब 30 घंटे के श्रम के बाद भी विश्लेषण नहीं मिला, तो यह स्पष्ट हो गया कि जीपीटी जैसे सिस्टम अब भी जन-हित की गहराई और जिम्मेदारी नहीं समझते।

### सरकारी सिस्टम की भी चूक

जो काम जीपीटी को करना था वह तभी संभव था जब सरकार क्लीन डेटा दे रही होती, लेकिन हर साल पीडीएफ के रूप में बिना किसी स्ट्रक्चर के अपलोड की गई गाइडलाइन दरें, उपबंधों की जटिलता, स्लैब की अस्पष्टता और मूल्यांकन की अपारदर्शिता-यह सभी दिखाते हैं कि हमारा सरकारी सिस्टम भी अब तक डेटा-डेमोक्रेसी से कोसों दूर है। इस प्रक्रिया ने सरकार की एक और कमी उजागर की क्लीन, एनालाइजेबल डेटा की अनुपलब्धता। जीपीटी सिस्टम जिस प्रकार कुछ समय और दे दीजिए, सिस्टम रीसेट हो गया, प्रोसेसिंग पेंडिंग है, जैसे टालने वाले उत्तर देता रहा। वह किसी सामान्य उपभोक्ता के लिए असहनीय तो है ही, लेकिन जब सामने एक ऐसा नागरिक हो जो शासन, नीति और जनहित को लेकर हर दिन ईमानदारी से जूझता है तो यह व्यवहार घोर अनादर की श्रेणी में आता है। क्रेडाई भोपाल इकाई के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने कहा कि यह केवल मेरी प्रतिष्ठा या एक रिपोर्ट की बात नहीं है यह जनहित, पारदर्शिता और नीतिगत न्याय का प्रश्न था।

# धारा 125 के तहत नहीं लगाई जा सकती किसी व्यापारी के पर जनरल शास्ती : हाईकोर्ट

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जीएसटी कानून के अंतर्गत कोई भी विवरणी देरी से भरने पर जीएसटी कानून की धारा 47 के अंतर्गत शास्ती के प्रावधान है। इसलिए धारा 125 के अंतर्गत जनरल शास्ती किसी व्यापारी के ऊपर नहीं लगाई जा सकती । यह निर्णय मद्रास उच्च न्यायालय ने मेसर्स जेनसंस कैस्टर्स के प्रकरण में दिया है । उच्च न्यायालय ने कहा कि जब किसी कानून में किसी नियम का पालन करने में देरी के लिए शास्ती के विशेष प्रावधान हो तब उसी धारा के अंतर्गत शास्ती लगाई जा सकती है न की जनरल धारा के अंतर्गत । क्योंकि ऐसा करना किसी एक ही अपराध के लिए दो बार सजा देने के समान है।

### *मप्र में भी शास्ती के जारी हुए नोटिस , जो गलत है :आर्य*

*टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि हमारे यहां भी कुछ अधिकारियों द्वारा इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए जीएसटी कानून की धारा 125 के अंतर्गत शास्ती के नोटिस जारी किए गए हैं जो कि गलत है, इस निर्णय से उन्हें अपना पक्ष रखने में आसानी होगी।*

### एचएमडी ने म्यूजिक फोन लांच किए

**नई दिल्ली।** कंपनी एचएमडी ने 130 म्यूजिक और एचएमडी 150 म्यूजिक के लांच की घोषणा की। डेडिकेटेड म्यूजिक कंट्रोल्स वाले ये फोन संगीत प्रेमियों के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन दोनों फोन पर ब्रांड की ओर से 1 साल की रिप्लेसमेंट गारंटी दी गई है। एचएमडी के वीपी और सीईओ भारत और एपीएसी, रवि कुंवर ने कहाकि सबसे तेज आवाज वाले फीचर फोन एचएमडी 130 म्यूजिक और एचएमडी 150 म्यूजिक में बेहतरीन ऑडियो, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ और स्टाइलिश डिजाइन आदि लाभ मिलते हैं। एचएमडी 130 म्यूजिक ब्लू, डार्क ग्रे और रेड और एचएमडी 150 म्यूजिक लाइट ब्लू, पर्पल और ग्रे जैसे ट्रेंडी रंगों में उपलब्ध हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कोलार, जिला - भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 4053/अ-6/2024-25

// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुदित शर्मा आत्मज हरिओम शर्मा निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय एवं फौती नामांतरण / वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। ग्राम मिसरोद प.ह.न. .............. स्थित भूमि खसरा नंबर 172, 173, 174, 175, 312/2 व अन्य खसरों के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड 61 रकबा 186.05 वर्ग मी. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13/3/2025 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त भोपाल**

(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)

रा.प्र. क्र. 0548/अ-6/2024-25

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जुबैदा खातून पत्नि मुकीद अहमद निवासी कम्मू का बाग तमोली का औला द्वारा एक किता मकान जो कि खसरा नं 747 के अशंभाग का नामांतरण / बटवारा / बटान/सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल शहर वृत्त भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07676-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./2025/1145 — पिपरिया, दिनांक :- 02/04/2025

// सातवाँ ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 413861_1 Publish Date 03.04.2025 | Augmentation of Water Supply System Under Amrut 2.0 Scheme at Pipariya Dist Narmadapuram M.P. | 1. 24 माह 2. 440.68 Lakh | 1. 15000/- 2. 2,20,339/- | 17/04/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पिपरिया

## चिंतन

# बिम्सटेक में भारत के लिए बेहतर मौके

पड़ोसी देशों में मची राजनीतिक हलचल, प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ती चीनी नजदीकियां और बदल रही निष्ठाओं के बीच बिम्सटेक की थाईलैंड में बैठक भारत के लिहाज से अहम है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) में भारत ही सबसे मजबूत सदस्य है और बाकी सदस्य भारत के सब पड़ोसी देश हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य देश हैं। ऐसे में भारत बिम्सटेक को आगे ले जा सकता है और अपने लिए अवसर पैदा कर सकता हे। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हुई दो दिवसीय बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने, सदस्य देशों के बीच ट्रेड बढ़ाने, सीमा सुरक्षा को लेकर सहयोग, नशे की तस्करी रोकने पर सहमति बनी है। बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा है। भारत के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों का सामरिक महत्व है, ये न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक रूप से भी जुड़े हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से छोटे हैं व भारत पर अधिक निर्भर देश हैं। इन देशों के साथ चीन भी अपने संबंध मजबूत करने में लगा है, जो भारत के पड़ोस तक चीनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। नेपाल में वामपंथ शासन के बाद नेपान व चीन करीब आए हैं। श्रीलंका चीन के साथ जुड़ा और हाथ जलाने के बाद सतर्क है। म्यांमार में सैन्य तख्ता पलट के पीछे चीनी हाथ माना गया है। म्यांमार की सैन्य सरकार को चीन, रूस व बेलारूस का ही समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में भी कट्टर इस्लामिक दलों के सत्ता पर कब्जे के बाद से ढाका की बीजिंग व इस्लामाबाद से नजदीकी बढ़ी है। इन परिस्थितियों में पीएम मोदी की बैठक से अलग मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई है, जो रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने भारत विरोधी बयानों के प्रति यूनुस को सचेत किया है व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की है। पीएम नेपाली पीएम केपी ओली से भी मिले हैं, नेपाल में अभी राजशाही के लिए आंदोलन चल रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मोदी व ओली की मुलाकात उल्लेखनीय है। भारत व नेपाल के संबंध अभी उतार-चढ़ाव दौर से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी की म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी बातचीत हुई है, इसमें भारत का मानवीय पक्ष है, म्यांमार भीषण भूकंप के बाद तबाही से प्रभावित है, भारत मदद कर रहा है और आगे भी मदद का वादा किया है। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण बिम्सटेक की बैठक विवादों में भी रही, कारण जनरल ह्लाइंग को वर्ष 2021 में सत्ता पर काबिज हाने के बाद से कई वैश्विक सम्मेलनों में शिरकत नहीं करने दी गई है। भारत की कोशिश बिम्सटेक देशों की सामरिक सुरक्षा, आपस में ट्रेड बढ़ाने, इन्फास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ चीनी प्रभाव को कम करने की है। म्यांमार, बांग्लादेश व नेपाल जैसे देशों को अपनी सुरक्षा व हित को तवज्जो देनी चाहिए और चीन से सतर्क रहना चाहिए। अमेरिकी टेरिफ वार के बाद से भारत अपने ट्रेड के लिए नए बाजार भी तलाश रहा है, जिसमें बिम्सटेक देश अहम हैं।



श्रद्धांजलि
ऋतुपर्ण दवे

# देशप्रेम प्रेरक फिल्मों के सूरज का अस्त

> यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे।

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। उनकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा।

यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे 'लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज'। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ और देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। इससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था।

वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला कि लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है।

अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों



में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपये मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म 'कांच की गुड़िया' में ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म 'हरियाली और रास्ता' मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी ने कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए।

वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। इनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामयाब फिल्में हैं। उन्हें भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्मश्री और 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें एक नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले, जिनमें 1968 में 'उपकार' के लिए बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के अवॉर्ड शामिल हैं। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ, हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे, दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार, तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कर्म का महत्व

गीता रस्तोगी 'गीतांजलि'



# कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म के महत्व को बताते हुए कहा है- हे अर्जुन, तुम्हें केवल कर्म करने का अधिकार है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरंतर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो। गीता के समस्त अध्यायों का सार, इस एक श्लोक में ही निहित है। 'हम इतने पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी हमें उनका फल नहीं मिलता', कई भक्त ऐसा सोचते होंगे। कोई विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भी कुछ ऐसा ही सोच सकता है। किसी संस्थान के कर्मचारी पदोन्नति न होने पर दूसरे कर्मचारियों से अपनी तुलना करके दुखी हो जाते हैं। ऐसा जीवन के विविध आयामों में देखने को मिलता है। घर में भी भाई-बहनों के मन में आ सकता है कि मेरे मम्मी-पापा, मेरे भाई या बहन को मुझसे अधिक प्यार करते हैं। यह विचारधारा सिद्धांत रूप से ही गलत है और अपनाने योग्य बिल्कुल भी नहीं है। विचार भी एक प्रकार से आंशिक कर्म ही है और इस प्रकार के नकारात्मक कर्म आपको कर्त्तव्य की दिशा से विपरीत दिशा में ले जाते हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में जिस ऊर्जा का प्रयोग होना चाहिए, उसका उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को खरीद कर ले आने जैसा होता है। उपासना भी एक कर्म है। इसके रूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उद्देश्य भी। कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है। जिस समय आप पूर्ण मनोयोग से किसी कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं उस समय आपका 'स्व' उस कर्त्तव्य में विलीन हो जाता है और केवल कर्म ही शेष रह जाता है। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयमेव ईश्वर को अर्पित हो जाता है क्योंकि उसमें अहंकार का लेश मात्र भी नहीं रहता। अतः फलत्याग कर कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयं ही आराध्य की उपासना है। नवरात्र उपासना का एक विशेष पर्व है। प्रार्थना के समवेत स्वर जब करुणामयी मां शक्ति की करुणा के द्वार खटखटाते हैं तो मां उस पुकार को अनसुना नहीं कर पाती। अपने घर के बच्चे जब प्रातः सायं आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं तब आशीर्वाद देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता; वरन यह स्वयं प्रस्फुटित होता है। घर में कहीं कोई बिगाड़ हो रहे हों तो खाली आशीर्वाद से काम नहीं चलता। यहां पर कर्म की आवश्यकता पड़ती है। यदि आप रोगग्रस्त हो जाएं तब चिकित्सक के पास जाना ही श्रेष्ठ कर्म है; प्रार्थनाएं साथ हों तब शीघ्र रोगोपचार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। संस्थानों में समय-समय पर ऑडिट होते रहते हैं। तब हर एक कर्मचारी चाहता है कि उसकी सभी रिपोर्ट्स अप टू द मार्क जाएं। संस्था का प्रमुख भी यही चाहता है। किसी भी कंपनी को आधिकारिक प्रॉफिट में लाने के लिए श्रेष्ठ नीतियों का निर्माण व उनका अनुपालन नितान्त आवश्यक है। आध्यात्म के क्षेत्र में भी ऐसा ही है। प्रार्थना का प्रयोजन स्पष्ट होना चाहिए। व्यक्तिगत उन्नति के हम कर्म व प्रार्थना करते हैं तब सामूहिक उन्नति के लिए कर्म व प्रार्थना भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए। जब भी कोई बड़ा मिशन होता है तब वह सब के सहयोग से ही संपन्न होता है। जब देश पराधीन हो गया था तब भी सामूहिक प्रयासों से ही स्वाधीनता प्राप्त हुई। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन मुझे याद आता है जिसमें उन्होंने शुभ प्रयोजन के लिए बड़े जमींदारों को भूमि दान के लिए प्रेरित किया और अपेक्षा से अधिक सहयोग प्राप्त किया। आज मानव समाज विशेष प्रकार की समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। भौतिकता की चकाचौंध में आत्मा गुलाम हो गई प्रतीत होती है, जिसके कारण भांति-भांति की विसंगतियां जन्म लेती हैं। इन सब के समाधान के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हमारे पास एक विशाल संपत्ति है। यह है, विशाल जनसमूह की शक्ति। इसके बल पर हम भारतवासी बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने की सामर्थ्य रखते हैं। साथ ही हमारे पास अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। शिक्षा व तकनीक में भी हम किसी भांति कम नहीं। आवश्यकता है तो समस्त शक्तियों के एकजुट होकर सही दिशा में कार्यान्वयन की। हमारे घर के बुजुर्ग भी इस मानवता मिशन में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं। बच्चों, वृद्ध, युवा सभी को अपने समय का कुछ भाग प्रतिदिन मानवता के कल्याण के कार्यों में अवश्य ही निवेश करना चाहिए। आत्म सुधार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हम सतयुग व रामराज्य के दर्शन अपनी आंखों से कर पाएंगे। साथ ही भावी पीढ़ियों के लिए एक सद्भाव व भाईचारे का संदेश देकर उन्हें भी जीवन की सार्थकता से अवगत करा सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

## जब मन हो अशांत मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा।

परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सटाका





## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। - **संतोष ठाकुर**, पटेवा

## ट्रेंड

### वक्फ विधेयक की बधाई



प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' के पारित होने की सभी को बधाई! यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### स्वच्छता पखवाड़ा



हमने 1 से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शुरुआत की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, स्वच्छता सरकारों के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रयासों से प्राप्त की जा सकती है, आज स्वच्छता अभियान सामाजिक आंदोलन बन गया है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति



पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोज़र अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर चलता है,इसमें इंसाफ़ की लगाम नहीं है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मनोज कुमार को विदाई



महान अभिनेता मनोज कुमार को विदाई, एक ऐसे आइकन जिन्होंने स्क्रीन पर देशभक्ति को परिभाषित किय। भारतीय सिनेमा और भारत की भावना में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।
-सुनील शेट्टी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय मूल की कलाकार सम्मानित

भारतीय मूल की रंगोली कलाकार विजयलक्ष्मी मोहन को सिंगापुर के समुदाय और युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक विरासत में उनके कौशल और परंपराओं को बढ़ावा के लिए सम्मानित किया गया।




विजयलक्ष्मी के अलावा चार अन्य को भी सम्मानित किया गया है। विजयलक्ष्मी, सिंगापुर में ही रह रही हैं और उनके पास वहीं की नागरिकता है। नेशनल हैरिटेज बोर्ड (एनएचबी) ने शुक्रवार को कहा कि नेशनल गैलरी सिंगापुर में संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्री एडविन टोंग ने विजयलक्ष्मी तथा चार अन्य लोगों को एनएचबी के 'द स्टूअर्ड इंटेंजिबल कल्चर हेरिटेज अवॉर्ड' से सम्मानित किया। विजयलक्ष्मी के अलावा, पुरस्कार पाने वाले चार लोगों में मलय ड्रम निर्माता मोहम्मद यजीज मोहम्मद हसन, पेरनकन शैली के आभूषण निर्माता थॉमिस क्वान, चीनी चाय की दुकान चलाने वाले पेक सिन चून और ट्योश्यू पेस्ट्री दुकान के संचालक थेई मोह चान शामिल हैं। मूलरूप से तमिलनाडु के त्रिची में जन्मी एवं पली-बढ़ी 66 वर्षीय कलाकार विजयलक्ष्मी पांच साल की उम्र से ही, पांच हजार साल पुरानी भारतीय लोककला रंगोली बनाती आ रही हैं। उन्होंने अपनी मां से यह कला सीखी जो हर सुबह अपने आंगन में रंगोली बनाती थीं।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी के ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला

पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी - मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

महिला को डीआईजी बंगला छोड़ने गए थे मैनेजर, बाइक सवारों ने की वारदात

# होटल मैनेजर से कार की चाबी और मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार लुटेरे, पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला चौराहा पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने होटल मैनेजर की कार की चाबी और मोबाइल छीन ली। दरअसल, मैनेजर कार से अपने होटल में आई महिला को छोड़ने के लिए जा रहे थे, तभी बदमाशों ने उनका पीछा किया और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उक्त मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपियों से लूटा गया मोबाइल और कार की चाबी बरामद की गई है। वारदात में इस्तेमाल एक बाइक जब्त की गई, जबकि चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बाइक बरामद की जाएगी।

पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया मोबाइल, कार की चाबी और एक बाइक जब्त की

पुलिस के अनुसार विजयपाल सिंह पिता जसरथ सिंह (21) कुरावर, जिला राजगढ़ का रहने वाला है। वह पीटू होटल पोस्ट ऑफिस के पास न्यू जेल रोड में मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी होटल में एक मुस्लिम महिला आई थी। रात करीब 12 बजे वह होटल के सामने ऑटो के इंतजार कर रही थी। रात अधिक हो चुकी थी, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। वे महिला को घूर रहे थे। महिला डर गई और विजयपाल के पास पहुंचकर मदद मांगी। वह कहने लगी कि मुझे घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिल रहा है। डीआईजी बंगला चौराहा तक छोड़ दीजिए।

विजय पाल ने होटल की ओला कार में महिला को पीछे वाली सीट पर बिठाया और उसे छोड़ने डीआईजी बंगला चौराहा जाने लगे। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने उनकी कार का पीछा किया। इसी बीच एक अन्य बाइक पर दो युवक और आ गए। चारों ने कार का पीछा किया और डीआईजी बंगला पर विजय पाल को रोक लिया। आरोपी उनकी कार का पीछा करते हुए मोबाइल पर वीडियो भी बना रहे थे।

### महिला ने शोर मचाया तो मोबाइल छीनकर भागे बदमाश



विजय पाल ने बताया कि डीआईजी बंगला चौराहा पर बाइक सवार युवकों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। इस पर कार में बैठी महिला घबरा गई और शोर मचाते हुए थाने की तरफ दौड़ लगा दी। यह देख आरोपियों ने विजय पाल को धमकाते हुए मोबाइल और कार की चाबी छीन ली। जब तक महिला पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचती आरोपी भाग चुके थे। आरोपी छीना झपटी के दौरान एक दूसरे को अमन, दानिस, फैजान और फराज कहकर पुकार रहे थे। पुलिस ने उक्त नामों के आधार पर लूटपाट का मामला दर्ज किया। देर रात पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान अमनउद्दीन पिता मुबीन उद्दीन उम्र (19) विवेकानंद कॉलोनी करोंद थाना निशातपुरा, दानिश पिता लियाकत अली (25) कृषक नगर जेल रोड, करोंद और फैजान पिता अहमद अली (22) करोंद के रूप में की गई है। फरार आरोपी फराज की तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र देवमाता अस्पताल के पास ईडब्ल्यूएस फेस-5 में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रात में खाना खाकर सोया था और सुबह उसकी नींद नहीं खुली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार कमलेश पठेकर पिता रघुवीर पठेकर (35) ईडब्ल्यूएस- 210, देवमाता अस्पताल के पास फेस-5 में रहता था। मूलतः बैतूल निवासी कमलेश पठेकर पूर्व में मार्केटिंग का काम करता था। इन दिनों वह बेरोजगार था। उसकी पत्नी निजी अस्पताल में नर्स की नौकरी करती है। कमलेश के रिश्तेदार तुलसीराम पवार ने बताया कि बुधवार रात कमलेश ने खाना खाया और सो गया था। शुक्रवार सुबह उसकी नींद नहीं खुली। हिलाने डुलाने पर शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके कमलेश की पत्नी ने सीपीआर दी, लेकिन कमलेश की मौत हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप



### मनुष्य को नहीं करना चाहिए अहंकारः तिवारी

**मंडीदीप।** नगर के वार्ड 13 स्थित रामकुंड में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक रजत तिवारी ने ब्रम्हा जी के द्वारा सृष्टि का सृजन, बारह अवतार आदि की कथा सुनाई। इसके बाद मनु और शत्रुपा के द्वारा सृष्टि का संचालन, प्रजापति दक्ष के ने अहंकार वश भगवान शिव के अपमान आदि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा अहंकार के कारण ही लोग अपने पुण्यो को नष्ट कर देते है। जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए। इस जगत में जो कुछ मिला है, वह ईश्वर की कृपा से ही मिला है। हमें उनका ही भजन करना करना चाहिए।

### बैंक लोन से परेशान व्यापारी ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित पूजा श्री कॉलोनी में कपड़ा व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने बैंक से लिए लोन से परेशान होने का जिक्र किया है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार जनक आयलानी (52) पूजाश्री कॉलोनी, सीटीओ बैरागढ़ में रहते थे। उनकी कपड़े की दुकान हैं। जनक के दो बच्चे हैं और वह भोपाल के बाहर पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कामय कर शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया।

### जेल प्रहरी की तलाकशुदा बेटी से छेड़छाड़

**भोपाल।** अरेरा हिल्स पुलिस ने जेल प्रहरी की बेटी की शिकायत पर मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि करीब दो साल से पीछा कर रहा है। वह घर से बाहर आते-जाते उसका पीछा करता है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर गुरुवार शाम उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी सहाब खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित भोज नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसकी लाश पड़ोसी ने घर में फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है। पुलिस के अनुसार शैतान लोधी पिता हीरालाल लोधी (40) भोज नगर, कोलार में रहता था और मजदूरी करता था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 169 | 62 | 138 |
| रातः | 158 | 44 | 220 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 167 | 43 | 247 |
| रातः | 125 | 83 | 148 |

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित दाल मिल के पास हुई वारदात

# किसान की बाइक में लगे बैग में रखे दो लाख रुपए चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर

### सीसीटीवी कैमरे में मुंह पर दुपट्टा लपेटे हुए वारदात करता नजर आया संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित दाल मिल के पास गुरुवार दोपहर अज्ञात बदमाश ने किसान की बाइक के बैग में रखी दो लाख रुपए की नगदी निकाल ली। घटना के समय किसान बाइक खड़ी कर किराना दुकान पर बीड़ी खरीदने गए थे। कुछ ही देर बाद बाइक के पास लौटे तो बाइक के बैग की चेन खुली मिली और अंदर रखे रुपए चोरी हो चुके थे। चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज देखने पर एक संदिग्ध बैग से नगदी चुराते हुए नजर आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार मोहर सिंह राजपूत (50) ग्राम पीपलखेड़ी, तहसील बैरसिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उनका गल्लामंडी स्थित को-आपरेटिव बैंक में खाता है। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह बैंक पहुंचे और रुपए निकालने के लिए अपनी विड्रॉल फार्म जमा किया। सुबह बैंक में कैश नहीं होने के कारण बैंककर्मी ने उन्हें डेढ़ बजे दोपहर में बुलाया। दोपहर करीब ढाई बजे मोहर सिंह बैंक पहुंचे और 2 लाख 87 हजार निकाले। बैंक वालों ने उन्हें 200 रुपए की 10 गड्डियों के अलावा 500 रुपए और 50 रुपए के नोट दिए थे। मोहर सिंह ने रस्सी में बंधे 2 लाख रुपयों की गड्डी बाइक के बैग में रख ली और चेन लगा दी। बाकी के रुपए उन्होंने अपने पास रखे थे। वे घर जाने के लिए निकल गए।



#### बीड़ी लेने के लिए दुकान पर रुके तो चोरी हो गए रुपए

बैरसिया दालमिल के पास पहुंचकर मोहर सिंह ने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और किराना दुकान पर बीड़ी लेने चले गए। कुछ देर बाद बाइक के पास लौटे तो बैग की चेन खुली हुई थी। अंदर रखे 2 लाख रुपए का बंडल नहीं था। उन्होंने आसपास देखा तो कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। मोहर सिंह ने बैंक पहुंचकर अधिकारियों को बताया तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत करने की सलाह दी। उसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। बाद में बैरसिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

#### चौरी कर बाइक से भाग निकला बदमाश

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इस दौरान एक युवक चेन खोलकर रुपए का बंडल निकालते हुए दिखाई नजर आया। इसके बाद वह एक बाइक पर बैठकर भाग निकला।

#### फसल आते ही बैंक के आसपास सक्रिय होता है गिरोह

ग्रामीण अंचल में यह कोई पहली वारदात नहीं है। प्रत्येक वर्ष फसल आने के बाद किसान बैंक से रुपए निकालने पहुंचते हैं। इस दौरान गिरोह बैंक और आसपास खड़े होकर किसानों पर नजर रखता है। इसके बाद गिरोह के बदमाश मौका मिलते ही थैले अथवा बाइक के बैग में रखे रुपए लेकर फरार हो जाते हैं।

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मिल्क मोहल्ला की घटना


## प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस से दो लाख बीस हजार रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या नगर में भगवती कंस्ट्रक्शन के ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश दो लाख बीस हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गया। घटना की शिकायत करने पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर का आरोप है कि उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। हालांकि बाद में जब पुलिस से संपर्क किया गया तो शिकायत दर्ज करने फरियादी को बुलाया गया था।

जानकारी के अनुसार मनोज अग्रवाल, अनमोल विला में रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलर है। वे विद्या नगर में भगवती कंस्ट्रक्शन नाम से ऑफिस का संचालन करते हैं। उनका प्रॉपर्टी डीलिंग के अलावा कंस्ट्रक्शन का भी काम है। गत 2 अप्रैल की रात करीब 8 बजे उन्होंने अपना ऑफिस बंद किया था। अगले ही दिन 3 अप्रैल की सुबह उनके ऑफिस का कर्मचारी प्रशांत मनशर पहुंचा तो उसने ऑफिस का ताला टूटा देखा। इसके बाद मनोज अग्रवाल को घटना की जानकारी दी। वे मौके पर पहुंचे तो ऑफिस के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था, जबकि अंदर दराज का भी लॉक टूटा था। दराज में उन्होंने दो लाख बीस हजार रुपए की नगदी और जरूरी दस्तावेज रखे थे। जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

सीसीटीवी फुटेज सौंपे मनोज अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने थाने में मौजूद एसआई गोकुल प्रसाद को सीसीटीवी कैमरे फुटेज सौंपे है। फुटेज में तीन अलग-अलग स्कूटर नजर आए हैं। उनका अनुमान है कि इन्ही किसी स्कूटर से चोर आया था और वारदात को अंजाम दिया है।



#### शिकायती आवेदन मिलने पर करेंगे जांच

घटना की शिकायत थाने में नहीं की गई है। शिकायती आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**अमित कुमार सोनी**
थाना प्रभारी बागसेवनिया

## जयदीप जैन धार्मिक संस्कार शिविर के प्रभारी नियुक्त

**मंडीदीप।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा पूरे भारत में ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर लगाए जाते हैं, जिसमें शिविर की रूप रेखा को लेकर मुनि सुधासागर महाराज के पास जबलपुर बहोरीबंद में सम्पूर्ण भारत के शिविर प्रभारियों को नियुक्त किया गया, जिसमें गुरुदेव के मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने हेतु भारतवर्षीय शिविर प्रभारी उत्तम चंद पाटनी अपने सारी टीम और शिविर प्रभारियों के साथ पहुंचे।

पूज्य मुनिश्री ने बताया कि बच्चों के अंदर संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए अनिवार्य रूप से सभी जैन मंदिरों में अनिवार्य रूप से शिविर लगना चाहिए। मां जिनवाणी का प्रचार प्रसार होना चाहिए। यह शिविर जीवन के चहुंमुखी विकास के लिए धार्मिक संस्कारों पर आधारित होते हैं। सांगानेर संस्थान द्वारा पुनः संपूर्ण भोपाल शहर का प्रभारी जयदीप जैन शास्त्री (वास्तुविद) को बनाया गया। जो झीलों की नगरी भोपाल में अनेक वर्षों से वृहद स्तर पर शिविरों को लगाकर धर्म प्रभावना करते आ रहे हैं। जयदीप शास्त्री ने बताया कि इस बार भी पूज्य गुरुदेव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संपूर्ण भोपाल के जिनालयों में धार्मिक संस्कार शिविर मई में लगाए जाएंगे।

## टीआई ने आदिवासी को सूदखोर से दिलवाए जमीन के कागजात



**औबेदुल्लागंज।** गरीब आदिवासी ने अपनी जमीन एक सुदखोर के पास गिरवी रखी है गरीब आदिवासी ने मूल रकम के साथ दोगुना ब्याज भी दे दिया था, मगर सूदखोर आदिवासी से 2 लाख रुपए और मांग रहा था। परेशान होकर आदिवासी औबेदुल्लागंज थाना के टीआई भरत प्रताप सिंह से मिला और पूरा किस्सा सुनाया।

टीआई ने गरीब आदिवासी की दास्तां सुनकर सुदखोर को थाने बुलाया और आदिवासी और सूदखोर की आमने-सामने बात कराई। टीआई भरत प्रताप सिंह ने सूदखोर से आदिवासी की जमीन के कागजात वापस दिलवाए और सुदखोर से कहा पूरा कर्ज दे चुका है, आदिवासी अब परेशान मत करना। आदिवासी ने टीआई भरत प्रताप सिंह की। नगर में सूदखोरी का कारोबार जमकर चल रहा है।

खेड़ापति माता मंदिर परिसर में होनी है प्रतिमा की स्थापना

## श्री भैरव बाबा ने किया नगर भ्रमण जगह-जगह भक्तों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज







श्री भैरव बाबा शुक्रवार को नगर भ्रमण पर निकले। शोभायात्रा मैन बाजार, सीताराम चौराहा होते हुए खेड़ापति माता मंदिर हिरानियां पहुंची। खेड़ापति माता मंदिर में भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए द्वारकाधीश अरोरा, अर्जुन अरोरा, अनिल अरोरा, प्रदीप अरोरा ने 2 अप्रैल से धार्मिक आयोजन कर रहे हैं। अर्जुन दास अरोरा, अनिल अरोरा, प्रदीप अरोरा ने कहा भैरव बाबा की प्रतिमा 50 वर्ष पहले स्थापित होना चाहिए थी।

शुक्रवार को नगर भ्रमण के दौरान बहावलपुर समाज, व्यापार महासंघ, किरणा संघ, सराफा संघ, महिला मंडल शामिल हुईं। वहीं सेवा करते हुए लोगों ने यात्रा में शामिल लोगों को शरबत और आइसक्रीम का वितरण किया। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। नीरज चावला, पंकज कोठारी, नंदू शर्मा, भोले शुभम ज्वेलर्स के प्रदीप अरोरा, हिंदू उत्सव समिति के सदस्य, बहावलपुर समाज, व्यापार संघ आदि ने स्वागत किया। बल्लू अरोरा, अमित राय, जगदीश चंदानी, रतन मेघानी, गिरीश चावला, रवि कमल, कैलाश डब्बू नागर, दिनेश सेन, विक्रम धाड़ी, सुरजीत सिंह गिल, मनोज चौरसिया, राजू पटेल, विजय जैन, निर्मल यादव, अरुण भावसार, नीतू बत्रा, महिला मंडल सभी भजन गाते शोभायात्रा में चल रहे थे। हिंदू उत्सव समिति के राजेश खटीक, कमल मालवीय, संतोष गुप्ता, बंटी जोशी आदि मौजूद रहे।

## श्री राम मंदिर में अखंड रामायण पाठ आज से

**औबेदुल्लागंज।** श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री मानस मंडल द्वारा श्री राम मंदिर में शनिवार से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। श्री मानस मंडल के सदस्य संतोष गुप्ता, राजकुमार, अनिल, गोपाल, अंशुल, अरविंद राय, संदीप, मुकेश ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। संतोष गुप्ता ने बताया कि अखंड रामायण पाठ लगातार राम जन्मोत्सव पर 60वर्षों से होता आ रहा है।

#### श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर, घर-घर दे रहे आमंत्रण

नगर में 12 अप्रैल को धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी जोरों चल रही है। कार्यकर्ता दुकान-दुकान और घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दे रहे हैं। 12 अप्रैल को सुबह 10 से 2 बजे तक इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया गया है। वहीं शाम 5 बजे से विशाल चल समारोह निकाला जाएगा, जो श्री हनुमान मढ़िया गौहरगंज रोड से प्रारंभ होकर इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर समापन होगा।

डॉक्टर बोले समय पर नहीं पहुंचता अस्पताल तो जा सकती थी जान

## ट्रेन से कटा युवक का पैर, चार्ली में मौजूद आरक्षकों ने ऑटो से पहुंचाया हमीदिया अस्पताल, बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मंगलवारा स्थित भारत टॉकिज ब्रिज के नीचे शुक्रवार दोपहर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका बांया पैर घुटने के पास से कट गया। हादसे की सूचना मिलते ही मंगलवारा पुलिस की चार्ली में मौजूद दो आरक्षक मौके पर पहुंचे और घायल को ऑटो की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद जीआरपी को सूचना दी गई।

दरअसल, घटनास्थल जीआरपी का था। बावजूद इसके पुलिसकर्मियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टर का कहना है कि ब्लीडिंग ज्यादा हो गई थी, यदि समय रहते युवक को अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो उसकी जान जा सकती थी।

पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन निवासी 40 साल का घनश्याम परमार प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार दोपहर भारत टॉकिज ब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से उसका बांया पैर घुटने के पास से कट गया। पैर कटने के बाद घनश्याम रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ था। भीड़ उसका वीडियो बना रही थी। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी और मंगलवारा थाने में पदस्थ कांस्टेबल शुभम परमार समेत आरक्षक दीवान सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस को आने में देरी हो जाती। लिहाजा उन्होंने चादर की व्यवस्था की और घायल को भीड़ में मौजूद कुछ लोगों की मदद से सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद ऑटो से घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। वहां घनश्याम का इलाज चल रहा है।

ईंटखेड़ी में भी शराब दुकान हटाने की मांग

## शराब दुकान के पास धरना सुंदरकांड कर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में शराब दुकानों के खोले जाने से समस्या शहरी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ती जा रही है। बैरसिया रोड स्थित ईंटखेड़ी पंचायत में मुख्य मार्ग पर ही शराब दुकान संचालित की जा रही है, जिससे यहां आसपास के 13 गांव के लोग परेशान हो रहे हैं तो वहीं महिलाओं, छात्राओं का निकलना मुश्किल हो गया है। शराब दुकान के संचालन से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सेमरा गेट साईंराम कॉलोनी में शराब दुकान के विरोध में रहवासी धरने पर बैठे हुए हैं। यहां शुक्रवार को रहवासियों ने दूसरी बार सुंदरकांड का पाठ किया। वहीं हाथों में तख्तियां लिए महिलाएं और बच्चे दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान है, वहां स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी क्षेत्र भी है, ऐसे में दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट किया जाना चाहिए। शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को ज्ञापन देते हुए बताया कि ईंटखेडी से भैरोपुरा सहित अन्य 13 गांव के मुख्य मार्ग पर शराब दुकान संचालित की जा रही है। यह दुकान दो स्कूल से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित है। इस मार्ग से महिलाएं, बच्चियां, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। शराब दुकान से दो किलोमीटर तक मार्ग के दोनों तरफ बैठकर लोग शराब पीते हैं और रास्ता रोककर खड़े रहते हैं।



# बैंड के 50 बच्चों को चारों वेद कंठस्थ, लगातार 24 घंटे करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

## बच्चों को संस्कृति-संस्कार से जोड़ने की 'नींव-संस्कृत बैंड' की सराहनीय पहल का सार्थक परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

2 से 15 साल तक के बच्चे जो धोती-कुर्ता पहने, माथे पर चंदन लगाकर अपनी सुरीली आवाज में सुनाते हैं श्लोक, मंत्र और वंदनाएं साथ ही इन मंत्रों का अर्थ भी समझाते हैं। आज के समय के यह ऐसे बच्चे हैं जो अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़े हैं और इन संस्कृति व संस्कारों का प्रचार प्रसार बैंड के माध्यम से करते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं भोपाल के 'नींव-संस्कृत बैंड' की, जिसमें शहर के करीब 150 बच्चे शामिल हैं और यह बच्चे गीता के श्लोक, गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का ही जाप नहीं करते बल्कि चारों वेदों के श्लोकों को कंठस्थ रुप से बैंड परफार्मेंस के जरिए सुनाते हैं और उनका अर्थ भी बताते हैं।

**'नींव' के बच्चे न केवल श्लोक, मंत्र और वंदनाएं गाते हैं, बल्कि इनका हिंदी अनुवाद भी करके सुनाते हैं**



### संस्कार और संस्कृति से परिचित कराने बनाया बैंड

'नींव-संस्कृत बैंड' के फाउंडर सौरभ परिहार ने कहा कि मैंने और प्रिया भदोरिया ने मिलकर 2022 में इस बैंड की नींव रखी। उन्होंने कहा कि आज बच्चे सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव हो गए हैं कि अपनी संस्कृति और संस्कारों को कहीं दूर छोड़ दिया है। ऐसे में बच्चों को सनातन धर्म की सीख देने के साथ-साथ उन्हें वेदों का ज्ञान, धार्मिक ग्रंथों के श्लोकों से अवगत कराने के उद्देश्य से हमनें यह ग्रुप बनाया।



### अलग-अलग स्लॉट में करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

सौरभ ने कहा कि अपनी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब हमारे यह बच्चे आने वाली हनुमान जयंती पर लगातार 24 घंटे हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। जिसमें करीब 50 बच्चे शामिल हैं और आने वाले समय में और भी रजिस्ट्रेशन बढ़ेंगे। सौरभ कहते हैं कि इसके लिए हमने अलग-अलग स्लॉट बनाए हैं वहीं प्रिया कहती हैं कि बैंड से जुड़े बच्चे सबसे पहले मां सरस्वती का पूजन करते हैं इसके बाद ही प्रस्तुति देते हैं।

### फ्री क्लासेस के माध्यम से मिलती है बच्चों को शिक्षा

उन्होंने बताया कि सभी बच्चों की क्लास एक साथ लगती है। जिसमें से 90 बच्चे स्लम्स से हैं। यह सभी बच्चे मिलकर ग्रुप में परफॉर्मेंस देते हैं। उन्होंने कहा कि जिसमें स्लम के बच्चों की क्लासेस फ्री में ली जाती है, जिसमें उन्हें वेद, पुराण और मंत्रों के साथ जीवन से जुड़े पाठ्यक्रमों को भी पढ़ाया जाता है।

### 'थिएटर थेरेपी' से कराते हैं पाठ्यक्रम कम्पलीट

एमपीएसडी से थिएटर थेरेपी कोर्स करने वाले प्रिया और सौरभ ने कहा कि हम इन्हें केवल गीत या बैंड के लिए तैयार ही नहीं करते बल्कि इनके सिलेबस को थिएटर थेरेपी के माध्यम से पढ़ाते हैं, क्योंकि वर्तमान में बच्चे रटन विद्या के रुप में पढ़ाई करते हैं और हम इन्हें प्रेक्टिल माध्यम से शिक्षा देते हैं ताकि यह पाठ्यक्रम को रटे नहीं बल्कि उसे समझकर याद रखें।

# सिंधी साहित्य सभा का वार्षिक पुरस्कार समारोह आज नई दिल्ली में

**भोपाल।** अखिल भारतीय सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक पुरस्कार समारोह सुहिणा सिंधी शनिवार 5 अप्रैल को आर्य ऑडिटोरियम ईस्ट ऑफ कैलाश नई दिल्ली में हो रहा है।

संस्था ने साहित्य, संगीत, चित्रकला, पत्रकारिता, नाटक और नृत्य कला से जुड़ी 10 सिंधी भाषी विभूतियों को सम्मानित किया जा रहा है। इनमें अदीब अवॉर्ड अरुण बाबाणी, मुंबई, संगीत अवार्ड नील तलरेजा, बुरहानपुर, फनकार अवार्ड घनश्याम भगत अजमेर, लैंग्वेज प्रमोशन अवॉर्ड रमेश लाल, नई दिल्ली, चित्रकला अवार्ड आभा आसुदाणी, नागपुर, नृत्य अवॉर्ड काव्या नावाणी, दिल्ली, सिंधियत अवार्ड विजय इसराणी, नई दिल्ली, साहित्य अवॉर्ड वीना श्रृंगी, दिल्ली और ड्रामा अवॉर्ड दिल्ली की नाट्य संस्था सिंधु कला संगम के महासचिव कीर्ति ज्ञानचंदानी को दिया जा रहा है।

## अशोक मनवानी करेंगे कार्यक्रम का संचालन

कार्यक्रम आयोजक सिंधी साहित्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी जयसिंघाणी ने बताया कि इस अवार्ड कार्यक्रम में सभा के मप्र शासन के पदाधिकारी भोपाल के अशोक मनवानी कार्यक्रम का संचालन करेंगे। वर्ष 2023 में भोपाल में और वर्ष 2024 में इंदौर में इस राष्ट्रीय संस्था के वार्षिक अवार्ड कार्यक्रम संपन्न हुए हैं, जिनका संयोजन अशोक मनवानी ने किया था। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा पर चर्चा की।

**शहीद भवन में गांधारी के जीवन के अनछुए पहलुओं पर आधारित नाटक 'गांधारी' का मंचन**

# महिला कलाकारों ने निभाई भीम, भीष्म पितामह, धृतराष्ट्र और कृष्ण की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

चार महिला एवं एक पुरुष कलाकार द्वारा महाभारत की पूरी कथा को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करता नाटक 'गांधारी', जिसमें 15 से 26 वर्ष की महिला कलाकारों ने ही पुरुष पात्रों भीम, युधिष्ठिर, भीष्म पितामह, धृतराष्ट्र और कृष्ण आदि की भूमिकाएं निभाईं। इतना ही नहीं एक-एक कलाकार द्वारा करीब 3-4 किरदारों को भी निभाया गया। महाभारत की महत्वपूर्ण पात्र गांधारी के जीवन पर अनछुए पहलुओं की गाथा कहता नाटक 'गांधारी' का मंचन शुक्रवार को शहीद भवन सभागार में किया गया। जयवर्धन द्वारा लिखित 1 घंटे 10 मिनट के इस नाटक में निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष श्रीवास्तव ने किया। साथ ही नाटक में रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं का भी उम्दा उपयोग किया गया।



### आंखों पर पट्टी न बांधती तो रुक सकता था महाभारत युद्ध

नाटक में दिखाया कि विवाह के समय अपने जन्मांध पति धृतराष्ट्र के लिए गांधारी अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती है। इसी कारण वह महाभारत के दौरान अपने पुत्रों द्वारा किए गए अत्याचारों को रोकने में असमर्थ रहती है। युद्ध के अंत में अपने पुत्र दुर्योधन का शव देख पुत्रमोह में श्री कृष्ण को श्राप देती है। जिसे कृष्ण स्वीकारते हैं, जिसके बाद गांधारी को अपने निर्णयों पर पछतावा होता है। उसे यह अहसास होता है कि यदि उसने अपनी आंखों पर पट्टी नहीं बांधी होती तो शायद महाभारत का यह विनाशकारी युद्ध रोका जा सकता था।

### महिला कलाकारों को दिया पुरुष पात्रों के बॉडी मूवमेंट का प्रशिक्षण

महिलाओं द्वारा पुरुष पात्रों का किरदार निभाने के सवाल पर निर्देशक आशीष ने कहा कि मेरी वर्कशाप में बड़ी संख्या में लड़कियां ही आती हैं। साथ ही आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। ऐसे में मुझे लगा कि क्यों न पुरुष पात्रों का किरदार महिलाओं द्वारा ही करवाया जाए, जिससे उन्हें थिएटर का अलग एक्सपीरियंस होगा। इसके लिए मैंने महिला कलाकारों को पुरुष पात्रों के बॉडी मूवमेंट, हाव-भाव और संवाद अदायगी का विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया।

### तीन कलाकारों ने निभाई भगवान कृष्ण की भूमिका

आशीष ने कहा कि इस नाटक को तैयार करने में करीब तीन महीने का समय लगा, जिसमें पांच कलाकारों द्वारा गांधारी के दृष्टिकोण से महाभारत की कथा को दर्शाया। नाटक में कृष्ण की भूमिका तीन कलाकारों द्वारा और गांधारी की भूमिका दो कलाकारों द्वारा निभाई गई। प्रकाश परिकल्पना कमल जैन की रही।



सरदार वल्लभभाई पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'ओजस 2025' में लगा डांस और म्यूजिक का तड़का

# अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, विश्व विनोदिनि नन्दिनुते.... की प्रस्तुति रही खास

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

महिषासुर मर्दिनी देवी स्त्रोत अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, विश्व विनोदिनि नन्दिनुते.... पर आधारित नृत्य प्रस्तुति में मां दुर्गा का रूप दिखाई दिया तो वहीं अंबरसरिया...., जूबी डूबी...., ये दिल...., ओ रंगरेज... जैसे हिंदी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति ने समां को गीत संगीत की लहरियों से संजो दिया। नृत्य की इस मनभावन प्रस्तुति का नजारा था शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'ओजस 2025' में, जिसमें कॉलेज के स्टूडेंट्स ने सोलो और ग्रुप डांस की एक से बढ़कर एक परफार्मेंस देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।



### दीवानी-मस्तानी..., ओ रंगरेज... की प्रस्तुति रही खास

ओजस में जब छात्रा कीर्ति ने ओ रंगरेज... पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया तो वहीं पूजा ने दीवानी-मस्तानी... गीत पर दीपिका जैसी अदाओं का जलवा बिखेरा। साथ ही प्रियांशी की बन ठन चली... गाने पर परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम को ऊर्जावान बना दिया। वहीं डुएट डांस में बिल्लो रानी..., गीत ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही सोलो सिंगिंग में वैष्णवी तोमर ने दिल तो है दिल, शमशाद खान ने रुक जा ओ दिल दीवाने गाने की प्रस्तुति दी।

# रीतिका शिवहरे ने जीता मिस इंडिया 2025 का खिताब, मध्य प्रदेश की बेटी ने रचा इतिहास

**भोपाल।** भोपाल की प्रतिभाशाली बिजनेस वुमन रीतिका शिवहरे ने विजनारा ग्लोबल मिस इंडिया अवॉर्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। यह भव्य अवॉर्ड शो दिल्ली के प्रसिद्ध द उमराव होटल में आयोजित हुआ, जिसमें देश भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रीतिका ने इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक टैग्स हासिल कर न केवल मिस इंडिया 2025 का ताज जीता, बल्कि बोल्ड विजनरी क्रिएटर, लिगेसी क्रिएटर और मिस इंडिया सेंट्रल जोन जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा गया। रीतिका का यह सफर यहीं नहीं रुका। इससे पहले उन्हें मध्य प्रदेश बिजनेस ग्लोरी अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है, जो उनकी उद्यमशीलता और सामाजिक योगदान का प्रमाण है। एक सफल बिजनेसवुमन के रूप में रीतिका ने मध्य प्रदेश में 50 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। उनकी यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही है।



# बी योर सेल्फ आत्म खोज की यात्रा पुस्तक का विमोचन

## बीयू के कुलगुरु डॉ. जैन रहे प्रमुख रूप से मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गांधी पीआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश साहू द्वारा लिखित बहुप्रतीक्षित पुस्तक बी योर सेल्फ आत्म खोज की यात्रा का शुक्रवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू, प्रो. एसके जैन द्वारा विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में कुलगुरू के अलावा उप-कुलसचिव एवं शिक्षाविद, छात्र और पुस्तक प्रेमी एवं ओलिब प्रकाशन के सीईओ उपस्थित रहे। पुस्तक के बारे में बताते हुए लेखक डॉ. राकेश साहू ने कहा कि बाहरी अपेक्षाओं से भरी दुनिया में स्वयं के प्रति सच्चे रहना एक आवश्यक प्रयास बन गया है। यह पुस्तक व्यक्तिगत और व्यावसायिक संतुष्टि चाहने वालों के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करेगी।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया सम्मानित

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने सीएसआर एक्सीलेंस कैटेगरी में जीता इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड-2025

हरिभूमि न्यूज ⏭सतना

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से रजनीश सचेती, ग्रुप प्रेसीडेंट, लीगल एंड इनडायरेक्ट टैक्सेस, मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स, देवेन्द्र मिश्रा एजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं विनय उरमलिया मैनेजर पीआर ने एक निजी होटल में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। यह सम्मान कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किए गए महत्वपूर्ण योगदान एवं समाज-सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।



**पचमढ़ी, मांडू, भोपाल के आस-पास हुई शूटिंग**

# मप्र की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माई गईं एक्टर मनोज कुमार की फिल्में

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बॉलीवुड के भारत कहे जाने वाले एक्टर, राइटर और डायरेक्टर मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। हृदय संबंधी दिक्कतों और डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे बॉलीवुड के भारत कुमार। एक्टर के निधन से बॉलीवुड के साथ ही उनके फैंस भी शोक में डूब गए। 1957 में एक फैशन ब्रांड से स्क्रीन डेब्यू करने वाले मनोज कुमार की कई फिल्मों को मध्य प्रदेश की खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्माया गया है। मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में फिल्माई जाने वाली ये फिल्में ऐसी थीं, जो बॉलीवुड में धमाल मचा गईं और मनोज कुमार को देश भक्ति के साथ ही एक रोमांटिक हीरो का खिताब भी दिला गईं।



### क्रांति- चंदेरी के किलों, महलों में फिल्माई

फिल्म क्रांति (1981) में आई थी। इस फिल्म के कई सीन की शूटिंग दुनियाभर में साड़ियों और कपड़ों के लिए मशहूर चंदेरी में हुई थी। यहां ऐतिहासिक किलों, महलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाने जाना वाला चंदेरी आज भी डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स की पहली पसंद है।

### रोटी-कपड़ा और मकान, भोपाल के आस-पास

मनोज कुमार की फिल्म रोटी-कपड़ा और मकान की शूटिंग भोपाल और इसके आसपास के गांवों में की गई थी। 1974 की इस फिल्म के कुछ दृश्य यहीं फिल्माए गए, जो उस समय के सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को दर्शाते थे।

### उपकार- पचमढ़ी

मध्यप्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी भी मनोज कुमार की फिल्म की शूटिंग की कहानी सुनाता है। यहां का शांत वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता के कारण मनोज कुमार की उपकार फिल्म की शूटिंग के लिए पचमढ़ी को चुना गया।

### पूरब और पश्चिम- मांडू

मनोज कुमार अभिनीत देशभक्ति की ये फिल्म पूरब और पश्चिम (1970) के कुछ दृश्य एमपी के खुशियों के शहर मांडू में फिल्माए गए थी। प्राचीन खंडहरों और रोमांटिक हिस्ट्री के लिए मशहूर मांडू में इस फिल्म के कुछ हिस्सों को फिल्माया गया है।

### पचमढ़ी और भोपाल थी डायरेक्टर्स की पहली पसंद

बताया जाता है कि मनोज कुमार की फिल्म दो बदन, हरियाली और रास्ता में जो रोमांटिक सीन या गीत फिल्माए गए हैं, वे मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में होने की ज्यादा संभावना है, क्योंकि फिल्म में हरियाली और पहाड़ी क्षेत्र देखने से ऐसे ही प्रतीत होते हैं। चूंकि उस दौर में फिल्मों की लोकेशन नहीं बताई जाती थी। इसलिए इसकी पुष्टि होना मुश्किल हो गया है।

# चीन के वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे भोपाल के 10 प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारत का सबसे पुराना और बड़ा ट्विंस क्लब, ट्विंस क्लब, भोपाल, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-2003 में भी फीचर है, एक बार फिर भारत का नाम रोशन करने के लिए तैयार है। क्लब के 10 जुड़वां भाई-बहन (ट्विंस) 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक चीन में आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े ट्विंस फेस्टिवल में भाग लेंगे। यह फेस्टिवल 25 से 40 देशों के जुड़वां प्रतिभागियों को एक साथ लाकर विविध सांस्कृतिक और प्रतियोगितात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।



### ये रहेंगे शामिल

अभिषेक खरे-अनुज खरे
ओनी-ओनस मल्होत्रा
ऋद्धि-सिद्धि सातपुते
मंजरी-मयूरी अरोरा
नित्य-निश्चय खडोदे

18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

# नेटवर्क बढ़ने से महाराष्ट्र, ओडिशा और छग होंगे लाभान्वित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वैष्णव ने कहा- 4 नई परियोजनाओं को दी गई स्वीकृति



रेल मंत्री ने बताया कि इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

**रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी**

### परियोजनाओं में ये शामिल

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं।

### मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से और सुगम होगा रेल परिचालन

मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे।

### 19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि कनेक्टिविटी बढ़ने से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख लोगों तक लाभ पहुंचेगा।

### वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के लिए 6,839 करोड़ किए मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं पर स्थित गांवों के विकास के लिए पूर्ण रूप से वित्तपोषित केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 को मंजूरी दे दी। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने और जीवन स्तर में सुधार करके विकसित भारत ऐट 2047 के विजन के अनुरूप है। यह कार्यक्रम वीवीपी-I के तहत पहले से ही कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं (आईएलबीएस) से सटे ब्लॉकों में स्थित गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा।

### 'पीएम गति शक्ति' का उपयोग किया जाएगा



परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जाएगा और पीएम गति शक्ति जैसे सूचना डेटाबेस का उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने, सीमा पार अपराध को नियंत्रित करने और सीमावर्ती आबादी को राष्ट्र के साथ आत्मसात करने और उन्हें 'सीमा सुरक्षा बलों की आंख और कान' के रूप में विकसित करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियां और पर्याप्त आजीविका के अवसर पैदा करना है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

भाजपा ने कहा- ममता जाएंगी जेल

# हाईकोर्ट ने दी रामनवमी पर रैली निकालने की इजाजत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राम नवमी के दिन रैली निकालने को लेकर कोलकाता पुलिस द्वारा इजाजत न मिलने पर आक्रोश दिख रहा था। इस मामले में हाई कोर्ट ने अब आदेश जारी किया है। कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए जीटी रोड के रास्ते पिछले 15 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक रामनवमी शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। दूसरी ओर इसके जवाब में अंजनी पुत्र सेना नामक संगठन ने इस पारंपरिक मार्ग पर रैली निकालने की अनुमति के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इसी पर अब कोर्ट ने फैसला सुना दिया है।

### हिंदू संगठनों ने मांगी थी परमिशन

जिस रूट से यात्रा के लिए पुलिस ने परमिशन दी थी, वह अंजनी पुत्र सेना, वीएचपी और दुर्गा वाहिनी के लोगों को मंजूर नहीं था। हिंदू संगठन पुराने रूट पर ही यात्रा की मांग कर रहे थे। ऐसे में कोर्ट ने हिंदू संगठनों की मांगों को कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा मान लिया है। उन्हें उसी पुराने रूट से यात्रा की अनुमति दी गई गई है।

### हथियार या गोला-बारूद और डीजे नहीं होंगे

हाई कोर्ट ने कई तरह की शर्तें भी लगाई हैं। इसके तहत लोगों को कहा गया है कि किसी भी तरह की कोई बाइक रैली नहीं होगी। कोर्ट ने हथियार या गोला-बारूद नहीं होगा। रैली में डीजे या बाइक नहीं होगी। सभी रैलियां जीटी रोड के एक ही मार्ग पर होंगी। पुलिस को स्थिति का ध्यान रखने को कहा गया है।

भाजपा ने सीएम ममता पर बोला हमला

## जिम्मेदारी का अहसास हो तो इस्तीफा दें

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पश्चिम बंगाल में करीब 26 हजार शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अब भाजपा ने सीएम ममता बेनर्जी पर बड़ा हमला बोला है और उनसे इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा ने दावा किया कि बेनर्जी निश्चित रूप से जेल जाएंगी। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया है कि ममता हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के बाद शिक्षकों की भर्ती मामले में जेल जाने वाली दूसरी सीएम होंगी। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा ममता को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। उनमें जरा भी जिम्मेदारी का अहसास है तो पद छोड़ दें। वे निश्चित रूप से जेल जाएंगी।



वक्फ बिल को जबरन पारित कराया... सोनिया के बयान पर भड़के बिरला

# इस तरह का आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक को जबरन पारित कराए जाने वाले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान एक वरिष्ठ सदस्य का ऐसे आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है। गुरुवार को कांग्रेस संसदीय पार्टी की आम सभा की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा था कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया और इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक को जबरन पारित कराया गया। हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से ध्रुवीकृत रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

> गुरुवार को कांग्रेस संसदीय पार्टी की आम सभा की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा था कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया

**कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक में सोनिया ने कहा-संविधान पर हमला किया**

**संसद में बिल पास अब बयानबाजी खास**

*स्पीकर ने बगैर नाम लिए दिया जवाब*

*लोकसभा के कार्य और बहस को बताया*



### इतनी लंबी बहस के बावजूद संदेह करना कतई उचित नहीं

उन्होंने कहा कि वक्फ पर लोकसभा में 13 घंटे और 53 मिनट तक बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के कई सदस्यों ने भाग लिया। विधेयक पर 3 बार मत विभाजन हुआ और इसे सदन के नियमों के अनुसार पारित किया गया। इसलिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन के देर रात तक बैठने और लंबी बहस के बाद विधेयक पारित करने के बावजूद एक वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही पर संदेह कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है।

### संसदीय मंत्री ने उठाया यह मुद्दा

शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष के सामने यह मुद्दा उठाया। साथ ही इस पर निर्णय देने की मांग की। इस पर बिरला ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य, जो इस सदन के सदस्य रहे हैं और वर्तमान में दूसरे सदन के सदस्य हैं, ने संसद भवन परिसर में टिप्पणी की कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को जबरन पारित किया गया।

रिजिजू बोले- इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल

### राज्यसभा में वक्फ बिल पर 17 घंटे 2 मिनट चर्चा की



संसद का बजट सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों के कामकाज का ब्योरा देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हमने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। हमने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर 17 घंटे और 2 मिनट तक चर्चा की। इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल लगता है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ बिल का मामला

### कांग्रेस के जावेद ने दायर की याचिका



कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ की वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की और दावा किया कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। याचिका में आरोप लगाया कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किए गए हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने कहा कि वह संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को बहुत जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

### सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे



एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही वक्फ की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। हम भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे।



वक्फ के खिलाफ देशभर में मुसलमानों का प्रदर्शन

### कोलकाता से लेकर हैदराबाद और अहमदाबाद में सड़क पर उतरे

वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पास कर दिया गया है। इसे लेकर अब मुसलमान सड़क पर उतर गए हैं। देश के कोने-कोने में इस संशोधन विधेयक के खिलाफ मुसलमानों ने आंदोलन करना शुरू कर दिया है। कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर मुसलमानों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस बिल के पास होने पर इसे जम्हूरियत के लिए काला अध्याय और कलंक बताया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि सत्ताधारी लोग ताकत के नशे में मदहोश होकर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने मुस्लिम संगठनों और मुसलमानों की आवाज को नहीं सुना। इसके खिलाफ मुसलमान शांत नहीं बैठेगा और पूरे देश में प्रदर्शन किए जाएंगे।

### दिल्ली के जामिया में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

वक्फ के पास होने के बाद अहमदाबाद से लेकर कोलकाता तक अलग-अलग मुस्लिम संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अहमदाबाद में मुसलमानों ने इस बिल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कोलकाता, हैदराबाद समेत देश के अन्य राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्ली के जामिया इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। आरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

## खबर संक्षेप

### संभल की जामा मस्जिद में पूजन, 3 गिरफ्तार



**संभल।** यूपी के संभल जिले में मौजूद शाही जामा मस्जिद पहुंचे कुछ लोगों ने हिंदू अनुष्ठान करने का प्रयास किया है। पुलिस ने इस मामले में 3लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग दिल्ली से आए थे।

### महिला 4 बच्चों सहित कुएं में कूदी, सभी मृत



**जामनगर।** गुजरात के जामनगर जिले के एक गांव में एक महिला ने अपने 4 बच्चों के साथ कथित तौर पर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला और उसके बच्चों के शव कुएं में तैरते हुए दिखाई दिए।

### अध्यक्ष की रेस में नहीं अन्नामलाई 'बाहर'



**कोयंबटूर।** तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने साफ किया कि वे प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी तरह की प्रतिस्पर्धा की कोई गुंजाइश नहीं होती और यह सर्वसम्मति से तय किया जाता है।

राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

# वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में कोर्ट ने खारिज की याचिका

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत उनकी वर्तमान याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

> नेता विपक्ष ने निचली अदालत के आदेश को दी थी चुनौती

### हाजिरी माफी की अर्जी पर लगा था 200 रुपए जुर्माना

वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हाजिरी माफी की अर्जी लगाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दो सौ रुपए का हर्जाना लगाया गया था। गौरतलब है कि वादी नृपेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने 17 नवंबर 2022 को भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान वैमनस्यता पैदा करने के लिए महाराष्ट्र के अकोला में सार्वजनिक मंच से वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

# पेशेवरों को राजनीति में लाने को कांग्रेस ने शुरू किया 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलोशिप कार्यक्रम'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

कांग्रेस ने युवा पेशेवरों को पार्टी से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम' के तहत हर वर्ष देश भर से 50 मिड-कैरियर पेशेवरों का चयन किया जाएगा, जो राजनीति के जरिए समाज में अपना योगदान देना चाहते हैं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू और प्रोफेशनल्स कांग्रेस एवं डेटा एनालिटिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने यह घोषणा की। इस कार्यक्रम के बारे में एक्स पर पोस्ट करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि समय आ गया है भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोग अपनी शक्ति राजनीति में लाएं। 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम' मध्य-करियर पेशेवरों के लिए आह्वान है कि सार्वजनिक जीवन में कदम रखें, ईमानदारी से नेतृत्व करें और एक प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें।



### 50 पेशेवरों को प्रशिक्षित करेंगे

प्रवीण चक्रवर्ती ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत चयनित 50 पेशेवरों को पार्टी के भीतर प्रमुख नेता प्रशिक्षित करेंगे तथा उन्हें पार्टी से जुड़े कार्यों में लगाया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को राजनीति में वास्तविक जिम्मेदारी निभाने का अवसर देगा। आज हम हिंदू-मुस्लिम कानूनों पर बहस कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर भारी टैरिफ की घोषणा की है। भारत को ठोस आर्थिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

### मनमोहन सिंह की कमी खल रही

चक्रवर्ती ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता की कमी खल रही है, जो हमें इस स्थिति से बाहर लाने के लिए सलाह और मार्गदर्शन दे सकते थे। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद डॉ. सिंह से पूछा गया कि भू-राजनीतिक संकट से अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे बचाया जा सकता है। डॉ. सिंह ने इन मुद्दों पर विचार करने और समाधान खोजने के लिए युवा पेशेवरों का एक समूह बनाने का सुझाव दिया था।

सदन की कार्यवाही 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं: लोक सभा अध्यक्ष

# चौथे सत्र के दौरान लोक सभा की 26 बैठकें हुईं, 16 विधेयक पारित किए गए

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

अठारहवीं लोक सभा का चौथा सत्र, जो गत 31 जनवरी को शुरू हुआ था, शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 26 बैठकें हुईं जो लगभग 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं। राष्ट्रपति ने 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली। इस चर्चा में 173 सदस्यों ने भाग लिया।



**खास बातें**

- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली
- शून्य काल में लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए जो एक रिकॉर्ड बन गया

### बजट पर 16 घंटे13 मिनट चर्चा चली

वित्त मंत्री ने 1 फरवरी को सभा में केंद्रीय बजट 2025-2026 पेश किया। केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली। बिरला ने बताया कि इस चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 11 फरवरी को चर्चा का उत्तर दिया। 17 से 21 मार्च, 2025 तक सभा में चयनित मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और तत्पश्चात सभा द्वारा अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया। लोक सभा में 21 मार्च, 2025 को विनियोग विधेयक और 25 मार्च, 2025 को वित्त विधेयक पारित किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने जानकारी दी कि सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुनर्स्थापित किए गए और 16 विधेयक पारित किए गए। पारित किए गए। इनमें वित्त विधेयक, 2025, विनियोग विधेयक, 2025, 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025; वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025, और आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

### 134 तारांकित प्रश्नों के उत्तर मिले

उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 134 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। शून्य काल के दौरान सदस्यों ने लोक महत्व के कुल 691 मामले उठाए। बिरला ने बताया कि 3 अप्रैल, को लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए जो अभी तक किसी भी लोक सभा में एक दिन में शून्य काल के दौरान उठाए जाने वाले लोक महत्व के मामलों की रिकॉर्ड संख्या है। सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन कुल 566 मामले उठाए गए। सत्र के दौरान कुल 32 वक्तव्य दिए गए, जिनमें निदेश 73क के अधीन 23 वक्तव्य शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने बिरला ने सत्र के दौरान विभागों से सम्बद्ध स्थायी समितियों द्वारा 61 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए तथा सभा पटल पर 2518 पत्र रखे गए। 'मछुआरा समुदाय के समक्ष आ रही कठिनाइयों' पर नियम 197 के अधीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर 1 अप्रैल, 2025 को चर्चा की गई। गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों में 'देश में हवाई किराए को विनियमित करने के उचित उपायों' के संबंध में संसद सदस्य, शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत गैर-सरकारी सदस्य के संकल्प पर 28 मार्च, को सभा में चर्चा की गई, परंतु यह चर्चा पूरी नहीं हुई।

खाद्य पदार्थों के 3,48,024 नमूने लिए

# 44,520 सैंपल फेल, वसूला 107.35 करोड़ रुपए जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में खाद्य पदार्थों में कई तरह की कमियां देखने को मिल रही हैं। नमूनों के विश्लेषण में गैर अनुरूपता, असुरक्षित, घटिया क्वालिटी और लेबलिंग दोष आदि बातें सामने आई हैं। 2वर्ष में खाद्य पदार्थों के 3,48,024 नमूने लिए गए। जांच में से 78,434 नमूनों में गैर अनुरूपता यानी कमी मिली है। अपालन करने वाले नमूनों में असुरक्षित नमूनों की संख्या 13,361 रही है। निम्नस्तरीय नमूनों की संख्या 44,520 है। लेबलिंग दोष और भ्रामक/विविध नमूने 20,553 हैं।



दीवानी मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 58,050 है। 107.35 करोड़ जुर्माना लगा। आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 2,349 है। जुर्माना 5.42 करोड़ है। वर्ष 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया, जबकि 2023-24 में 1,70,513 नमूनों की जांच हुई थी।

*अमिताभ कांत ने कहा है कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों*

**'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में बोले अमिताभ कांत**

# भारतीय स्टार्टअप स्वदेशी एआई बनाने पर दें ध्यान, ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करें जो तेज, कम ऊर्जा वाले व लागत प्रभावी हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टार्टअप को एआई जैसी अपनी खुद की एडवांस टेक्नोलॉजी बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश को केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लागू करने से आगे बढ़ना होगा और ऐसे कम्प्लीट एआई सिस्टम बनाने चाहिए, जो पश्चिमी मॉडलों में पाए जाने वाली कमियों से मुक्त हों। भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने शुक्रवार को 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से भी बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों। अमिताभ कांत ने जोर देकर कहा कि भारत को पश्चिम या किसी अन्य देश का तकनीकी उपनिवेश नहीं बनना चाहिए। इसके बजाय, उसे ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो क्विक, एनर्जी-एफिशिएंट और लागत-प्रभावी हों।

**भारत की स्टार्टअप कहानी से नया भारत परिभाषित हो रहा, भारत तकनीकी उन्नति में अपनी संप्रभुता बनाए**




### भारत डीप टेक लीडर बने

कांत ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप को एआई, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, बिग डेटा, साइबरसिक्यूरिटी, स्पेस टेक और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों को एक्सप्लोर करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये क्षेत्र भविष्य के इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और भारत को डीप टेक में लीडर बनने में मदद करेंगे। भविष्य भारत के डीप टेक का चैंपियन बनने में निहित है।

### वर्तमान में 1,61,000 से अधिक स्टार्टअप

अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की स्टार्टअप कहानी उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है जो नए भारत को परिभाषित करती है। जब हमने 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की थी, तो हमारा लक्ष्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना था, जो इनोवेशन को बढ़ावा दे, वित्तीय सहायता प्रदान करे और युवा व्यवसायों का पोषण करे। केवल नौ वर्षों में, हमने स्टार्टअप गतिविधि में एक बड़ा बदलाव देखा है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 400 से बढ़कर 2025 में 1,61,000 से अधिक हो गई है। हमें इस गति को जारी रखना चाहिए। हमें अपने स्वयं के डेटा सेट के आधार पर संप्रभु फ्रंटियर मॉडल बनाना चाहिए, जिसमें पश्चिम देशों के निहित पूर्वाग्रह न हों।

## यूएन की रिपोर्ट में दावा- एआई क्षेत्र में निवेश के मामले में भारत दसवें स्थान पर

**न्यूयॉर्क।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भारत की ताकत लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2023 में एआई में निजी तौर पर निवेश करने के




मामले में भारत का 10वां स्थान है। वहीं भारत और चीन एकमात्र ऐसे विकासशील देश हैं, जिन्होंने एआई में निवेश किया है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2024 में फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के लिए तत्परता सूचकांक में शामिल 170 देशों में भारत 36वें स्थान पर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था।

**भारत तकनीकी तत्परता में बेहतर**

*रिपोर्ट के अनुसार एआई यह नए उद्योग भी बना सकता है और श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। एआई से रोजगार के अवसरों को खत्म करने के बजाय उन्हें बढ़ाने, रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और कार्यबल अनुकूलन में निवेश करने की जरूरत है।*

---

### खबर संक्षेप

**दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति योल पद से हटाए गए**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रपति यून सुक-योल के महाभियोग को मंजूरी दे दी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पद से हटा दिया गया है। यह



निर्णय दिसंबर में लगाए गए संक्षिप्त मार्शल लॉ के कारण लिया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मून ह्युंग-बे ने बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो रहा है, जिससे दक्षिण कोरिया को यून के उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करना आवश्यक हो गया है, जो संभवतः 3 जून को होगा।

**नेपाल में भूकंप, उत्तर भारत में भी लगे झटके**

**नई दिल्ली।** नेपाल की धरती शुक्रवार शाम को भूकंप के दो



झटकों से कांप गई। इसका असर उत्तर भारत में भी दिखा है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, दोनों झटके तीन मिनट के अंतराल पर आए। पहला झटका स्थानीय समयानुसार रात 8:07 बजे 5.2 तीव्रता का आया, जबकि दूसरा रात 8:10 बजे 5.5 तीव्रता का रहा।

बता दें कि, प्रारंभिक जानकारी के दौरान एनसीएस ने भूकंप का समय सात बजकर 52 मिनट और इसकी तीव्रता 5.0 बताई थी।

---

**बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए पीएम मोदी की पहल**

# 21 सूत्री कार्ययोजना का रखा प्रस्ताव, सदस्य देशों से किया 'यूपीआई' से जुड़ने का अनुरोध

*सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा दें, भारत में बिम्सटेक आपदा प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करें*

पीएम मोदी ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने संबंधों को गहरा करें। 21 सूत्री कार्य योजना आर्थिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा विकास को केंद्रित करती है, जो भारत की 'पड़ोसी प्रथम' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के अनुरूप है

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में भारत के यूपीआई को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच जुड़ाव को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करना शामिल है। छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने संबंधों को गहरा करें।



21 सूत्री कार्य योजना आर्थिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा विकास को केंद्रित करती है, जो भारत की 'पड़ोसी प्रथम' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के अनुरूप है। उन्होंने आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने और सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। वहीं डिजिटल परिवर्तन के लिए पीएम मोदी ने भारत की आईटी विशेषज्ञता का उपयोग करने का सुझाव दिया और भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को क्षेत्रीय भुगतान प्रणालियों से जोड़ने का प्रस्ताव दिया। इससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को सभी स्तरों पर लाभ होगा।




**सतत समुद्री केंद्र की स्थापना हो**

*पीएम ने कहा कि स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है। आज हुए समुद्री परिवहन समझौते से व्यापारिक नौवहन और माल परिवहन में सहयोग मजबूत होगा। साथ ही व्यापार में तेजी आएगी। पीएम मोदी ने भारत में एक सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा।*

**क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग मजबूत करें**

*पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षा सहयोग भी इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है जिसमें उन्होंने भारत में पहली बार बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने नैनो-सैटेलाइट लॉन्च करने, रिमोट सेंसिंग डेटा का उपयोग करने और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और भारत में बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव आयोजित करने का सुझाव दिया।*

**बिम्सटेक में भारत का दबदबा**

बिम्सटेक देशों में भारत का दबदबा कायम है क्योंकि इस समूह को पीएम मोदी की नीतियों और सोच ने बड़ा आकार दिया है। भारत ने बहुपक्षीय कार्य का व्यापक अनुभव रखने वाले राजनयिक इंद्र मणि पांडे को महासचिव नियुक्त किया है। भारत ने बिम्सटेक सचिवालय को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए हैं। इसके अलावा भारत के नेतृत्व में बिम्सटेक का एजेंडा कई गुना फैला है।

### हर साल 300 युवाओं को भारत में देंगे प्रशिक्षण

संबोधन की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले 28 मार्च को म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए भारत में बिम्सटेक आपदा प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और बाद में एक संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा ताकि आपदा तैयारी, राहत और पुनर्वास पर सहयोग किया जा सके। कार्ययोजना में मानव संसाधन के संगठित विकास के लिए बोधि या बिम्सटेक पहल भी शामिल है। इसके तहत हर साल बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने वन अनुसंधान संस्थान और नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां, युवा राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और टाटा मेमोरियल सेंटर के माध्यम से कैंसर देखभाल प्रशिक्षण की घोषणा की। ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए, बेंगलुरु में हाल ही में खोले गए बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र में युवा पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और क्षेत्रीय विद्युत ग्रिड कनेक्शन को मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बिम्सटेक में क्षमता निर्माण ढांचे का एक शानदार उदाहरण बनने की क्षमता है।

**म्यांमार के जनरल से मुलाकात**

## पीएम मोदी ने भूकंप से उबरने में हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



बिम्सटेक सम्मेलन से इतर शुक्रवार को पीएम मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेइंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि बैंकॉक में हो रहे बिम्सटेक सम्मेलन से इतर म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेइंग से मुलाकात की। एक बार फिर मैंने हालिया भूकंप में जान-माल की हानि के लिए संवेदना प्रकट की। भारत अपने भाई और बहनों की मदद के लिए इस मुश्किल समय में जो कर सकता है, वो हरसंभव मदद कर रहा है।

**भूटान पीएम ने भारत की तारीफों के बांधे पुल**

*पीएम नरेंद्र मोदी और भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे थाईलैंड में 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मिले। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे अच्छे मित्र पीएम तोबगे के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। भूटान के साथ भारत की दोस्ती बहुत मजबूत है। हम कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग कर रहे हैं। वहीं भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई और गुरु बताते हुए कहा कि भारत ने बहुत मदद की।*

**पीएम मोदी ने वाट फो मंदिर में पूजा-अर्चना की**



पीएम नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में वाट फो मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। थाई पीएम पैतोंगटार्न शिनवात्रा भी मौजूद रहीं। वाट फो मंदिर, जिसे 'लेटे हुए बुद्ध का मंदिर' भी कहा जाता है, जो बैंकॉक, थाईलैंड में एक प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर परिसर है। उन्होंने मंदिर के बौद्ध भिक्षुओं से भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। पीएम ने नेपाल के अपने समकक्ष केपी ओली से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

---

**ट्रंप के जवाबी टैक्स के ऐलान बाद ट्रेड वार की ज्वाला भड़की!**

## चीन का अमेरिका पर बड़ा प्रहार, 34% टैरिफ से किया पलटवार, कनाडा ने भी लगाया शुल्क

एजेंसी ▶▶ बीजिंग/ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए दुनिया के सबसे बड़े टैरिफ युद्ध में चीन ने वाशिंगटन को कड़ी टक्कर दी है। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है। चीन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह 10 अप्रैल से सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34% का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। यह कदम अमेरिका द्वारा लगाए गए समान टैरिफ के जवाब में उठाया गया है। कुछ दिन पहले, डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसमें चीन पर 34% टैरिफ शामिल था।



**अमेरिकी वाहनों पर लगाया 25% टैरिफ**

कनाडा ने अमेरिका में निर्मित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। पीएम मार्क कार्नी ने इस नए फैसले की घोषणा की, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस टैरिफ से मिलने वाला राजस्व कनाडा के ऑटोमोबाइल उद्योग और वहाँ के कामगारों के समर्थन में लगाया जाएगा। कनाडा द्वारा लगाया गया यह नया टैरिफ पूरी तरह से तैयार वाहनों पर लागू होगा।

**11 संस्थाओं को अविश्वसनीय सूची में डाला**

शुक्रवार को अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने के बाद, चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि कुछ वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लागू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा करना है, साथ ही परमाणु अप्रसार जैसे अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना है।

**जयपुर सिलसिलेवार बम धमाका मामला**

## अदालत ने 4 आरोपियों को दोषी माना, 8 अप्रैल को सुनाएंगे सजा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया। आठ अप्रैल को दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि जयपुर बम विस्फोट मामले की विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और



मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि तय करने के लिए आठ अप्रैल की तारीख तय की है।

**19 डेमोक्रेटिक राज्यों ने ट्रंप के चुनाव आदेश को दी चुनौती**

## संविधान के उल्लंघन का लगाया बड़ा आरोप अटॉर्नी जनरलों ने कहा- आदेश असंवैधानिक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ 19 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने गुरुवार को मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनावों में बदलाव लाने के प्रयास के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ दायर किया गया है।



**आदेश अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी**

मामले में राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने अदालत में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने इसे असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रंप का यह आदेश अमेरिकी चुनाव प्रणाली में सुरक्षा की आवश्यकता पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मामले में विफल रहा है।

**अवैध मतदान रूकेगा: ट्रंप**

*इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि उनका ये आदेश गैर-नागरिकों द्वारा अवैध मतदान को रोकने के लिए है, हालांकि विभिन्न अध्ययन और जांचें यह साबित करती हैं कि ऐसा बहुत कम होता है। इस आदेश को कुछ रिपब्लिकन राज्यों के चुनाव अधिकारियों ने सराहा है, जिन्होंने इसे मतदाता धोखाधड़ी को रोकने का एक तरीका बताया है। इसके साथ ही इस आदेश में यह भी कहा गया है कि चुनाव दिवस के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी मेल-इन या अनुपस्थित मतपत्र को बाहर किया जाए।*

---

**जगुआर प्लेन क्रैशः शहीद सिद्धार्थ यादव को दी भारी मन से अंतिम विदाई**

# रोते हुए मंगेतर बोलीं- 'बेबी, तू आया नहीं, तूने कहा था, तू आएगा'

एजेंसी ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा के रेवाड़ी के शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पैतृक गांव भालखी माजरा में उनके पिता सुशील यादव ने 28 साल के शहीद बेटे की चिता को मुखाग्नि दी।

शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके नए घर लाया गया जिसके बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम विदाई के दौरान भी एयरफोर्स की टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद सिद्धार्थ को श्रद्धांजलि दी। सिद्धार्थ की 10 दिन पहले ही सगाई हुई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने शहीद की मंगेतर सानिया भी पहुंची। इस दौरान वह पार्थिव देह को देख रोती रहीं। सिद्धार्थ की तस्वीर देख सानिया बोली, 'बेबी तू आया नहीं मुझे लेने। तूने कहा था तू आएगा।' सानिया पार्थिव शरीर को देखकर बार-बार रोते हुए कहती रहीं, 'प्लीज एक बार मुझे उनकी शक्ल दिखा दो।' सानिया ने कहा कि मुझे सिद्धार्थ पर गर्व है। सिद्धार्थ यादव और सानिया की शादी 2 नवंबर को होनी थी जिसके लिए घर में तैयारियां भी चल रहीं थीं।





फाइल फोटो

◆ एयरफोर्स टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद को श्रद्धांजलि दी

◆ सिद्धार्थ-सानिया की 10 दिन पहले हुई थी सगाई, 2 नवंबर को थी शादी

**लोगों को बचाने अंतिम समय इजेक्ट नहीं किया**

*सिद्धार्थ के पिता सुशील यादव बोले कि उनका सपना था कि बेटा चीफ ऑफ एयर स्टॉफ बनकर ही घर आए। हर एयरफोर्स अधिकारी के पिता का यही सपना होता है, उनका भी यही सपना था। सिद्धार्थ घर से गया तो शादी के बारे में ही बात हुई थी। 2 नवंबर की शादी की तारीख निश्चित हुई थी।*

**मुझे अपने बेटे पर गर्व हैः मां**

*शहीद की मां माता सुशीला यादव और बहन खुशी भी रोती रहीं। इस मौके मां सुशीला ने कहा कि मुझे अपने बेटे पर गर्व है। मैं देश की हर मां से कहना चाहती हूं कि वे अपने बेटों को देशसेवा के लिए सेना में भेजें। मुझे उसकी जननी होने पर गर्व है। वो देश के लिए डरा नहीं। मेरा पूरा परिवार सेना में था।*

**देश के लिए बलिदान दिया**

*विंग कमांडर सचिन चंद्र निकाह ने कहा कि मुझे पायलट से विशेष लगाव है। मेरा बेटा भी पायलट है। सिद्धार्थ यादव एक होनहार और जांबाज पायलट थे। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। गुजरात के जामनगर में 2 अप्रैल को हुए जगुआर क्रैश में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ शहीद हुए थे।*

**अमेरिका के मध्य-पश्चिम व दक्षिण में तूफान**

## बवंडर से छतें उड़ीं, बिजली गुल 6 की मौत, बारिश की आशंका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिमी क्षेत्र में भीषण तूफान-बवंडर आए हैं। बवंडर में छह लोगों की मौत हो गई और बिजली के तार व पेड़ गिर गए। इसके अलावा कई घरों की छतों के उड़ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में दर्जनों बवंडर और भयंकर तूफान आए। मौसम सेवा की एक मौसम विज्ञानी चेली अमीन ने कहा कि बुधवार शाम को अर्कांसस के बेलीथविले के आसपास बवंडर



आया, जिसमें कम से कम 25,000 फीट (7.6 किलोमीटर) की ऊंचाई तक मलबा फैल गया। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में घातक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है। अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश की आशंका है। गर्मी के साथ अस्थिर वातावरण, तेज हवा के झोंके मौसम बिगाड़ेंगे।



# वर्ल्ड कप : हितेश वर्ल्ड चैंपियन बनने से एक जीत दूर, तीन अन्य को कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्राजील में हो रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 के फाइनल में पहुंचकर भारत के बॉक्सर हितेश ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। वह वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का खिताबी मुकाबला खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। उनके अलावा भारत के 3 अन्य मुक्केबाज जदुमनी सिंह, सचिन और विशाल को सेमीफाइनल में हार मिली।

तीनों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हितेश ने 70 किलोग्राम कैटेगरी फ्रांस के मकान त्राओरे को 5-0 से हराया। सभी पांच जजों ने हितेश के पक्ष में फैसला सुनाया और एक अंक की कटौती के बावजूद भारतीय खिलाड़ी को कोई नुकसान नहीं हुआ।



### कामारा से होगा खिताबी मुकाबला

भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्राओरे के खिलाफ शुरू में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले के मौके की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले पर पकड़ बनाने में मदद की। उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली। ब्राजील के फोज डू इगुआकू में होने वाले इस मुकाबले में अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। खिताबी मुकाबले में उनका सामना इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा। इससे पहले हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनटानी को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### जदुमनी, सचिन और विशाल को कांस्य से करना पड़ा संतोष

सेमीफाइनल के अन्य मुकाबलों की बात करें तो 60 किलोग्राम कैटेगरी में जदुमनी सिंह को उजबेकिस्तान के ए जलिलोव ने 2-3 से हराया। वह ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे। शुरुआती दौर में बाई मिलने के कारण सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) सीधे सेमीफाइनल में उतरे। सचिन को पोलैंड के पवेल ब्राच से हार का सामना करना पड़ा। विशाल को उजबेकिस्तान के टी. खबीबुल्लाएव ने 0-5 से हराया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 5 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |


ऑरेंज कैप | पर्पल कैप




निकोलस पूरन 189 रन लखनऊ

नूर अहमद 09 विकेट चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### नूर सभी से सीखने की कोशिश कर रहाः यादव

**चेन्नई।** दुनिया के शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने युवा अफगान गेंदबाज नूर अहमद की तारीफ करते हुए कहा कि बल्लेबाजों के लिए उनकी तेज गति वाली गुगली को समझना काफी मुश्किल है। कुलदीप और नूर अपनी-अपनी टीम के लिए अच्छी फॉर्म में हैं और शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में काफी कुछ इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा। जहां कुलदीप ने तीन मैच में छह से कम की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं, वहीं नूर इस दौरान नौ विकेट झटके है।

#### प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते



हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया। जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे। प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी ने दसवें होल में बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर बैक नाइन पर शेष आठ होल पर पांच बर्डी के साथ अच्छी वापसी की।

#### ई स्पोर्ट्स प्रदर्शनी खेल के रूप में होगा शुरू

**नई दिल्ली।** ई स्पोर्ट्स बिहार में चार से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेल में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरुआत करेगा। केआईवाईजी 2025 इस टूर्नामेंट का सातवां चरण है जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहर (पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय) करेंगे। इस दौरान निशानेबाजी, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग की ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन नई दिल्ली में होगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का आयोजन बिहार में होगा, जहां ईस्पोर्ट्स एक प्रदर्शनी खेल के रूप में अपनी शुरुआत करेगा।'

## आईपीएल : लखनऊ के लिए मार्श-मार्करम ने जमाए अर्धशतक

# लखनऊ का जीत का 'छक्का', मुंबई को 12 से दी मात, पंड्या का रिकॉर्ड

**प्लेयर ऑफ द मैच**
दिग्वेश राठी ने चार ओवर में 21 रन देकर की शानदार गेंदबाजी, झटके एक विकेट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल खेलते हुए ज्यादा साल नहीं हुए हैं, लेकिन टीम पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए काल की तरह है। एक बार फिर ये साबित हुआ है। लखनऊ ने आईपीएल-2025 में शुक्रवार को अपने घर इकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया। 2022 में आईपीएल डेब्यू करने वाली लखनऊ की मुंबई पर ये छठी जीत है। सिर्फ एक बार मुंबई ने लखनऊ को हराया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने मिचेल मार्श के 60 और एडेन मार्करम के 53 रनों के दम पर 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 203 रन बनाए। मुंबई की टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन पूरे ओवर खेलने के बाद पांच विकेट 192 रन ही बना सकी। उसके लिए सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। ये सूर्यकुमार का मुंबई के लिए 100वां आईपीएल मैच था। सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर 67 रन बनाए जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल रहा, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।



### पंत लगातार चौथे मैच में फ्लाप

आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी और एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा। वह हार्दिक पांड्या की गेंद पर अजीबो-गरीब शॉट खेलकर कैच आउट हुए। मौजूद सीजन के लगातार चौथे मुकाबले में पंत का बल्ला खामोश रहा। पंत का पिछली चार पारियों में दो, 15, शून्य और दो स्कोर है। निश्चित तौर पर कप्तान निराशाजनक प्रदर्शन टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा रहा है।



### 5 विकेट लेने वाले पहले कप्तान

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने लखनऊ के खिलाफ वो कर दिखाया है जो 18 साल के इतिहास में आज से पहले नहीं हुआ था। पांड्या ने बेहतरीन गेंदबाजी की और पांच विकेट लिए। इसी के साथ वह लीग के इतिहास में यह काम करने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। पांड्या ने इस मैच में चार ओवरों में 36 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने निकोलस पूरन, ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आकाशदीप के विकेट लिए।

### चोटिल रोहित मैच से बाहर

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बताया कि नेट सत्र के दौरान उनके घुटने में चोट लगने के कारण दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए। भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित इस आईपीएल सत्र में अब तक संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले गए तीन मैचों में शून्य, आठ और 13 रन बनाए हैं। इस बीच, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुंबई इंडियंस के लिए अपने 100वें मैच के लिए एक विशेष जर्सी मिली।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपरजायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का एवं बो पुथुर | 60 | 31 | 9 | 2 |
| मारक्रम का बावा बो हार्दिक | 53 | 38 | 2 | 4 |
| पूरन का चाहर बो हार्दिक | 12 | 06 | 1 | 1 |
| पंत का स्था बोश बो हार्दिक | 02 | 06 | 0 | 0 |
| बडोनी का रिकेलटन बो अश्वनी | 30 | 19 | 4 | 0 |
| मिलर का नमन बो हार्दिक | 27 | 14 | 3 | 1 |
| समद का नमन बो बोल्ट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |
| आकाश का सेंटनर बो हार्दिक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 203/8
गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-28-1, चाहर 2-0-23-0, अश्वनी 3-0-39-1, सेंटनर 4-0-46-0, पुथुर 4-0-31-1, हार्दिक 4-0-36-5.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक्स का बिश्नोई बो आकाश | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रयान का बिश्नोई बो शारदुल | 10 | 05 | 2 | 0 |
| नमन धीर बो राठी | 46 | 24 | 4 | 3 |
| सूर्यकुमार का समद बो आवेश | 67 | 43 | 9 | 1 |
| तिलक वर्मा रिटायर आउट | 25 | 23 | 2 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 28 | 16 | 2 | 1 |
| मिचेल सेंटनर नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 191/5
गेंदबाजी : शारदुल 4-0-40-1, आकाश 4-0-46-1, आवेश 4-0-40-1, राठी 4-0-21-1, बिश्नोई 4-0-40-0.

खास खबर

## महंगा खिलाड़ी का मतलब सभी मैचों में बड़ा स्कोर बनाना नहीं



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर का मानना है कि उन्हें 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें प्रत्येक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा। केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद पर 60 रन की पारी खेल कर अपनी टीम की 80 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेंकटेश ने मैच के बाद कहा, 'मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं। लेकिन सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे। यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं। इसको लेकर दबाव नहीं है कि मुझे कितनी धनराशि मिल रही है या मैं कितने रन बना रहा हूं। मुझ पर इस तरह का दबाव कभी नहीं रहा।'

### कप्तानी छोड़ने के बाद हल्का महसूस कर रहा हूं : बटलर



**मुंबई।** इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं तथा आईपीएल में अपनी नई मानसिकता के साथ स्वच्छंद होकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन मैच में 166 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

### चोटिल स्टोन का भारत के खिलाफ खेलना मुश्किल



**लंदन।** भारत के खिलाफ इस साल 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन चोटिल होने के कारण बाहर होने के कगार पर है। इस 31 साल के गेंदबाज को यह चोट उनकी काउंटी टीम नॉटिंघमशर काउंटी के घरेलू सत्र शुरू होने से पहले अबुधाबी में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान लगी। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा चार अगस्त तक चलेगा। स्टोन ने अब तक पांच टेस्ट मैचों में 17 विकेट लिए है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2024 में अगस्त-सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

### 'हर्बल सप्लीमेंट' के सेवन पर सजग रहें खिलाड़ी

**पटियाला।** शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने यहां नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में हाल में संपन्न एक सम्मेलन में खिलाड़ियों को 'हर्बल सप्लीमेंट' के सेवन में लापरवाही बरतने के प्रति चेतावनी दी।
दो दिन के सेमीनार में 'हार्मोनाइजिंग मूवमेंट : शानदार प्रदर्शन के लिए योग को खेल विज्ञान के साथ एकीकृत करने' के बारे में खेल विज्ञान के कई विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण के हाई परफोरमेंस निदेशक (एथलेटिक्स) वजीर सिंह फोगाट ने बताया कि एथलीट अकसर ताकत, सहनशक्ति, प्रतिरक्षा और उबरने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए 'हर्बल सप्लीमेंट' का सहारा लेते हैं।

एथलेटिक्स

## नीरज मई में वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में लेंगे हिस्सा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा।

खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने 'कॉन्टिनेंटल टूर' के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था। इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी।

इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में वार्षिक टूर्नामेंट बनाना चाहते हैं।

### देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार


एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार आएगा। सागू ने कहा, 'यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। वह इस टूर्नामेंट को अपने गृह राज्य में करवाना चाहते होंगे। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।' हरियाणा के पानीपत के करीब खांद्रा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने 2012 से 2015 तक पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में ट्रेनिंग ली थी।

## गोयनका ने की पंत की तारीफ कहा- 27 क्या 28 करोड़ भी दे देते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक 3 मैच खेले हैं जिसमें उन्हें एक मैच में जीत मिली है, लेकिन दो मैच इस टीम ने गंवाए हैं। लखनऊ ने अपना तीसरा लीग मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला था जिसमें उसे 8 विकेट से हार मिली थी और इसके बाद संजीव गोयनका और पंत की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी।

इस तस्वीर के सामने आने के बाद मीडिया में ऐसी खबरें आई की संजीव शायद पंत के साथ भी वैसा है व्यवहार कर रहे हैं जैसी उन्होंने केएल राहुल के साथ किया था। अब संजीव गोयनका



का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है जो उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर दिया है। उनसे साथ उस इंटरव्यू में ऋषभ पंत भी बैठे हैं और इस दौरान संजीव ने पंत की जमकर तारीफ की। गोयनका ने कहा कि जब हमें पता चला कि पंत को दिल्ली ने रिटेन नहीं किया है तो हमने उनके इर्द-गिर्द टीम बनाने की योजना बनाई। हमें उन्हें खरीदने के लिए 27 करोड़ खर्च किए, लेकिन अगर वो 28 भी होता तो ये सिर्फ एक नंबर ही होता।

## फिर फंसे रोहित शर्मा, कहा- 'जब करना था मैंने किया...', जहीर के साथ बातचीत लीक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच से पहले रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिससे वो एक बार फिर फंसते नजर आ रह हैं। वीडियो में रोहित और जहीर खान बात कर रहे हैं। इसके बाद फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि मुंबई इंडियंस के खेमे में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बता दें कि जहीर खान पहले मुंबई इंडियंस के कोच थे।

दरअसल, वायरल वीडियो में रोहित शर्मा को जहीर खान से बातचीत करते हुए देखा जा रहा हैं। इस दौरान रोहित कह रहे हैं कि जब करना था मैंने किया बराबर से, अब मेरे को कुछ करने की जरूरत नहीं हैं। सोशल



मीडिया में इस लीक बातचीत के बाद मुंबई इंडियंस के फैंस डरे हुए हैं। यह वीडियो पिछले साल जैसा ही है जब हार्दिक के कप्तान बनने के बाद ईडन गार्डन्स के मैदान पर रोहित केकेआर के बैटिंग कोच अभिषेक नायर से बात करते नजर आए थे। उस वीडियो से भी खूब बवाल मचा था।

### जोकोविच, सिनर, सबालेंका सहित 20 खिलाड़ियों ने लिखा पत्र

# ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ उन 20 प्रमुख टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने चारो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रभावित करने वाले फैसलों में उनकी बात को अधिक तवज्जो देने की मांग की है। इन खिलाड़ियों ने इस संबंध में चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के प्रमुखों को पत्र लिखा है।यह पत्र 21 मार्च को लिखा गया था जिसकी एक प्रति एजेंसी के पास है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के प्रमुख क्रेग




टिली, फ्रेंच ओपन के स्टीफन मोरेल, विंबलडन के सैली बोल्टन और अमेरिकी ओपन के ल्यू शेर को संबोधित इस पत्र में इस महीने होने वाले मैड्रिड ओपन के दौरान खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और चारों ग्रैंड स्लैम के प्रमुखों के बीच बैठक करने का अनुरोध किया गया है। इस पत्र में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं जबकि महिला वर्ग में चोटी की 11 खिलाड़ियों में से केवल ऐलेना रयबाकिना के इस पर हस्ताक्षर नहीं हैं। अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन की कुल पुरस्कार राशि लगभग 58 मिलियन डॉलर जबकि विंबलडन की लगभग 64 मिलियन और अमेरिकी ओपन की लगभग 75 मिलियन डॉलर है।

### इटली में खेला जाएगा होपमैन कप

*बारी। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है।*

## खेल पुरस्कार विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दी बधाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार-2023 के अंतर्गत विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल हस्तियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुरस्कारों के माध्यम से उन व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और अनुशासन से न केवल प्रदेश का नाम रोशन किया है, बल्कि भारतवर्ष की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि की है। डॉ. यादव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की उत्कृष्ट उपलब्धियां हम सबके लिए गर्व का विषय हैं। यह सम्मान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के कठिन परिश्रम, साधना और समर्पण का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर सभी अवार्डियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी प्रकार अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते रहें, नई ऊंचाइयों को छुएं। नई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

# मयंक अकादमी ने एनसीसीसी को हराकर किया खिताब पर कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला मयंक अकादमी ने एनसीसीसी को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। शुक्रवार को खेले गए मैच में एनसीसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर करते हुए 32.5 ओवर मे 81 रन बनाए।

इनमें आरव ने 23 और एकांश यादव ने 17 रन की पारी खेली। एनसीसीसी का बाक़ी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नही कर सका। मयंक के गेंदबाज नैतिक जैन 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि निश्चय सिकरवार ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं अक्षत सिंह ने 3 रन देकर 2 विकेट और वंश ने 6 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 16.1 ओवर मे 2 विकेट पर 82 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जिसमें अक्षत सिंह ने 36 और ऋषभ पांडे ने नाबाद 34 रन बनाए। नैतिक जैन 7 रन बनाकर नाबाद रहे। एनसीसीसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सोम दुबे और पृथ्वीराज ने 1-1 विकेट लिया। नैतिक जैन को मैन ऑफ द फ़ाइनल का पुरस्कार दिया गया।



**यह रहे सर्वश्रेष्ठ**

- ▶▶ *मैन ऑफ़ द सीरीज :* होमी सोलंकी (अरेरा अकादमी)
- ▶▶ *बेस्ट बैट्समैन :* पृथ्वीराज (एनसीसीसी)
- ▶▶ *बेस्ट बॉलर :* नैतिक जैन(एमसीसीए) *बेस्ट फील्डर :* शिवांश (एमसीसीए)
- ▶▶ *बेस्ट विकेट कीपर :* मानव कापसे (एनसीसीसी)

### पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह ने वितरित किए पुरस्कार

आज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण करते हुए पूर्व विधायक मध्य और बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने कहा कि हम आने वाले समय में सभी खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे और साथ ही आयोजकों को जो भी मदद की आवश्यकता होगी, हम मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। वहीं उन्होंने नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों को संबोधित करते उन्होंने कहा कि आप भोपाल का ही नही बल्कि मध्य प्रदेश और आने वाले समय में देश का भी प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। आप मेहनत कीजिए, हम आपके साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है। समापन के अवसर पर बीडीसीए के अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, सचिव शांति जैन, कोषाध्यक्ष सीएस धाकड़, सचिन दास बब्बा, आयोजन सचिव वीरेंद्र वेद, अर्जुन ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्कर्ष नायक, हेमंत जोगी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### एलएनसीटी में राज्य स्तरीय रग्बी 7 का शुभारंभ



# देवास, रायसेन, सीहोर, शाजापुर पहुंची जूनियर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में दूधिया रोशनी में आयोजित की जा रही 6वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7 (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. अनुपम चौकसे चेयरमैन रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, ने सभी जिलो से आए प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस अवसर पर उन्होंने मप्र में रग्बी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी जिलों के महिला टीम कैप्टन को प्रोत्साहन स्वरूप रग्बी बॉल प्रदान की। इस दौरान पंकज जैन कोषाध्यक्ष, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, संदीप जाधव टेक्निकल डायरेक्टर उपस्थित रहे।

**जूनियर बालिका वर्ग के परिणाम**

जूनियर बालिका वर्ग में देवास ने जबलपुर को 20-00 से, शाजापुर ने रतलाम को 5-0 से, सीहोर ने नर्मदापुरम को 5-0 से, रायसेन ने बैतूल को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

**जूनियर बालक वर्ग के परिणाम**

*जूनियर बालक वर्ग में देवास ने मंदसौर को 25-00 से, शाजापुर ने जबलपुर को 20-00 से, रायसेन ने रतलाम को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।*

**सीनियर महिला वर्ग के नतीजे**

सीनियर महिला वर्ग में नर्मदापुरम ने शाजापुर को एकतरफा मुकाबले में 15-00 से, बैतूल ने देवास को 15-00 से, भोपाल ने बुरहानपुर को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

**सीनियर पुरुष वर्ग का रिजल्ट**

सीनियर पुरुष वर्ग में देवास ने नर्मदापुरम को 30-00 से, भोपाल ने इंदौर को 15-00 से, खरगोन ने मंदसौर को 15-00 से हराकर प्रतियोगिता में अगले दौर में प्रवेश किया।

### शानदार गेंदबाजी के लिए दर्श बने मैन ऑफ द मैच

# गर्वित क्रिकेट अकादमी ने एसजीसीए को हराया, सेमीफाइनल में पहुंची




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में गौतम नगर में आयोजित तृतीय विधायक कप में शुक्रवार को रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी और एसजीसीए के बीच मैच खेला गया। एसजीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 131 रनों पर ऑल आउट हो गई, जिसमें सृष्टि ने 18 और इवान ने 18 रन बनाए। वहीं दर्श ने 3 और सक्षम और विराट ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इनमें यथार्थ ने 34 और राजवीर ने 15 रन बनाए। रेलवे गर्वित ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दर्श को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें समाज सेविका प्रीतिमा तोमर और एसजीसीए के कोच मोरे ने पुरस्कृत किया।

### शाम 6 बजे से ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में शुरू होगा सीपीएल

टूर्नामेंट में पहला मैच शाम को 6 बजे से

# आज शाम से चार दिन तक केमिस्ट लगाएंगे चौके-छक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट (सीपीएल) कल शनिवार से ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में शुरू हो जाएगा। शहर और आसपास के जिलों के केमिस्ट चार दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे।

इस टूर्नामेंट में रोजाना चार मुकाबले होंगे जो 10-10 ओवर के फॉर्मेट में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पहला मैच शाम को 6 बजे से, दूसरा 7.30 बजे से, तीसरा मैच रात 9 बजे और चौथा मैच रात 10.30 बजे से खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है, एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि धाकड़ ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 12 टीमों को ग्रुप ए, बी, सी और डी में विभाजित किया गया है। वहीं सेमी फाइनल मुकाबले 8 अप्रैल को शाम में खेले जाएंगे। इनमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला शाम 5.30 बजे तो दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शाम 7 बजे से खेला जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से फाइनल मुकाबला होगा। वहीं उन्होंने बताया कि विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

## भोपाल

प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा

# जल गंगा संवर्धन अभियान: प्रदेश के सभी जिलों में अपार जन सहयोग से हो रहे हैं जल संरक्षण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की राज्य स्तरीय शुरुआत की गई है। जन सहयोग के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

रीवा जिले के इटौरा ग्राम की भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन के उद्देश्य से जल संवाद आयोजित किया गया। संवाद में जल संरक्षण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। मंदसौर जिले में तालाबों, नदी और पुरानी बावड़ी को चिन्हित किया गया है। जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को पानी चौपाल में जल के महत्व और दिन पर दिन बढ़ते जल संकट के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों को सघन पौधरोपण के लिए अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्राम राज्या में तालाब की सफाई और गहरीकरण के लिए ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

### जल यात्रा निकालकर दिया महिलाओं ने जल संरक्षण का संदेश



छिंदवाड़ा जिले में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान में नवदुर्गा महिला मंडल की ओर से जल कलश यात्रा निकाली गई। जल यात्रा में महिलाओं ने पानी के महत्व से जुड़े नारे लगाए और जल संरक्षण की शपथ ली। जिले के परासिया विकासखंड के पर्यटन स्थल देवरानी दाई की घटामाली नदी में श्रमदान कर कचरा एवं पॉलीथिन की सफाई की गई। महिलाओं ने सार्वजनिक मंदिर प्रांगण को भी साफ किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्मस्थली डुगरिया तितरा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिले में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए दीवार लेखन का कार्य भी पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

### बोरी बांध निर्माण में सामूहिक श्रमदान किया गया

धार जिले के विकासखंड मनावर के ग्राम देवरा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक श्रमदान किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर 60 बोरियों का बोरी बांध बनाया। ग्राम देवरा के स्कूल फलिये के पास बहते पानी को रोकने के लिए 25 से अधिक ग्रामीणों ने श्रमदान किया। श्रमदान में नवांकुर संस्था के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

### अमरावती नदी को संवारने के प्रयास जारी

बुरहानपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं बारिश के पानी को सहेजने के लिए चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटे-छोटे प्रयासों से कार्यों को गति दी जा रही है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के संचालन के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। शहर की अमरावती नदी पर जन भागीदारी से सफाई का कार्य शुरू हुआ।

### आदर्श ग्राम खजुरिया बीना में जल चौपाल

*देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जागरुकता के कार्यक्रम गांव-गांव में किए जा रहे है। मप्र जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था ने खजुरिया बीना में जल चौपाल ग्रामीणों की उपस्थिति में लगाई। ग्रामीणों को जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने खेतों में पहुंचकर स्वयं के खर्चे पर बनाए गए तालाबों का अवलोकन किया। ग्रामीणों को व्यापक पौधरोपण की अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्रामीणों ने गांव में पानी की बर्बादी पर पूरी तरह से रोक लगाने की शपथ ली।*

पुलिसकर्मियों में भाईचारे और समन्वय की भावना विकसित करने में सहायक हैं खेलकूद-सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम: डीजीपी

# ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मियों एवं परिवारजनों ने किया सहभोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की 7वीं वाहिनी (विशेष सशस्त्र बल) के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 4 अप्रैल तक वाहिनी में खेलकूद, मोटिवेशन सेमिनार, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को डीजीपी कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि आयोजित गतिविधियों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों के लिए 'बड़ा खाना' का आयोजन किया गया। जिसमें ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मियों एवं परिवारजनों ने सहभोज किय। इस अवसर पर एडीजी चंचल शेखर, एडीजी अनिल कुमार, आईजी अभय सिंह, आईजी इरशाद वली, डीआईजी मोहम्मद युसुफ कुरैशी, डीआईजी डी कल्याण चक्रवर्ती, कमांडेट कुमार प्रतीक, प्रशिक्षु आईपीएस मनस्वी शर्मा आदि मौजूद रहे।



### डीजीपी मकवाणा ने इन्हें किया सम्मानित

डीजीपी मकवाणा ने वर्ष 2024-25 में आईआईटी में चयन होने पर लवकेश गुर्जर पिता निरीक्षक रुस्तम सिंह गुर्जर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (मुक्केबाज) कुमारी माही लामा पिता अमरनाथ लामा तथा क्लैट 2025 में ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस में 88वीं रेंक प्राप्त कुमारी दिव्यानी परमार पिता आरक्षक (आर्म्स) गणेश परमार को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में 7वीं वाहिनी के कमांडेट हितेश चौधरी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मिल्क मोहल्ला की घटना

# शराब पीते समय दो दोस्तों में विवाद, चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मिल्क मोहल्ला में गुरुवार रात शराब पीते समय दो दोस्तों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों में लात मुक्कों से मारपीट हुई और विवाद खत्म हो गया। कुछ देर बाद आरोपी युवक घर से चाकू लेकर पहुंचा और दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मिल्क मोहल्ला बैरसिया निवासी गजराज मोंगिया (24) मजदूरी करता है। इसी इलाके में रहने वाला सम्मू खां रहता है और वह भी मजदूरी करता है। दोनों आपस में दोस्त हैं और गुरुवार रात साथ में शराब पी रहे थे। शराब पीते समय गजराज ने सम्मू खां को कहा कि तुमने मेरा मोबाइल चुराया है। सम्मू ने उसका विरोध किया तो दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गजराज और सम्मू के बीच मारपीट हो गई।

**घर से लाया चाकू, किया हमला**

कुछ देर चली मारपीट के बाद सम्मू अपने घर चला गया। गजराज को लगा कि अब विवाद शांत हो गया है, लेकिन कुछ ही देर बाद सम्मू घर से चाकू ले आया और गजराज पर हमला कर दिया। चाकू लगने से गजराज को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गजराज की शिकायत पर आरोपी सम्मू पर हत्या के प्रयास और एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है सम्मू ने गजराज को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया था।

### एबीवीपी के प्रदर्शन में टूटा गेट, एनएसयूआई आई मरम्मत के लिए आगे

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु को पत्र लिखकर कुलगुरु कार्यालय के क्षतिग्रस्त गेट की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की पेशकश की है।

■ आर्थिक सहायता के लिए की पेशकश

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 2 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदर्शन के दौरान कुलगुरु कार्यालय के गेट टूट गया था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही गेट की मरम्मत करवाई। परमार ने कहा कि हमारा मानना है कि विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई छात्रों की फीस से जमा किए गए पैसों से नहीं होनी चाहिए। इसी कारण संगठन ने अपनी ओर से गेट की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता देने की इच्छा जताई है।

### भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी पर लगाया आम आदमी पार्टी ने आरोप

उपाध्याय के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार

# भाजपा सोमनाथ भारती पर मानहानि का मुकदमा करेगी



- ▶▶ दिल्ली के पूर्व मंत्री भारती ने की डीजीपी से शिकायत
- ▶▶ भाजपा ने कहा- भारती का खुद ही आपराधिक रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती ने भोपाल में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना से मुलाकात कर भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के खिलाफ आदिवासी महिला के साथ यौन शोषण के आरोप में कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह आदिवासी महिला भाजपा से जुड़ी रही है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी नेता सोमनाथ भारती पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता भारती की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश उपाध्याय के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार, मनगढ़ंत और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं। यह एक स्पष्ट रूप से सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसका मकसद एक बेदाग छवि वाले जननेता की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना है। मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ भारती का आपराधिक रिकॉर्ड किसी से छिपा नहीं है। वह अतीत में कई बार गिरफ्तार हो जेल भी जा चुके हैं। सोमनाथ भारती के ऊपर घरेलू हिंसा, सार्वजनिक अशांति फैलाने, न्यायालय की अवमानना और महिला विरोधी आचरण जैसे कई संगीन आरोप लगे हैं। दस्तावेज़ों की जालसाजी और आपराधिक साजिशों में माहिर सोमनाथ भारती का पूरा राजनीतिक आचरण ही अविश्वसनीयता और अराजकता का प्रतीक बन चुका है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी ऐसे लोगों को संरक्षण देती रही है। अग्रवाल ने कहा कि इस बार सोमनाथ भारती को उनके षड्यंत्र एवं चरित्र हनन के कुत्सित प्रयास के अपराध के लिए मानहानि का मुकदमा दायर कर कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाएगा। यह मामला सिर्फ एक नेता का नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में सच्चाई और शुचिता की रक्षा का है। अब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की यह रणनीति नहीं चलेगी-पहले झूठ बोलो, जब पकड़े जाओ तो माफी मांग लो। इस बार कानून अपना काम करेगा और जनता सच्चाई देखेगी।

# शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के भत्तों और अनुग्रह राशि के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ता, यात्रा भत्ता, शासकीय चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों को देय अव्यवसायिक भत्ता पुनरीक्षण, स्थायी यात्रा भत्ता, उच्च पद का अतिरिक्त कार्य करने पर दोहरा कार्य भत्ता का पुनरीक्षण और शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि (अनुदान) का पुनरीक्षण के आदेश वित्त विभाग की ओर से जारी कर दिए गए हैं।

# ट्रामा केयर की बारीकियां सीखेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एम्स में दो दिवसीय एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) कोर्स शुरू किया गया है। जिसका मकसद चिकित्सकों ने ट्रामा केयर की बारीकियां सिखाना है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉक्टरों को ट्रॉमा के रोगियों को प्रभावी आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। आजकल सडक दुर्घटनाओं और ट्रॉमा के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

यदि समय रहते प्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा इलाज किया जाए, तो मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस कोर्स में डॉक्टरों को ट्रॉमा प्रबंधन के मूल सिद्धांतों, आपातकालीन देखभाल और उन्नत जीवन समर्थन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों में अपने कौशल का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930